






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 14 । अंकः 342
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews  janexpresslive  janexpresslive  www.janexpresslive.com/epaper

बुधवार । 27 सितंबर, 2023


## पीएम ने रोजगार मेले में 51 हजार जॉइनिंग लेटर बांटेः कहा, 9 साल में इनोवेटिव तरीके से बदलाव हुए तकनीक से भ्रष्टाचार घटा, सुविधा बढ़ी

# सरकार की नीति, महिलाओं के लिए नए दरवाजे खोलने कीः प्रधानमंत्री

### पीएम मोदी ने सभी नए कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र मिलने पर बधाई दी

जन एक्सप्रेस । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को 9वें रोजगार मेले के तहत 51 हजार युवाओं को जॉइनिंग लेटर दिया। ये युवा पिछले कुछ दिनों में केंद्र सरकार के अलग-अलग विभागों में भर्ती हुए हैं। इस मौके पर पीएम ने कहा कि पिछले नौ साल में इनोवेटिव तरीके से बड़े बदलाव हुए हैं। तकनीक का इस्तेमाल बढ़ने से भ्रष्टाचार घटा है और सुविधाएं बढ़ी हैं। ये रोजगार मेला देशभर में 46 स्थानों पर आयोजित किया गया। पीएम मोदी दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां से उन्होंने 45 जगहों पर मौजूद युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जॉइनिंग लेटर सौंपा।

#### 20 से अधिक राज्यों में 7वां रोजगार मेला हुआ था

इससे पहले 22 जुलाई को सातवें रोजगार मेले का आयोजन किया था। तब पीएम मोदी ने 70 हजार से ज्यादा युवाओं को जॉइनिंग लेटर सौंपे थे। देश में 20 से भी ज्यादा राज्यों में 44 जगहों पर इसका आयोजन किया गया था। पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़े थे। उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बिना उनकी सरकार के दौरान हुए फोन बैंकिंग घोटाले का जिक्र किया।

**10 महीने में 5 लाख लोगों को जॉइनिंग लेटर मिलेः** 22 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। तब पीएम ने कहा था- हमारा लक्ष्य देश के युवाओं को 2023 के अंत तक 10 लाख सरकारी नौकरियां देना है। पीएम ने पिछले 10 महीनों में 8 रोजगार मेलों में करीब 5 लाख युवाओं को जॉइनिंग लेटर दिए हैं।




#### पीएम की स्पीच की प्रमुख बातें...

1 **नई संसद में देश का नया भविष्य शुरू हुआः** कई महिलाओं को भी आज अपॉइंटमेंट लेटर मिला है। भारत की बेटियां अंतरिक्ष से खेलों तक अनेक कीर्तिमान बना रही हैं। कुछ दिन पहले ही देश की आधी से ज्यादा आबादी को नारी शक्ति वंदन एक्ट के जरिए बड़ी ताकत मिली है। 30 साल से पेंडिंग इस बिल को नई संसद के पहले सत्र में ही दोनों सदनों से पारित कराया गया। एक तरीके से नई संसद में देश का नया भविष्य शुरू हुआ है।

2 **नई जेनरेशन अपने काम में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाएः** देश ने तय किया है कि 2047 तक विकसित बनना है। अगले कुछ साल में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने वाले हैं। आप वो जेनरेशन हैं जो तकनीक के साथ बड़ी हुई है। आपको अपने काम में उस तकनीक का इस्तेमाल करना होगा।

3 **तकनीकी बदलावों से आसान हुए सरकारी कामः** तकनीकी बदलावों ने सरकारी काम को आसान बनाया है। पहले लोग रेलवे स्टेशन के बुकिंग काउंटर पर कतारों में खड़े होते थे। तकनीक ने इस समस्या को हल कर दिया है। आधार कार्ड, डिजिटल लॉकर्स और ई-केवाईसी ने डॉक्युमेंट्स को स्टोर करना आसान बना दिया है।

4 **इंफ्रास्ट्रक्चर में जो इन्वेस्टमेंट आज हो रहा है, पहले कभी नहीं हुआः** तकनीक के विस्तार से भ्रष्टाचार कम हुआ है और भरोसा बढ़ा है। आज देश की जीडीपी मुश्किलों में भी तेजी से बढ़ रही है। हमारे उत्पादन और एक्सपोर्ट में जोरदार इजाफा हुआ है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर में देश जो इन्वेस्टमेंट कर रहा है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ।

5 **युवाओं के नौकरी जॉइन करने से नीतियां लागू करने की गति बढ़ेगीः** पिछले नौ साल में हमारी योजनाओं ने बड़े लक्ष्यों की राह खोली है। इस दौरान सरकार ने मिशन मोड में नीतियां लागू की हैं। जब आप जैसे लाखों युवा सरकारी नौकरियां जॉइन करते हैं, तो नीतियां लागू करने की गति और पैमाना भी बढ़ता है।



### कांग्रेस का मुनाफा बंद हो रहा, इसलिए रो रहीः स्मृति

**लखनऊ।** लखनऊ में मंगलवार को 9वें रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने 218 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। अमेठी में संजय गांधी अस्पताल पर ताला लगने के सवाल पर उन्होंने कहा, मैं अचंभित हूं कि कांग्रेस के गांधी खानदान द्वारा संचालित अस्पताल में एक महिला की मौत होती है। अस्पताल की व्यवस्था की वजह से। उस मृत महिला के परिवार को सहारा देने के बजाय जिन लोगों ने मरीज को मौत के घाट उतारा। उनके खिलाफ कोई कार्रवाई करने के बजाया। कांग्रेस उनका मुनाफा बंद हो रहा है। इस पर रो रही है। क्या अमेठी के एक साधारण जान की कीमत कुछ नहीं। स्मृति ईरानी ने कहा, पीएम मोदी ने महिला आरक्षण के बारे में बताया था कि यह बिल काफी लंबे समय से पेंडिंग था। अब महिला चाहे किसी भी समुदाय से हो। वह राष्ट्र का नेतृत्व कर सकती है। नई सांसद महिला आरक्षण बिल होना देश की बड़ी उपलब्धि है। हमारे संस्कार है कि कभी महिला और पुरुष के बीच अंतर नहीं किया।

# प्रदेश के साइबर थानों के साथ एमओयू करें तकनीकी संस्थान

### सीएम योगी बोले, दुनिया ने यूपी के इनोवेशन और पोटेंशियल को देखा

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को दो दिनों के दौरे पर गोरखपुर पहुंचे हैं। यहां उन्होंने मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 12 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नए प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, तकनीकी संस्थानों को घिसे पिटे कार्यक्रमों को छोड़कर न्यू ऐज कोर्सेस को अपने यहां लागू करना होगा। आज का समय तकनीक का है, इसका उपयोग राष्ट्र निर्माण और लोककल्याण में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 2017 तक उत्तर प्रदेश में केवल दो साइबर थाने थे। आज प्रदेश के हर जनपद में एक-एक साइबर थाना है और हर जिले में साइबर हेल्प डेस्क है। इनसे साइबर अपराधों पर लगाम लग रही है।



गोरखपुर में सीएम योगी ने एमएमएमयूटी में प्रशासनिक भवन का किया लोकार्पण

#### गोरखपुर पुलिस ने एमएमएमयूटी से किया है एमओयू

उन्होंने कहा, विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की यह जिम्मेदारी बनती है कि तकनीकी सहयोग के लिए साइबर थानों के साथ एमओयू करें। आज गोरखपुर जोन की पुलिस ने इस दिशा में अनुभव पहल करते हुए मदन मालयवीय विश्वविद्यालय के साथ एमओयू किया है। देश का सबसे बड़ा डाटा सेंटर उत्तर प्रदेश में है। प्रदेश के तकनीकी संस्थानों को खुद को उससे जोड़ना चाहिए।

#### यूपी अब ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में दूसरे नंबर पर

उन्होंने कहा, 2017 के पहले उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में 14वें नंबर था। हमारी सरकार ने सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र के माध्यम से इसमें सुधार किया। साथ ही प्रशासनिक तंत्र को भी बाध्य किया कि वह तकनीक का बेहतर उपयोग करते हुए किए गए रिफॉर्म को धरातल पर उतारे। इसी का परिणाम है कि आज यूपी देश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में दूसरे स्थान पर है।

#### युवाओं को मिल रहा सबसे अधिक डिजिटल इंडिया का लाभ

सीएम योगी ने कहा, डिजिटल पेमेंट ने भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था लाकर प्रत्येक नागरिक के जीवन में एक नई क्रांति लाई है। देश में सबसे बड़ी युवा आबादी उत्तर प्रदेश के पास है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन डिजिटल इंडिया का लाभ सबसे ज्यादा यहां के युवाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम स्टार्टअप, पीएम मुद्रा, एक जिला एक उत्पाद और मुख्यमंत्री स्वरोजगार जैसी योजनाओं ने प्रदेश के युवाओं में बड़ा परिवर्तन लाया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में तकनीक के माध्यम से शासन के योजनाएं लोगों तक पहुंच रही हैं।

#### दुनिया ने यूपी के इनोवेशन और पोटेंशियल को देखा

सीएम योगी ने कहा, ग्रेटर नोएडा में 21-25 सितंबर तक इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया गया। इसमें 500 बायर्स आए थे। उसमें उत्तर प्रदेश के दो हजार से अधिक एग्जीबिटर्स भी उपस्थित हुए थे। जिनके माध्यम के दुनिया ने यूपी के इनोवेशन और पोटेंशियल को देखा। यही नहीं ट्रेड शो में लगभग चार लाख लोग घूमने और खरीदारी करने भी पहुंचे थे, जो ट्रेड शो की सफलता को दर्शाता है। सीएम योगी ने कहा, समाज की आवश्यकता के अनुरूप हम अपनी रिसर्च को आगे बढ़ाएं। इससे परिणाम सुखद होंगे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को सुझाव देते हुए कहा कि हमें समाज और सरकार की योजनाओं के सापेक्ष आगे बढ़ना होगा।

#### टॉप फ्लोर पर कुलपति कार्यालय और प्रति कुलपति कार्यालय बनाया गया

एमएमएमयूटी के प्रशासनिक भवन की टॉप फ्लोर पर कुलपति कार्यालय और प्रति कुलपति कार्यालय बनाया गया है। उसी फ्लोर पर सामने दो सौ लोगों के बैठने के लिए हॉल तैयार किया गया है। प्रथम तल पर रजिस्ट्रार कार्यालय के साथ ही सभी संकायाध्यक्षों के कार्यालय होंगे। ग्राउंड फ्लोर पर दाहिने तरफ परीक्षा विभाग और बाएं तरह वित्त विभाग होगा। बेसमेंट में पार्किंग के अलावा लिफ्ट, बिजली और फायर का कंट्रोल रूम होगा। अब पुराने प्रशासनिक भवन में फिलहाल फार्मेसी की पढ़ाई होगी। फार्मेसी के लिए नया भवन बन रहा है। नया भवन बन जाने के बाद वहां फार्मेसी विभाग को शिफ्ट किया जाएगा। उसके बाद विवि प्रशासन अपनी सुविधानुसार इस भवन में नए कोर्स शुरू कर सकता है।

कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

## सुप्रीम कोर्ट से राजा भैया को बड़ा झटका, डीएसपी जिया उल हक़ मर्डर केस में सीबीआई करेगी भूमिका की जांच

जन एक्सप्रेस । नई दिल्ली/प्रतापगढ़

कुंडा के डीएसपी जियाउल हक हत्याकांड में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट खारिज हो गई है। इस रिपोर्ट में हत्याकांड के प्रमुख आरोपियों में शामिल सपा सरकार के कैबिनेट मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को क्लीन चिट दी गई थी। सीबीआई की विशेष न्यायिक जज श्रद्धा तिवारी ने रिपोर्ट खारिज करते हुए कहा कि इस मामले की विवेचना में सीबीआई ने न सिर्फ खानापूर्ति की बल्कि कई तथ्यों की अनदेखी भी की। उन्होंने सीबीआई को तथ्यों पर गौर करने और नामजद व्यक्तियों की भूमिका के समुचित साक्ष्य जुटाकर मामले की अग्रिम विवेचना करने का निर्देश दिया।



सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को जियाउल की पत्नी परवीन आजाद ने चुनौती दी थी सीबीआई ने राजा भैया समेत अन्य आरोपियों को क्लीन चिट देते हुए 31 जुलाई 2013 को क्लोजर रिपोर्ट लगाई थी। कोर्ट ने कहा कि जियाउल की पत्नी ने जिन तथ्यों पर आपत्ति उठाई है, सीबीआई ने उसकी समुचित विवेचना नहीं की। कोर्ट ने कहा कि वादिनी ने बताया कि जियाउल आस्थान गांव में हुए दंगों तथा अवैध खनन की जांच कर रहे थे। इस मामले में उन पर राजनैतिक दबाव था। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई ने वादिनी के इस तथ्य की कोई समुचित जांच नहीं की।

## आईएसआई को सेना की लोकेशन-तस्वीर भेजने वाला अरेस्ट

### अरुणाचल प्रदेश में सेना में था श्रमिक, पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में आया, एटीएस को फर्जी पहचानपत्र मिला

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पाकिस्तानी खूफिया एजेंसी आईएसआई को देश की सूचनाएं भेजने वाले संदिग्ध आतंकी को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। शैलेश कुमार उर्फ शैलेंद्र चौहान पर वॉट्सऐप और फेसबुक के जरिए सेना से जुड़ी अहम जानकारी पाकिस्तान भेजने का आरोप है। एटीएस को उसके पास से सेना का फर्जी पहचानपत्र भी मिला है। एटीएस के मुताबिक, शैलेश कुमार कासगंज के पटियाली इलाके का रहने वाला है। एटीएस के मुताबिक, शैलेश करीब 8-9 महीने से अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सेना में अस्थाई श्रमिक के रूप में काम कर रहा था। बतौर श्रमिक काम करने के दौरान उसने सेना से संबंधित जानकारियां जुटाई थीं।


शैलेश कुमार उर्फ शैलेंद्र सिंह चौहान।

#### लालच में शैलेश ने भेजी लोकेशन, सूचनाएं

एटीएस की पूछताछ में पता चला कि पैसे की लालच में शैलेश ने प्रीति नाम की हैंडलर को सेना से जुड़े महत्वपूर्ण स्थान की लोकेशन और सेना की गाड़ियों की मूवमेंट की फोटो भेजी है। जो फोटो शैलेश के हरलीन कौर नाम के हैंडलर पर भी भेजे थे। इसके लिए शैलेश के फोन-पे पर अप्रैल 2023 में 2 हजार रुपए भी आए थे। एटीएस की पूछताछ में शैलेश ने बताया कि उसे प्रीति को कई बार सेवा की जोड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भेजने के बदले में पैसे मिले। हरलीन कौर और प्रीती आईएसआई के हैंडलर हैं। जो सीमा पार से विभिन्न अलग-अलग नाम का प्रयोग कर सेना से जुड़ी जानकारियां लेने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रयोग करती हैं।

#### फेसबुक पर सेना की पहचान से आईडी बनाई

उसने फेसबुक पर अपना प्रोफाइल बनाया था। जिसमें उसने खुद को भारतीय सेना में कार्यरत बताया। जबकि वो सेना में किसी पद पर नहीं था। शैलेश चौहान नाम से बनी इस प्रोफाइल पर उसने सेना की यूनीफार्म में अपनी तस्वीर लगाई थी। इसी फेसबुक प्रोफाइल के जरिए वो हरलीन कौर नाम की लड़की की पहचान से बनी प्रोफाइल के संपर्क में आया। एटीएस को ये भी सबूत मिले हैं कि आईएसआई हैंडलर प्रीति से भी वो संपर्क में था। वॉट्सऐप पर ऑडियो कॉल के जरिए बात करता था। प्रीति को सेना का जवान का परिचय ही दिया था। दोनों के बीच अतरंग बाते भी होती थीं। प्रीति ने शैलेश को बता दिया था कि वो पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए काम करती है।

# बंधन इंफ्रा स्टेट प्रा. लि. पर जल्द हो सकती है बड़ी कार्रवाई

### किसानों का दावा कोताहा झील के साथ अन्य कई तालाबों पर बंधन ग्रुप द्वारा किया गया है अवैध कब्जा

जन एक्सप्रेस/विश्वामित्र पांडेय/आशीष कुमार सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में ब्लैक लिस्टेड कंपनी साइंन सिटी की तर्ज पर काम कर रही बंधन इंफ्रा स्टेट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए जा रहे खेल का जल्द ही खुलासा होने वाला है। जिस तरह लखनऊ के अलग-अलग क्षेत्र में प्रॉपर्टी डेवलप कर साइंन सिटी द्वारा तमाम ग्राहकों को ठगी का शिकार बनाया गया, ठीक उसी रास्ते पर बंधन ग्रुप के भी कदम आगे बढ़ चुके हैं।

सरोजिनी नगर तहसील अंतर्गत काकोरी ब्लॉक की दोना, सकरा, तेजकृष्ण खेड़ा के बीच स्थित लगभग 300बीघे से ज्यादा क्षेत्रफल में बंधन सिटी के द्वारा की जा रही प्लाटिंग में कोताहा झील के साथ - साथ कई ऐसे तालाब हैं जिनका अस्तित्व या तो खतरे में है या फिर डेवलपर्स द्वारा इनका अस्तित्व ही खत्म कर दिया गया है।

सूत्रों की मानें तो प्रॉपर्टी के अवैध कारोबार को बढ़ावा देने का काम तहसील के कुछ पूर्व/वर्तमान कर्मचारियों द्वारा दिया जाता रहा है। तालाबों और बंजर जमीनों पर हो रहे प्लाटिंग के खेल में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। आने वाले दिनों में यदि जांच की गई तो सरकारी जमीनों की अथवा संरक्षित जमीनों की कालाबाजारी में तहसील प्रशासन के कई कर्मचारियों के नाम भी सामने आ सकते हैं। स्थानीय लोगों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार काकोरी विकासखंड के अंतर्गत आने वाली दोना ग्राम पंचायत की गाटा संख्या 445क तालाब, 833 तालाब, 903 तालाब, 3620 आबादी, 1002 तालाब पर भी बंधन इंफ्रा स्टेट प्रा लि द्वारा कब्जा किया जा चुका है। इतने लंबे समय से तालाब व आबादी की जमीन को कब्जा मुक्त कराने का तहसील प्रशासन द्वारा कोई प्रयास न किया जाना उन ग्रामीणों के लिए बहुत ही निराशाजनक रहा है, जो अपने हक की लड़ाई धनपशुओं के आगे हार गए।





#### क्या बोले जिम्मेदार

खबर प्रकाश में आने के बाद सरोजनीनगर तहसील के उप जिलाधिकारी डा. सचिन कुमार वर्मा ने जल्द ही जांच कराकर शख्त कार्यवाही करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी बंधन ग्रुप की तमाम शिकायतें मिलती रही हैं। फिलहाल तहसील प्रशासन जल्द ही बंधन इंफ्रा स्टेट प्रा लि पर बड़ी कार्यवाही कर सकता है।

#### बंधन इंफ्रा स्टेट प्रा लि द्वारा किए गए अवैध कब्जों से परेशान हैं ग्रामीण

जन एक्सप्रेस की टीम जब मौके पर जानकारी लेने पहुंची तो ग्रामीणों ने बताया कि बंधन ग्रुप द्वारा कहीं जबरन तो कहीं किसानों को शराब पिलाकर जमीनें कब्जाई गई हैं। कुछ किसानों की जमीन को बंधन ग्रुप द्वारा चारों ओर से घेर कर सड़क बना दिया गया है, जिससे किसान अपनी भूमि पर भी नहीं जा सकते।

#### ग्राम प्रधान द्वारा कई बार की गई शिकायत का भी नहीं हुआ असर

ग्राम पंचायत दोना के ग्राम प्रधान से बात करने पर जानकारी मिली कि ग्राम प्रधान द्वारा भी तहसील स्तर पर कई बार शिकायत की गई लेकिन तहसील प्रशासन द्वारा आज तक कोई कार्यवाई नहीं की गई। जो भी अधिकारी आए वह लेनदेन करके वापस जाते रहे।

**बंधन इंफ्रा स्टेट प्रा लि पर होगा बड़ा खुलासा... पढ़ते रहिए जन एक्सप्रेस....**

# जिलाधिकारी ने ली आधार अनुश्रवण समिति की बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मंगलवार को आधार अनुश्रवण समिति की बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई?।

जिलाधिकारी ने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा शून्य से 5 वर्ष की आयु के बच्चों के आधार नामांकन के लिए चाइल्ड एनरोलमेंट लाइट क्लाइंट (सीईएलसी) लॉन्च किया गया है। इनका प्रयोग कर आधारबद्ध जन्म पंजीकरण प्रोग्राम के अंतर्गत बच्चों के आधार नामांकन के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नवजात शिशु के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे डीबीटी योजनाओं की समुचित लाभ के लिए यह आवश्यक है कि बच्चों का जन्म के समय नामांकन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आधार नामांकन के लिए इण्टरमीडिएट या अधिक शैक्षिक स्तर के योग्यता रखने वाले कर्मियों को भी रखना होगा, जो भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के आधार इकोसिस्टम में सर्टिफाइड ऑपरेटर होने के लिए आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि लोग बैंकों व पोस्ट ऑफिस में फोटो नाम चेंज करने के लिए चक्कर काटते हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने डीएसओ, आईडीएसपी हेल्थ से कहा कि दिव्यांगजन जिनके हाथ नहीं है, पुतली का भी लिंक नहीं हो रहा है, उन्हें लिंग कराने के लिए इसका रजिस्टार के पास एप्लीकेशन देना होगा। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में नहीं हो रहा है तो बेसिक शिक्षा अधिकारी से मशीनों की सूची लेकर वहां से बनवाएं। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि अगली बैठक में प्रगति कम दिखेगी तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी व आईपीपीबी को निर्देशित किए कि दोनों संयुक्त रूप से मिलकर अभियान चलाकर कार्य करने करें। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि पीएम स्वनिधि के अंतर्गत किसानों का भी कराएं।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, डीएसओ आईडीएसपी हेल्थ अरुण कुमार पाटिल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव कुमार यादव, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सुनहरी लाल, जिला दिव्यांग अधिकारी प्रतिभा पाल, आईपीपीबी से अतुल यादव आदि मौजूद रहे।

## चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम द्वारा वाहन जांच के दौरान चोरी के बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि बीते 24 सितम्बर को कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत द्वारिकापुरी निवासी जितेन्द्र कुमार पुत्र स्व गयादीन ने कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गयी है। इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में अभियोग पंजीकृत किया गया। कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय ने मुकदमें की विवेचना एवं घटना के अनावरण के लिए चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह को निर्देश दिए। चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग तथा मुख्य आरक्षी भगत सिंह द्वारा वाहन जांच के दौरान अमन चौहान पुत्र स्व प्रेमचन्द्र निवासी पुरानी बाजार को बिना नम्बर की बाइक को रोका गया एवं गाड़ी के कागाजत मांगने पर नहीं दिखाया। चोरी की बाइक बरामदगी के आधार पर धारा में बढ़ोत्तरी की गयी।

# भगवान कृष्ण की भक्ति से होता है जीवन का कल्याण: पं0 नारायण दत्त त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भारतीय संस्कृति और आस्था का गजब घाल मेल है, कहीं आस्था मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए है तो कहीं जगत कल्याण को। आज इसी क्रम में पंडित नारायण दत्त त्रिपाठी द्वारा भगवान कृष्ण का तुलादान किया गया।

आपने कृष्ण नगरी में तो भगवान कृष्ण के भक्तों की भक्ति तो देखी होगी। भगवान कृष्ण की लीलाओं पर झुमते हुए देखा होगा, किन्तु आज हम बात कर रहे हैं प्रभु श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट में भगवान कृष्ण के भक्तों के उत्साह की। कृष्ण जन्म से लेकर जल विहार तक ठाकुर जी की लीलाओं का आयोजन बडे ही भक्ति भाव से किया जाता है। ठाकुर जी के अनन्य भक्त प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित नारायण दत्त त्रिपाठी ने बताया कि ठाकुर जी की उपासना जगत कल्याण के लिए करते हैं, प्रकृति को बचाने के लिए करते हैं। ठाकुर जी की विधिविधान से पूजा अर्चना और तुलादान के बाद श्रद्धालुओं को भण्डारा खिलाया जाता है। मंदाकिनी के रामघाट में जल विहार की क्रीडा कराकर प्रभु से इस धरती की रक्षा करने और महामारियों से बचाव की दुआएं मांगते हैं। आयोजन मण्डल के अलावा क्षेत्रीय श्रद्धालु भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। पुरूष, महिलाएं व बच्चे भी प्रभु कृष्ण के भक्ति में भाव विभोर होकर खुब झुमते हैं। जिला मुख्यालय कर्वी के शंकर बाजार में 45 से अधिक वर्षों से श्रीकृष्ण की लीलाओं का आयोजन कर रहे पंडित नारायण दत्त त्रिपाठी कई वर्षों से भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव से लेकर जल विहार क्रीड़ा तक बेहद उत्साह के साथ मनाते चले आ रहे हैं। जिसमें नगरवासी और ठाकुर जी के भक्त बेहद उत्साह पूर्वक शामिल होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाते हैं। मंगलवार को आयोजित तुलादान कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी कमलेश कुमार मिश्र, विनोद मिश्रा, गुड्डन दुबे, डेविड गुप्ता, शंकर प्रसाद गुप्ता, गुरूचरण पाण्डेय, प्रदुम्न अग्रवाल, अनुज त्रिपाठी, अंकुर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## भगवान जीव के सच्चे सखा हैं, बस भगवान तक पहुंचने की पात्रता सुदामा जैसी होनी चाहिए: श्रवण कृष्ण



**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**

राधा कृष्ण की पुष्प होली, सुदामा चरित एवं परीक्षित मोक्ष की कथा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन हो गया। आयोजकों द्वारा बुधवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

राजापुर क्षेत्र के कुसेली गांव में स्व. सीनू सिंह पत्नी पुष्पराज सिंह की पुण्य स्मृति में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक भागवताचार्य श्रवण कृष्ण महाराज ने भगवान श्री कृष्ण के 16,108 विवाहो की दार्शनिक व्याख्याओं के साथ भगवान के पारिवारिक जीवन के सूत्रों व दिनचर्या की सुन्दर विवेचना की। कथा व्यास ने सुदामा श्रीकृष्ण की मित्रता से जीव और ब्रह्म की मित्रता का सुन्दर निरूपण करते हुए कहा कि भगवान जीव के सच्चे सखा है, बस भगवान तक पहुंचने की पात्रता सुदामा जैसी होनी चाहिए। कहा कि भगवान भी कृपा के लिए विवश होते है। कहा कि गृहस्थ के घर में कोई सच्चा ब्राह्मण जाए, तो उसका सौभाग्य है।

स्वयं द्वारिकाधीश होकर भी श्री कृष्ण ने गरीब ब्राह्मण के चरण धोए क्योंकि धर्म ऐसे श्रेष्ठ लोगों से ही जीवित रहता है। कथा व्यास ने नौ योगेश्वरों के नौ महत्वपूर्ण सनातन धर्म के सिद्धांत भी समझाएं। अंत में सभी ने फूलों की होली के साथ कथा का समापन उत्सव मनाया।

इस मौके पर पूर्व विधायक आनन्द शुक्ला, अमित मिश्रा, राहुल सिंह, विपिन सिंह, रामकिशोर पाण्डेय, राजकरण सिंह, शक्ति सिंह, अंशू सिंह, अवध सिंह, विकास सिंह, मालती देवी, विलासा सिंह, मीना सिंह, पुष्पा सिंह, शैलाब सिंह, ज्वाला प्रसाद द्विवेदी, अंबुज द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# सक्रिय प्रयास से जन-जन तक पहुंचाना है भाजपा सरकार की नीति और निर्णय: लवकुश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भाजपा के सेवा पखवाड़ा के तहत होने वाले सभी कार्यक्रम व अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने पहाडी, सरधुआ मण्डल व राजापुर नगर पंचायत का प्रवास कर कार्यकर्ताओ से संवाद किया।

कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि कार्यकर्ता 11 मण्डलों के 124 शक्तिकेन्द्रों के 850 बूथों पर सशक्त संगठित संरचना को बनाकर सभी कार्यक्रमों व अभियानों को सफल बनाते हुए आगामी 2024 में पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने के लिये सभी संकल्प लें। उन्होंने कहा कि संगठन का कार्य करने वाले ही कार्यकर्ता होते हैं। हमे सक्रिय प्रयास से भाजपा की डबल इंजन सरकार की नीतियों और निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाना है। भाजपा की मोदी सरकार देश के 50 करोड लोगों को 5 लाख तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा देने का ऐतिहासिक काम कर रही है।

सांसद आरके सिंह पटेल कहा कि भाजपा के ही कार्यकर्ता सेवा को संगठन का कार्य मानकर बिना किसी निजी स्वार्थ के करते हैं। भाजपा के संस्कार कार्यकर्ताओं को सदैव लोक सेवा व राष्ट्र के प्रति समर्पण के लिए प्रेरित करते है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में जहाँ टूटी फूटी गढ्ढो वाली सडके हुआ करती थी। आज चारो तरफ सडकों का जाल बिछ चुका है। मुख्य मार्गो के अलावा हर गाँव पुरवों की सडकों को बनाने का काम किया है।

जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि जहाँ पूर्व की सरकारों में सहकारिता भ्रष्टाचार का अड्डा रहा, किन्तु आज भाजपा सरकार में सहकारिता से ज्यादा लोगों को जोडकर उनको लाभ पहुचाने का काम किया जा रहा हैं। राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के साथ नगरपालिका व नगर पंचायत एक तीसरे इंजन के रुप में जुड गया। जिससे विकास का मार्ग और प्रस्थान होगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, तीरथ तिवारी, मधुरेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेश अनुरागी, हेमन्त प्रताप सिहं, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास मिश्रा, मंडल अध्यक्ष पहाडी विनोद पांडेय, सरधुआ मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, दिनेश पटेल, तीरथ द्विवेदी, लालबहादुर सिह, जानकी शरण तिवारी, आभेष मिश्रा, आशीष पांडेय, रामसागर चतुर्वेदी, स्वयम प्रकाश मिश्रा, रमेश मिश्रा, श्रवण तिवारी, राधेश्याम गुप्ता, दीपू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## ऑपरेशन दृष्टि के तहत सीसीटीवी की मदद से चोरी की घटना का अनावरण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर सीसीटीवी फुटेज की मदद से अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाये जा रहे ऑपरेशन दृष्टि के क्रम में पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में चोरी की घटना का अनावरण करते हुये 3 महिला आरोपियों को गिरफ्तार करते हुये चोरी के जेवरात बरामद किये।

उल्लेखनीय है कि बीती 24 सितम्बर को कोतवाली कर्वी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत भरतपुरी निवासी अभिषेक सोनी पुत्र स्व सूर्यभान सोनी ने कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि भगवानदीन चैराहा स्थित उनकी ज्वैलरी की दुकान से 3 अज्ञात महिलाओं ने जेवारात चोरी कर लिये हैं। इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में तीन अज्ञात महिलाओं के विरूद्ध अभियोजग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने घटना को संज्ञान में लेकर शीघ्र अनावरण के लिए कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय को निर्देशित किया। कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक ने निरीक्षक राकेश मौर्य के नेतृत्व में घटना के अनावरण के लिए टीम का गठन किया। निरीक्षक राकेश मौर्य एवं उनकी टीम द्वारा सुधा निवासी मऊ, गुडिया निवासी नयागांव जिला सतना मध्य प्रदेश व चुनिया उर्फ संतोषिया निवासी मऊ को मंदाकिनी पुल के आगे बहादुरपुर तिराहा कर्वी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी के 2 जोड़ी झुमका, 1 नाक की नथ व 3 नाक की कील, पीली धातु बरामद की गयी। बरामदगी के आधार पर मुकदमा में बढ़ोत्तरी की गयी। गिरफ्तारी के दौरान आरक्षी दिनेश कुमार, महिला आरक्षी शीलू पाठक, शशिप्रभा आदि मौजूद रहे।

## गरीबों के खाद्यान्न में घटतौली पर नहीं लग पा रही लगाम, शिकयतों के निस्तारण में मनमानी

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

जहॉ सरकारे लगातार सस्ती रासन की दुकानो से मुफ्त राशन वितरण की घोषणा कर रही है। वहीं कोटेदारों की घटतौली व राशन वितरण मे मनमानी की शिकायतें सम्पूर्ण समाधान दिवसों सहित अन्य कार्य दिवसों में आम हो गयी हैं। जबकि शिकायतों के निस्तारण पर भी मनमानी नही रोक पा रहे हैं। जिससे दुकानदार बेखौफ होकर लाभार्थियों के साथ बद्सलूकी करने तक उतर आते हैं और गरीब के हक को दुकानदार सहित अन्य जिम्मेदारों मे बन्दर बॉट हो रहा है। जानकारी के अनुसार राशन दुकानदार प्रति कार्डधारकों से 2 से 5 किलो तक खाद्यान्न की कटौती कर रहे हैं। लगातार अखबारों के पन्नों में खबरों एवं मिली शिकायतों के बाद जिला पूर्ति विभाग हरकत मे आया और जिला पूर्ति अधिकारी अभय सिंह ने निर्देश जारी किया कि कार्ड धारक सीधे 9455003811 मोबाईल नम्बर पर शिकायत दर्ज करा सकते है।

बताते चलें कि जनपद मे 1098 दुकानदार 36789 अंत्योदय अन्न योजना एवं 456095 पत्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति माह रासन वितरण किया जाता है। शासन-प्रशासन के लाख प्रयासों के बावजूद कटौती पर रोक नहीं लग पा रही। मनमानी पर उतारू कोटेदार जबरन कटौती करते है और बेखौफ कहते है कि उच्चाधिकारियो को प्रति माह देना पडता है। बिरोध करने वालों का कार्ड कैंसिल करने की धमकी देते है। मनमानी करने के आदी हो चुके राशन दुकानदार पर्यवेक्षणीय कार्यों में लगे अधिकारी-कर्मचारी भी सौगात लेकर सब कुछ दुरुस्त कर देते हैं।

# एक बार फिर चुनाव के पहले गाजीपुर-विजयीपुर सड़क निर्माण हेतु धन अवमुक्त कराने की घोषणा

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



लगभग एक दशक से ज्यादा समय से जर्जर चल रहे गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग को बनवाये जाने की मांग पर जिले की सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने पहल शुरू कर दिया है। उन्होने प्रदेश के वित्त मंत्री से मुलाकात कर इस मार्ग के निर्माण के लिए धन अवमुक्त किए जाने का आग्रह किया है। अब जल्द ही इस मार्ग के दिन बहुरेंगे।

यह जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री एवं सांसद कार्यालय प्रवक्ता शिव प्रताप सिंह ने बताया कि जिले की सांसद व भारत सरकार की उपभोक्ता मामले खाद एवं सार्वजनिक वितरण और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से भेंट किया। जनपद की लगभग एक दशक से ज्यादा से खराब गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग के लिए धन अवमुक्त करने का आग्रह किया। केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी ने बताया कि इस मार्ग का प्राक्कलन सभी जगह से स्वीकृत होते हुए मंत्रालय में स्वीकृति हेतु आ गया है। यह मार्ग लगभग 500 गांव को लाभ देने वाला मार्ग है।

जो आज बड़ी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। इस पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने केंद्रीय राज्यमंत्री को पूर्णतः आश्वस्त किया कि अति शीघ्र इस निर्माण हेतु धन अवमुक्त किया जायेगा। सुरेश खन्ना से मिलने के उपरांत केंद्रीय राज्यमंत्री ने प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग, प्रमुख सचिव वित्त समेत प्रदेश स्तर के लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ गेस्ट हाउस लखनऊ में बैठक किया। बैठक में जनपद की सभी मार्गों को गड्ढा मुक्त करने स्वीकृत सभी मार्गों पर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। एक बार फिर चुनाव से पहले सडक निमार्ण का झुनझुना पकडाया जा रहा है। पिछले चुनाव मे भी सांसद ने मंच से घोषणा किया था कि सडक निमार्ण का धन अवमुक्त कराया गया है और जल्दी ही निमार्ण कार्य शुरु हो जायेगा।


**G20 उत्तर रेलवे**

**आज़ादी का अमृत महोत्सव**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा. मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | **ई-निविदा सूचना सं.** : 1101-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 21.09.2023 |
| 2. | **कार्य का नाम** : पुराने प्रथम श्रेणी एफ.ओ.बी., चारबाग स्टेशन से 04 नम्बर एस्केलेटर को लखनऊ मण्डल के अन्य स्थान पर स्थानान्तरित करना। |
| 3. | **अनुमानित लागत** : रु. 96,67,103/- (छियानवे लाख सडसठ हजार एक सौ तीन रुपये मात्र) |
| 4. | **बयाना राशि** : रु. 1,93,400/- (एक लाख तिरानवे हजार चार सौ रुपये मात्र) |
| 5. | **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 06 माह |
| 6. | **ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि** : दिनांक 19.10.2023 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 7. | **प्रस्ताव की वैधता** : ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन |
| 8. | **उत्तर रेलवे की वेबसाइट** : अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | **योग्यता मानदंड** : केवल वही निविदाकर्ता योग्य होंगे जो योग्यता मानदंड को पूरा करते हो। |
| 9 (अ) | **तकनीकी योग्यता मानदंड** : निविदाकर्ता के पास राज्य सरकार द्वारा जारी फर्म के नाम से वैध विद्युत ठेकेदारी लाइसेन्स होना चाहिए तथा फर्म अपने आफर के साथ विद्युत लाइसेन्स के सभी विवरण संलग्न करें। |
| 9 (ब) | **तकनीकी योग्यता मानदंड (Similar nature of work)** : इस निविदा के लिए तकनीकी पात्रता मानदंड के निर्धारण के लिए केवल निम्नलिखित कार्य को समान कार्य माना जाएगा।<br>निविदाकर्ता भौतिक रूप से निविदा खोलने की तारीख के पिछले 07 (सात) वित्तीय वर्षों और निविदा खुलने वाले माह से पिछले माह की अंतिम तिथि तक के लिए यानी पात्रता अवधि में निम्नलिखित कार्य पूर्ण या पर्याप्त रूप से पूर्ण होने चाहिए:-<br>i. तीन समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य का **30%** के बराबर राशि से कम न हो, **अथवा**<br>ii. दो समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य का **40%** के बराबर राशि से कम न हो, **अथवा**<br>iii. एक समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य का **60%** के बराबर राशि से कम न हो। |
| 9 (स) | **Definition of Similar nature of work** : इस निविदा हेतु केवल निम्नलिखित कार्यों को तकनीकी योग्यता मानदंड के अन्तर्गत समान प्रकृति का कार्य माना जाएगा:- "Supply, Installation, Testing and Commissioning of Escalator/Travelator etc. with or without AMC." |
| 10 | **वित्तीय योग्यता मानदंड** : The tenderer must have minimum average annual contractual turnover of V/N or 'V' whichever is less; where<br>V= Advertised value of the tender in crores of Rupees<br>N= Number of years prescribed for completion of work for which bids have been invited.<br>The average annual contractual turnover shall be calculated as an average of "total contractual payments" in the previous three financial years, as per the audited balance sheet. However, in case balance sheet of the previous year is yet to be prepared/audited, the audited balance sheet of the fourth previous year shall be considered for calculating average annual contractual turnover. The tenderers shall submit requisite information as per Annexure-VIIB, along with copies of Audited Balance Sheets duly certified by the Chartered Accountant/Certificate from Chartered Accountant duly supported by Audited Balance Sheet. |

सं.: 1101-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक: 21.09.2023 2981/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पोखर संरक्षण तालाब योजना के तहत कम से कम एक तालाब के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव भेजें: डीएम

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में होने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद-नगर पंचायत को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। कार्ययोजना बनाकर रात्रि में व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद होने के बाद में साफ-सफाई का कार्य शुरू कराया जाये। इसके लिए वार्ड वाइज सफाई सुपरविजन के लिए कर्मचारी की तैनाती की जाये। साफ-सफाई कराते हुए फोटो सहित रिपोर्ट से भी अवगत करायें। साथ ही साफ-सफाई का कार्य संवेदनशीलता के साथ कराएं और इसकी निगरानी भी करायें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही-शिथिलता क्षम्य नही होगी। जिलाधिकारी ने बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रत्येक वार्ड में महीने में कम से कम दो बार फागिंग एवं एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जाये।

शहरी क्षेत्रों में 01 सितम्बर से 15 सितम्बर 2023 तक छुट्टा-निराश्रित गौवंश को संरक्षित करने का अभियान चलाया गया। जिसमे 336 गौवंश को नजदीकी अलग-अलग गौशालाओं में भेजा गया और 51 गौवंश नगर पालिका परिषद सदर व 168 गौवंश नगर पंचायत खागा के नागरिकों को दिये गये। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में निराश्रित गौवंशो को संरक्षित करने के लिए जरूरत के हिसाब से शहरी क्षेत्रों के गौशालाओं में अधिक शेड बनाने हेतु नियमानुसार कार्यवाही करते हुए प्रस्ताव बनाकर शेड बनाए जायें। उन्होंने कहा कि धाता, खखरेरू, जहानाबाद में जो स्थाई गौशाला बनाने हेतु प्रस्ताव भेजा गया था, भूमि की कार्यवाही पूरी करते हुए सभी प्रक्रियाओं को पूरी करते हुए कार्य शुरू किया जाये।

नगर पालिका परिषद-नगर पंचायतों की जो जमीन खाली पड़ी है उन पर गौवंशो हेतु हरे चारे की बुआई कराई जाये। नगर पालिका परिषद-नगर पंचायतों में एमआरएफ सेंटर जो अपूर्ण हैं उन्हे जल्द से जल्द पूरा कराया जाये साथ ही जो एमआरएफ सेंटर क्रियाशील हैं उन पर एक रजिस्टर बनाकर आने वाले और निस्तारण होने वाले कूड़े की इंट्री कराएं साथ ही समय-समय पर निरीक्षण भी करते रहें। शहरी पोखर संरक्षण तालाब योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों के तालाबों के सौंद्रीयकरण के लिए नगर पालिका परिषद-नगर पंचायतों से कम से कम एक तालाब का प्रस्ताव बनाकर भेजे। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद सदर में धोबी घाट तालाब के सौंद्रीयकरण के लिए बजट प्राप्त हुआ है तथा तांबेश्वर मंदिर के पास, शनिदेव गोपाल नगर के पास तालाब में जो सौंदर्यीकरण कार्य चल रहा है। निरीक्षण करने एवं रिपोर्ट देने के निर्देश अपर जिलाधिकारी न्यायिक को दिया। बैठक में नगर पालिका परिषद बिंदकी के जेई द्वारा सही रिपोर्ट नहीं बताने पर स्पष्टीकरण लेने निर्देश दिया।

## नहर में मिला अज्ञात युवक का शव

**जन एक्सप्रेस । खखरेरु/फतेहपुर**



थाना क्षेत्र के रक्षपालपुर चैराहा समीप नहर में पानी में तैरती लावारिश लाश मिलने से क्षेत्र मे हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगो की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुँची और स्थानीय लोगो की मदद से शव को बाहर निकाला गया। मौके पर मृतक की पहचान का प्रयास भी किया लेकिन पहचान न होने पर शव को पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया। जानकारी के अनुसार रक्षपालपुर नहर मे एक शव को पानी मे बहने की सूचना क्षेत्र मे आग की तरह फैल गयी और भारी सख्या मे लोग मौके पर पहुँच गये।

वहीं स्थानीय लोगों ने थाना पुलिस को सूचना दिया कि एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीब 35-36 वर्ष की लाश रक्षपालपुर नहर में पड़ी है। मृतक का शव कई दिन पुराना लग रहा है। मृतक गोल गले की हाफ टी शर्ट हरे रंग की व फुल लोअर काले रंग की जिस पर सफेद मटमैला पट्टी पड़ी है व पैरों में प्लास्टिक का सैंडल पहना हुआ है। मौके पर पहुँची थाना पुलिस ने शव को पानी के बाहर निकाला और पहचान का प्रयास किया लेकिन पहचान नही हो सकी। थाना प्रभारी ने बताया कि कही दूसरी जगह पर हत्या करके शव को नहर मे डाल दिया गया है। पानी के साथ बहकर याहॉ आ गयी है। अज्ञात शव की सूचना दिया जा रहा है। पहचान पर कार्यवाही किया जायेगा।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । 

## मौसम पूर्वानुमान

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 33.6 (+0.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 26.6 (+2.3)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 83 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 61 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# छोटे भाई को कनपटी पर गोली मार बड़ा भाई हुआ फरार, मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन शहर के थाना जूही क्षेत्र स्थित परम पुरवा में एक बार फिर से रिश्ते कलंकित होने का मामला सामने आया जहां एक बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई को गोली मार के उसकी जीवन लीला समाप्त कर दी और मौके से फरार हो गया। जैसे ही परिजनों को घटना के बारे में जानकारी हुई घर में कोहराम और रोना पिटना मच गया। पुलिस को जानकारी दी गई तो पुलिस मौके पर फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंची और पुलिस के आला अधिकारी भी पहुंचे उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आरोपी भाई की तलाश भी शुरू कर दी है। मिली जानकारी के


मृतक अदनान


हत्यारा भाई आरजू

अनुसार थाना जूही क्षेत्र के परम पुरवा क्षेत्र में अजमत खान अपनी एक परचून की दुकान लगाकर अपने परिवार का पेट पालते हैं। उनके चार बेटे हैं सबसे बड़ा बेटा आरजू उसके बाद इरफान, फैसल और सबसे छोटा बेटा अदनान था। पिता अजमत ने बताया कि बड़ा बेटा आरजू हमेशा बड़े-बड़े नेताओं के साथ लगा रहता था। एक भाजपा पार्षद का वह करीबी भी है। पिता अजमत की माने तो अक्सर बड़ा बेटा आरजू छोटे बेटे अदनान की हत्या करने की बातें किया करता था लेकिन वह सभी मामले को अनसुना करके टाल देते थे क्योंकि उन्हें लगता था कि बड़ा भाई अपने छोटे भाई को क्यों मारेगा। बीती सोमवार की रात्रि बेटा अदनान अपने भाई आरजू के साथ ऊपर सोया हुआ था। सुबह जब भी लोगों ने फायरिंग की आवाज सुनी तब सभी जल्दी-जल्दी ऊपर छत की तरफ भागे आरजू इस दौरान आराम से नीचे उतरता दिखा फिर वह बाहर चला गया सभी ने छत पर जाकर देखा तो अदनान का रक्त रंजिश शव पड़ा हुआ है। सिर पर घाव था लगा कि जैसे उसको गोली मारी गई है अदनान की सास भी नहीं चल रही थी पड़ोसी भी घर आ गए अदनान को निजी अस्पताल ले गए जहां पर जांच के बाद डॉक्टर ने उसको मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर जूही थाने की पुलिस डीसीपी रविंद्र कुमार एडीसीपी अंकित शर्मा एसीपी संतोष सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि परिवार वालों के मुताबिक हत्यारा भाजपा नेताओं से जुड़ा हुआ था। किसी भी प्रकार का काम नहीं करता था। इस बात का परिवार के लोग विरोध करते थे इसी बात को लेकर घर में आए दिन लड़ाई होती थी।

## विश्वविद्यालय में कल 38 वें दीक्षांत समारोह का होगा आयोजन

जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा

**कानपुर नगर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह मे सत्र 2022-23 के 38 वें दीक्षांत समारोह का आयोजन 28 सितंबर को किया जाएगा। जिसमें कुलाधिपति द्वारा मेधावियों को मेडल एवं उपाधियां दी? जाएगी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री हनी बी नेटवर्क एवं विजिटिंग फैकेल्टी आईआईएम अहमदाबाद प्रो. अनिल कुमार गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मे उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश योगेंद्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी रहेंगे। इस कार्यक्रम का



सजीव प्रसारण विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सोशल मीडिया के आधिकारिक पेज से भी किया जाएगा। यह बात सेंटर फॉर एकेडमिक भवन में हुई प्रेस वार्ता के दौरान मंगलवार को कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने कही। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह में आईआईटी कानपुर प्रो.मणींद्र अग्रवाल एवं प्रो.अनिल कुमार गुप्ता को मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। समारोह में 55 छात्र-छात्राओं को कुल 98 मेडल वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में चंद्रयान 3 में सीएसजेएमयू के 4 एल्युमनाई छात्रों अतुल निगोतिया, प्रियंका मिश्रा, प्रवेश माथुर, प्रियंका यादव को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। जिन्हे कुलाधिपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर एथलेटिक्स, बॉक्सिंग एवं कराटे में मेडल प्राप्त करने वाले 3 छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव, परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार मौजूद रहे।

### दीक्षांत समारोह में कुलपति करेंगी विश्वविद्यालय के 10 नवीनीकृत भवनों का लोकार्पण

विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति के सम्मुख नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय, बेलझुण्डी, दाड, नेपाल एवं आईआईटी कानपुर के मध्य एमओयू साइन किए जाने के साथ ही प्राथमिक विद्यालय एवं राजकीय बालगृह के छात्र–छात्राओं को स्कूल बैग एवं किताबों का वितरण भी किया जाएगा। इस अवसर पर कुलाधिपति आंनदीबेन पटेल द्वारा विश्वविद्यालय के 10 नवीनीकृत भवनों का ऑडिटोरियम में लोकार्पण किया जाएगा।

### टीबी ग्रसत 100 मरीजों को लिया जाएगा गोद

विश्वविद्यालय द्वारा 100 टीबी ग्रसित मरीजों को गोद लिया जाएगा। विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में 100 टीबी ग्रसित मरीजों को भी गोद लिया गया था जो पूरी तरह से मुक्त हो गए हैं। इनके पोषण की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बिठूर हुआ चौबेपुर थाना क्षेत्र में हो रहा जमकर खनन, रात में सड़कों पर दौड़ते हैं डंपर

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। उत्तर प्रदेश सरकार में विधानसभा चुनाव के दौरान किसानों को वादा किया था कि जीतने के बाद खनन पर पूरी तरीके से रोक लगा दिया जाएगा लेकिन प्रदेश सरकार की यह बातें अब धूमिल होते नजर आ रहे हैं। क्योंकि कानपुर शहर में लगातार अवैध रूप से खनन हो रहा है और जिला प्रशासन खनन माफियाओं पर अंकुश लगा पाने में नाकाम साबित हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक बिठूर थाना क्षेत्र हुआ चौबेपुर थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर फर्स्ट में खनन माफियाओं द्वारा लगातार अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। रात के समय बिठूर व चौबेपुर की सड़कों पर अवैध रूप से खनन कर रहे डंपरों को दौड़ते हुए देखा जा सकता है। खनन माफिया फर्जी तरीके से खनन के कागजों को बनवाकर खनन का काम कर रहे हैं। आपको बताते चलें बरहट में लगभग बातें काफी समय से लगातार अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। लेकिन इस बात की जिला प्रशासन को कानों कान खबर नहीं है। यह सारा अवैध खनन स्थानीय लेखपाल की शॉठ– गांठ से संपन्न किया जा रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि जिला प्रशासन अवैध रूप से हो रहे खनन पर कब रोक लगाता है।

### व्यापारी स्वाभिमान यात्रा की रुप रेखा बैठक में की तैयार



जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। कानपुर ग्रामीण व्यापार मंडल की आगामी 29 तारीख को होने वाली व्यापारी स्वाभिमान यात्रा के स्वागत की तैयारीयों के संदर्भ में सभी इकाइयों के अध्यक्ष व महामंत्रियों की बैठक संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष राहुल शुक्ला ने बताया कि यात्रा का राम नगर से 5 स्थानों पर स्वागत करते हुए कल्याणपुर जी टी रोड आढ़त पर समापन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक अतुल भाटिया व स- संयोजक राजेश शुक्ला (छोटू) को बनाया गया है। कार्यक्रम संचालन जिला महामंत्री आनंद शुक्ला द्वारा किया जायेगा। बैठक में प्रमुख रूप से राहुल शुक्ला, राजेश चंदेल ,अनुज राजावत, अनीता चतुर्वेदी, अतुल शुक्ला, उन्नी कृष्णन, निर्भय रेजा, मनीष दुबे ,अतुल भाटिया, संजीव मिश्रा, राम राज पाल, बालकृष्ण पांडे, प्रभाकर तिवारी, मोनी सिंह, छोटू शुक्ला ,पटेल दादा, अनिरुद्ध तिवारी,एनडी तिवारी,अनुज शुक्ला आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

### कल्याणपुर पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को दबोचा

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। कल्यानपुर पुलिस ने मोबाइल लूटने वाले दो लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट का मोबाइल और घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की है। पनकी थाना क्षेत्र के रतनपुर कालोनी निवासी इंद्रेश तिवारी ने 25 सितंबर को सूचना दी कि वह यूनिवर्सिटी से अपने घर दोस्त हरिओम तिवारी के साथ साइकिल से जा रहे थे। शाम साढ़े चार बजे अर्मापुर गेट के पास पनकी रोड पहुंचे थे कि पीछे से बाइक सवार लुटेरों ने उसकी गर्दन पर थप्पड़ मारकर मोबाइल लूट लिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी थी। इसी क्रम में पुलिस ने आपरेशन दृष्टि के अंतर्गत लगाए गए कैमरों की मदद से तुषार चौहान निवासी आस्था होटल मसवानपुर और सौरभ गिरि निवासी ब्रह्मदेव चौराहा शिव नगर मसवानपुर को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के कब्जे से लूट का मोबाइल और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई। इससे पूर्व में भी चौकी प्रभारी ने भाजपा मंडल की पत्नी के साथ चेन लूट के मामले में संजय चौहान उर्फ संजय ढाबा को भी गिरफ्तार करके जेल भेजा था ।गिरफ्तार करने वाली टीम मुख्य रूप से कल्याणपुर थाने के आवास विकास चौकी इंचार्ज शैलेंद्र गिरी, उप निरीक्षक अवलेश कुमार, हेड कांस्टेबल विमलेश कुमार, कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह आदि लोग सम्मिलित रहे।

### पूर्व प्रधान निदेशक ने सुगंधित तेल, सुगंध एवं सुरस के व्यापार की दी जानकारी

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। विस्तार इकाई, सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र,फजलगंज में मंगलवार को सुगंध एवं सुरस निर्माण एवं इसके उपयोग विषय पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्र के पूर्व प्रधान निदेशक के द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं एवं




किये जा रहे कार्यों की डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म दिखाने के साथ पूर्व प्रधान निदेशक द्वारा सुगंधित तेल, सुगंध एवं सुरस के व्यापार की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने द्वितीय सत्र में सुगंधित तेल निकालने की विधि पर चर्चा की। वही कार्यक्रम के तृतीय सत्र में केंद्र प्रभारी डॉ.भक्ति विजय शुक्ला ने तेल को किस प्रकार सूंघा जाता है विषय पर जानकारी दी। इस अवसर पर गुंजन धर गुप्ता एवं सुख देव द्वारा सभी के सूंघने की शक्ति के वैज्ञानिकता के आधार पर टेस्ट किए गए। कार्यक्रम का संचालन केंद्र प्रभारी डॉ. भक्ति विजय शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में चंद्र भान सिंह, केतन पांडेय, अनुराधा गुप्ता, रामकिशोर राठौर, धर्मेंद्र जायसवाल, त्रिलोकी सैनी, अंकित प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## गणेश विसर्जन के दौरान युवक गंगा में डूबा, गोताखोरों की तलाश जारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्नान करते वक्त दोस्तों संग सेल्फी ले रहा युवक अचानक डूबा गया। पुलिस को घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गोताखोरों की मदद से काफी तलाश की लेकिन युवक का कोई पता नहीं चला। अजीत पुत्र दीपक पेंटर निवासी रूमा, उम्र 19 वर्ष (दीपक पेंटर ड्योढ़ी घाट मंदिर पर ही रंगाई पपुताई का काम करता हैं ) जो कि अपने मित्र मनीष पुत्र चंद्रशेखर निवासी रूमा, उम्र 19 वर्ष तथा विक्रम पुत्र वीरेंद्र सिंह, उम्र 21 वर्ष ; अरुण कुमार पुत्र राम स्वरुप, उम्र 30 वर्ष, सूरज गौड़ पुत्र प्रेमचंद,उम्र 18 वर्ष, अमन सिंह पुत्र अजय सिंह, उम्र 18 वर्ष निवासीगण श्याम नगर थाना चकेरी कानपुर नगर के साथ ड्योढ़ी घाट मंदिर पर आया था। गंगा नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने से डूब गया। जल पुलिस व गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश में जुटी हुई है। वही पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## प्रांजुल मेडिकल सेंटर का कारनामा, घरेलू मीटर से चला रहे थे कामर्शियल बिजली

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

**✻ केस्को टीम ने छापेमारी कर किया खुलासा, धारा 126 के तहत हुई कार्रवाई, तीन लाख का जुर्माना**

कल्यानपुर स्थित एक हास्पिटल में घरेलू मीटर से कामर्शियल बिजली चलाते हुए केस्को विभाग की विजिलेंस टीम द्वारा पकड़ी गई। केस्को टीम ने धारा 126 के तहत कार्रवाई कर करीब 3 लाख का जुर्माना लगाया। साथ ही मीटर में रीडिंग स्टोर पाई गई।

सूत्रों के मुताबिक बारा सिरोही में प्रांजुल मेडिकल सेंटर बना हुआ है। संबंधित सबस्टेशन के एसडीओ को सूचना मिली कि यहां पर घरेलू मीटर से कामर्शियल बिजली यूज की जा रही है। इस पर टीम ने छापेमारी कर इसका खुलासा किया। जेई ने बताया कि मीटर में रीडिंग भी स्टोर मिली है। काफी समय से वहां पर घरेलू से कामर्शियल बिजली यूज की जा रही थी। टीम ने धारा 126 के तहत हास्पिटल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की। साथ ही तकरीबन तीन लाख का जुर्माना भी लगाया गया। छापा मारने वाली टीम ने यह भी बताया कि रीडर हास्पिटल का बिल नहीं बनाते थे। इसीलिए रीडिंग स्टोर थी। इससे पहले भी प्रांजुल मेडिकल सेंटर ऐसे ही मामलों में विवादित रहा है आपको बताते चलें यह अस्पताल मानकों ताक पर रख कर चलाया जा रहा है। इस अस्पताल का अभी तक लाइसेंस भी रेनुवाल नहीं हुआ है। कुल मिलाकर हॉस्पिटल का संचालक चारों तरफ से जिला प्रशासन की आंखों में धूल झोंक रहा है।

## सिद्धार्थनगर की घटना को लेकर डीजीपी से संगठन करेगा मुलाकात

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राष्ट्रीय विकलांग पार्टी की बैठक शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में सम्पन्न हुयी। बैठक में जनपद सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज की पुलिस द्वारा बैदौला चौराहे पर दिव्यांग सद्दाम के साथ मारपीट की घटना कि कड़े शब्दों में निंदा की गई और ऐसे पुलिस कर्मियों को बर्खास्त कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की मांग की गई। बैठक में तय किया गया कि पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 से एक प्रतिनिधि मण्डल मिलेगा और दिव्यांगजनों के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार के मामलों में कठोर कार्यवाही की मांग की जायेगी। बैठक में राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार कहा कि दिव्यांगजनों से थानों में सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जा रहा है। सिद्धार्थनगर की घटना इसका




जीता जागता उदाहरण है। प्रतिदिन दिव्यांगजन कभी परिवार, कभी समाज और कभी पुलिस उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं। लेकिन उनको न्याय नहीं मिल पा रहा है जो चिन्ता का विषय है। पुलिस महानिदेशक और अपर मुख्य सचिव, गृह से मिलकर दिव्यांगजनों के प्रति होने वाली इस तरह की घटनाओं को रोकने की मांग की जायेगी और दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की भी मांग की जायेगी। आज की बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार के अलावा जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, जिला अध्यक्ष दक्षिण आनन्द तिवारी, अल्पना कुमारी, वैभव दीक्षित, आशीष कुमार, कमलेश कुमार सिंह, गुलजार अहमद, जितेन्द्र गुप्ता, महेश चन्द्र साहू, अनुराधा गुप्ता, राम जानकी, रामू मिश्रा आदि शामिल थे।

## बिल्हौर कोतवाली स्थित बजरंगबली मंदिर चबूतरे पर सुंदरकांड के बाद भंडारा हुआ

**✻ कोतवाल, एसीपी पत्नी सहित व अधिवक्ताओं ने भाग लेकर प्रसाद चखा**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर कोतवाली परिसर में सदियों पुराने बजरंगबली चबूतरे पर विराजमान है वहीं पर बरगद का पुराना पेड़ है जो पिछले वर्ष आधा भाग गिर जाने से होमगार्ड जवान छोटा हल हो गए थे पुलिस स्टाफ द्वारा पिछली दोनों चबूतरा और मंदिर का जीवन आधार कराया था वहां पर पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की आस्था जुडी हुई है जिससे हर कार्यक्रम में वहां पर सजावट और भंडारा आयोजन किया जाता है इसी कड़ी में मंगलवार को बुढ़वा मंगल के अवसर पर कोतवाल सुरेंद्र सिंह भाटी सहित पुलिस स्टाफ स्वयं एसीपी आईपी सिंह अपनी पत्नी सहित पूजा पाठ में शामिल हुए और भंडारा का प्रसाद बिछाके साथी बिल्हौर तहसील के अधिवक्ताओं और होमगार्ड कंपनी कमांडर विजय कटियार सहित पूरा स्टाफ ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और प्रसाद भी लेकर ही अपने घरों को प्रस्थान किया है एसीपी आईपी सिंह ने बताया कि इस प्रकार के प्रोग्राम हम सबको एक साथ बैठने और अपने-अपने विचार व्यक्त करने का मौका मिलता है यही एक समाज की पहचान है हम सब सुख दुख में एक साथ शामिल होते हैं सभी दूरदराज नौकरी करते हैं लेकिन जब ऐसे प्रोग्राम में वहां के स्थानीय लोग सम्मिलित होते हैं तो एक परिवार का रूप ले लेता है और घर के परिवार के सदस्यों की अनुभूति होती है। तहसील के ही समीप कोतवालेश्वर मंदिर में भी दोपहर से भंडारा का आयोजन हुआ। कमसान गांव सभा में स्थित सिद्ध मौनी आश्रम में अखंड पाठ रामायण का संपन्न हुआ सुबह से ही भंडारे का आयोजन देर रात तक चलता रहा वहीं अलियापुर में गुड्डू यादव ने अपनी आढत पर भांडरे का प्रसाद शाम तक राहगीर चखते रहे।

## शिक्षक उत्पीड़न के विरोध में हलीम मुस्लिम के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

हलीम मुस्लिम पी0 जी0 कालेज कानपुर की शिक्षक संघ इकाई (कूटा) के तत्वाधान में शिक्षक उत्पीड़न के विरूद्ध महाविद्यालय के मुख्य द्वारा पर धरना प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर कानपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के पदाधिकारी और शहर के विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनितिक लोग शामिल हुए। कूटा के अध्यक्ष प्रो0 बी0डी0 पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि पूर्व कार्यवाहक प्राचार्य डा0 अश्विनी कुमार पाण्डेय द्वारा असंवैधानिक तरीके से शिक्षकों को महाविद्यालय में शिक्षण कार्य से रोका जाना अत्यन्त निन्दानीय है। नये कार्यवाहक प्राचार्य द्वारा कुलपति और क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कानपुर के आदेशों के अनुपालन में शिक्षकों को शिक्षण कार्य करने हेतु अनुमति प्रदान करना एवं उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर कराया जाना सराहनीय है। कूटा सदैव शिक्षक हित में कार्य करने के लिए वचन बद्ध है तथा हलीम कालेज के शिक्षकों के हित की लड़ाई में सदैव तत्पर है। इसी अवसर पर संयुक्त विपक्षी मोर्चा के संयोजक सुरेश गुप्ता ने कहा शिक्षण संस्थायें पूजनीय स्थल होते हैं और शिक्षण कार्य करना महामानवीय कृत्य है। नये कार्यवाहक प्राचार्य को मुबारक बाद देते हुए उन्होने कहा कुलपति एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी का अनुपालन कर नये कार्यवाहक प्राचार्य ने विरोध प्रदर्शन को उत्सव में बदल दिया। अगर शिक्षण संस्थायें नियमानुसार कार्य नही करेगी तो कानून व्यवस्था प्रभावित होगी। कालातीत प्रबन्धतंत्र को चेतावनी देते हुए कहा कि अब इस प्रकार शिक्षकों को प्रताड़ित किया गया तो आन्दोलन सड़को पर किया जाएगा। इस अवसर पर डा0 विमल जायसवाल, डा0 धनंजय सिंह, डा0 सतीशचन्द्र, डा0 आनन्द शुक्ला, डा0 पी0एन0 त्रिवेदी, बालेन्द्र कटियार, असित कुमार सिंह, दीपक मालवीय (अध्यक्ष लोक सेवा मण्डल), एम0ए0एच0 खान, अखिल भारतीय स्नातक संघ के अध्यक्ष संतोष तिवारी, प्रो0 सुशील श्रीवास्तव एवं अन्य उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 प्रशिक्षार्थियों ने किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र कबीर भवन जी.टी. रोड में मंगलवार को 100 दिवसीय उद्यमिता विकास खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का शुभारंभ उपनिदेशक उद्यान कानपुर मंडल बलजीत सिंह एवं राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र कानपुर नगर के प्रधानाचार्य पवन कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन केंद्र प्रभारी वी.के.मिश्रा द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में उपनिदेशक ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व प्रधानाचार्य ने पी.एम.एफ.एम.ई.



योजना एवं उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 की जानकारी दी। केंद्र प्रभारी वी.के.मिश्रा ने बताया कि इस प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विषयों के व्याख्यानों के साथ प्रयोगात्मक कार्य भी कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षार्थी अपना स्वयं का उद्योग भी स्थापित कर सकते हैं तथा विभाग द्वारा 35 फ़ीसदी का अनुदान भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया जिन्हें साहित्य एवं स्टेशनरी वितरित की गई।

### बिठूर के सनातन मंदिर में मंगल मूर्ति, संतानेश्वर एवं थानेश्वर हनुमान के रूप में विराजे श्री हनुमान जी महाराज

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। बिठूर के विख्यात सनातन मंदिर में बुढ़वा मंगल के अवसर पर हनुमान जी महाराज तीन रूपों में विराजमान हुए। सनातन मंदिर चेतना समिति के सचिव अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि बिठूर के इस प्राचीन शिव विष्णु मंदिर का जब जीर्णोद्धार द्वारा हुआ तभी हनुमान जी महाराज की अनंत कृपा से उसमें श्री हनुमान जी महाराज की मंगल मूर्ति स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा करके स्थापना हुई थी। उसके पश्चात बिठूर थाने से हनुमान जी महाराज को आमंत्रित कर विधिवत थानेश्वर हनुमान के रूप में स्थापित किया गया। और इसी सप्ताह संतान सप्तमी के दिन कानपुर सेंट्रल वाले हनुमान जी को संतानेश्वर हनुमान के रूप में इसी मंदिर के प्रांगण में स्थापित किया गया।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र मोहम्मद अज़हर मोईन से संबंध विच्छेद करके इन्हे अपनी चल– अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरा एवं मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
मोईनुद्दीन पुत्र बदरुद्दीन
निवासी – 368 रेल बाजार, कैंट, कानपुर नगर।

# प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यक्रमों, राजस्व कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर की समीक्षा बैठक

**निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें संबंधित: प्रभारी मंत्री**

जन एक्सप्रेस । अमेठी




राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण विभाग व जनपद प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों राजस्व कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा किया।बैठक में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति में सुधार लाने एवं पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने कर-करेत्तर की समीक्षा किया। जिसमें आबकारी, विद्युत, परिवहन, खनन, स्टाम्प, नगरीय निकाय विभाग द्वारा की गई वसूली की जानकारी ली। अधीक्षण अभियंता विद्युत को अनावश्यक विद्युत भार बढ़ाने व बिल ज्यादा आने तथा विजिलेंस की टीम द्वारा गांव में जाकर फर्जी तरीके से जनता को परेशान करने की शिकायतों पर कार्यवाही करने को कहा।दैवीय आपदा के दौरान तत्काल पीड़ित परिवारों को सहायता राशि उपलब्ध कराने को कहा।

इसके साथ ही प्रभारी मंत्री ने लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़कों का निर्माण, गड्ढा मुक्ति, सिंचाई पंप की आपूर्ति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं भरण पोषण की स्थिति, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, एंबुलेंस, टीकाकरण की स्थिति, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं संचालन की स्थिति, हैंडपंप रिबोर, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों आंगनवाड़ी केंद्रों का सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, स्वयं सहायता समूह, उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम शादी अनुदान योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल विकास, पोषण पखवाड़ा, दुग्ध विकास, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम निवेश मित्र आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति सहित अन्य कार्यों की गहन समीक्षा किया।

कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने हत्या के मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी लूट के मामलों में गिरफ्तारी, महिला उत्पीड़न, बलात्कार, अपहरण, पास्को एक्ट, गुंडा एक्ट अनुसूचित जनजाति उत्पीड़न, लंबित विवेचना गैंगस्टर, रासुका सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा किया एवं पुलिस अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिया। प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभागों को जो भी निर्देश दिए गए हैं,उन्हें कड़ाई से लागू किया जाए। अगली बैठक में इसकी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने जनपद में चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी ली एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी।

बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी डीएन सिंह,परियोजना निदेशक डीआरडीए एश्वर्य यादव, जिलाध्यक्ष भाजपा रामप्रसाद मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# शहीद के गांव में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । अमेठी




मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को नेहरू युवा केन्द्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के नेतृत्व में ग्राम पंचायत नरैनी में शहीद अनिल मौर्य के खोंजवा गांव में एक चुटकी चावल एक मुट्ठी मिट्टी एकत्रित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार तिवारी प्रधानाचार्य राम करन सिंह इंटर कॉलेज नरैनी अमेठी तथा उपनिदेशक ने लोगों को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत संबोधित किया। उन्होंने बताया कि यह अभियान पूरे जिले में सभी ग्राम पंचायतों में लगातार चलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत में शहीद की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया गया। माल्यार्पण के बाद भारत माता की जय शहीद अनिल मौर्य अमर रहे के नारों से गूँजती हुई, अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

कलश यात्रा गाँव मे **एक चुटकी चावल एक मुट्ठी मिट्टी** एकत्र करते हुए, शहीद स्थल पर समाप्त की गई। यह कार्यक्रम विवेक मिश्र राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक नेहरू युवा केन्द्र अमेठी संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन में शहीद के भाई राजू मौर्य को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ललित प्रकाश मिश्र देश राज दीपांश सूरज रितेश इंद्रजीत, सचिव विपिन तिवारी सुनीता मौर्या अनीता गुप्ता, सहित इंटर कॉलेज के तमाम छात्र छात्रा मौजूद रहे। तथा संग्रामपुर विकास खण्ड ग्राम सभा मंडोली के मनिकापुर गांव में शहीद विनोद यादव के घर से एक चुटकी चावल और मिट्टी एकत्रित करके कलश यात्रा निकाली गई।और शिला फलकम पर शपथ दिलाई गई। कलश यात्रा में उपनिदेशक डॉ आराधना राज खंड विकास अधिकारी ग्राम प्रधान जिला युवा संयोजक सरिता सिंह एनवाईवी सीमा यादव मंडल अध्यक्ष के साथ गांव के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# आसान नहीं स्कूल की डगर, सड़क के जर्जर होने से बच्चे नहीं जा पा रहे स्कूल

**जर्जर कीचड़ से सनी जल भराव सड़क से गुजरने को मजबूर छात्र खंजड मार्ग पर आवागमन करते नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बयां किया दर्द**

जन एक्सप्रेस । राजेश पाल

**बाजार शुक्ल, अमेठी।** जनपद के आखिरी छोर पर स्थित विकासखंड बीबीपीआई में शुमार होता है।जहां कागजों पर विकास की गंगा बहती देखी जाती है। वहीं नन्हे-नन्हे बच्चों के लिए विद्यालय आवागमन करने वाले मार्ग की दरकार देखी जा रही है। जर्जर, कीचड़ से सनी जल भराव वाली सड़क पार कर छात्र शिक्षा ग्रहण करने स्कूल जाने को मजबूर है।इस दौरान बच्चों के ड्रेस भी गंदे हो जाते है। ग्रामीण अधिकरियों और जन प्रतिनिधि विधायकों से कई बार गुहार लगा चुके है। लेकिन इनकी समस्या सुनने कोई तैयार नहीं है। जिससे लाचार होकर बच्चे अपने इस दर्द मीडिया के माध्यम से सरकार को हकीकत से रूबरू कराने की कोशिश की है।एक ओर जहां सरकार विकास का गुणगान करती है।तो वहीं दूसरी तरफ विकास के दावों की पोल खोलती तस्वीरे सामने आती देखी जा रही है। बानगी के तौर पर सेंट जान इंटर कॉलेज कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कृष्ण चंद्र रामचंद्र इंटर कॉलेज क्षेत्र के आदि विद्यालयों के मार्ग जर्जर देखे जा रहे है। सड़के बदहाल व जर्जर देखी जा रही हैं। बड़े-बड़े गड्ढे होने के चलते बरसात का पानी सड़कों से बाहर नहीं निकल पाता है। जिस कारण जनमानस व विद्यालय जाने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों को सड़क भरे पानी से चलने को मजबूर होना पड़ता हैं।



## जिम्मेदारों के ध्यान न देने से उपज रहे हालात

स्थानीय लोगों व छात्रों के अभिभावकों से बात साझा की गई बताया जनप्रतिनिधि व विभाग के जिम्मेदारों द्वारा ध्यान न दिए जाने से हालत उपजते देखे जा रहे हैं। अवगत कराने के बावजूद हालात जस के तस देखे जा रहे हैं।सबसे ज्यादा परेशान स्कूली बच्चे हो रहे हैं। उन्हें जलभराव के बीच से ही होकर स्कूल जाना पड़ता है। स्कूल जाते समय उनके कपड़े खराब हो जाते हैं। कीचड़ लगने के कारण कभी-कभी वो स्कूल से बिना पढ़े ही वापस आ जाते हैं। क्षेत्र वासियों ने उच्च अधिकारियों से निरीक्षण कर आने जाने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों के विद्यालय मार्ग सही कराने की मांग की है जिससे आवागमन सुगम हो सके।

# फार्मेसी संकाय में हुआ विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर




कमला नेहरू संस्थान के फार्मेसी संकाय मे एक सप्ताह (17 सितम्बर से 23 सितम्बर 2023) तक चल रहे तीसरे फार्माकोविजिलेंस सप्ताह का 25 सितम्बर 2023 को विश्व फार्मासिस्ट दिवस के सफल आयोजन के बाद समापन हो गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. गोपाल प्रसाद रजक वरिष्ठ चिकित्सक और फार्मेसी संकाय के निदेशक प्रो0 (डॉ.) महेश प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ प्रारम्भ किया।

संस्थान के निदेशक ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया स साथ ही संस्थान के निदेशक ने अपने व्याख्यान मे फार्मा को विजिलेंस और फार्मासिस्ट दिवस के बारे मे विस्तृत जानकारी दी और बताया कि इंटरनेशनल फार्मास्यूटिकल फेडरेशन के तत्वाधान मे प्रत्येक वर्ष 25 सितम्बर को फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन किया जाता है और फेडरेशन प्रत्येक वर्ष एक थीम निर्धारित करता है इस बार की थीम है 'फार्मासिस्ट स्वास्थ्य प्रणालिओ को मजबूत कर रहे है' **अंगदान महादान** है। उन्होंने जीवन मे अंगदान के बारे मे बताया कि अगर मौत के बाद भी आप किसी के काम आ सकें तो इससे बेहतर और क्या हो सकता है। मौत के बाद भी अगर आपका दिल किसी के सीने में धड़के तो इससे बड़ी बात क्या हो सकती है। मौत के बाद भी आपकी आंखें फिर से इस हसीन दुनिया को निहारें तो इससे बेहतर क्या हो सकता है। मुख्य अतिथि ने भी अपने व्याख्यान मे विश्व फार्मासिस्ट दिवस के बारे मे विस्तृत जानकारी दी और बताया की अंगदान जीवन का एक बहुत बड़ा दान है, हम इस दुनिया से जाने बाद भी किसी के काम आ सके, हमारी किडनी, हृदय, लिवर, आँखे किसी को नई जिंदगी दे सके तो इस पृथ्वी पर इस से बड़ा कोई दूसरा दान नहीं हो सकता।

इस कार्यक्रम मे संस्थान के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे लोगो एंड स्लोगन कम्पटीशन, रंगोली, मेमोरी गेम, पोएट्री राइटिंग, पोस्टर प्रेजेंटेशन, क्विज, वृक्षारोपण आदि प्रतियोगिताओ के साथ फार्मासिस्ट जागरूकता रैली का आयोजन हुआ स्लोगन राइटिंग मे शुभम साहू बीफार्म फाइनल ईयर, बेस्ट आउट ऑफ़ स्क्रैप मे विवेक यादव और पुष्कर बीफार्म. सेकंड ईयर, स्केचिंग प्रतियोगिता मे चांदनी केसरवानी बीफार्मण् फाइनल ईयर, पोस्टर प्रेजेंटेशन मे अंशुमान मिश्रा बीफार्म. फाइनल ईयर, पोएट्री राइटिंग मे सूर्यांश सिंह बी.फार्म. फाइनल ईयर के छात्र प्रथम रहे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल छात्रों को पुरस्कृत कर प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर संकाय के समस्त छात्र, शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजयुमो जिलाध्यक्ष पर कार्यवाही न होने से आमजन में रोष व्याप्त

जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर

डॉ. घनश्याम तिवारी मर्डर केस में उनकी पत्नी ने पुलिस को घटना से संबंधित दूसरी तहरीर दी है। इसमें हत्यारे अजय नारायण सिंह के चचेरे भाई भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह समेत परिवार के अन्य सदस्यों का भी नाम है। बावजूद इसके सोमवार को वे पार्टी के कार्यक्रम में शामिल हुए। सोशल मीडिया पर उन्होंने फोटो शेयर की। लेकिन हत्याकांड से जुड़े संदिग्धों के घरों पर रेड मार रही पुलिस उन तक नहीं पहुंच सकी।

लंभुआ कोतवाली अंतर्गत सुखौली कलां निवासी डॉ. घनश्याम तिवारी की शनिवार देर शाम क्रूरता के साथ हत्या की गई। हत्यारा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य रहे गिरीश नारायण सिंह उर्फ बब्बन सिंह का भतीजा तो भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह का चचेरा भाई है। जहां मुख्य आरोपी अजय अब तक फरार है वही सोमवार को पड़ी तहरीर में मृतक डॉक्टर की पत्नी ने बब्बन सिंह व चंदन सिंह का नाम लिया है। इन तक भी पुलिस के हाथ अभी नहीं पहुंच सके हैं।

सोमवार को भाजपा कार्यालय पर पं0 दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के मौके पर कार्यक्रम आयोजित था, भाजयुमो जिलाध्यक्ष उसमें शामिल हुए। अपनी फेसबुक आईडी से उन्होंने फोटो शेयर की है। यही नहीं भाजपा ने मीडिया में जो प्रेस रिलीज जारी किया है उसमें भी भाजयुमो जिलाध्यक्ष के नाम का उल्लेख है। सवाल काफी अहम है, घटना के बाद से भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा पीड़ित परिवार के साथ आगे-आगे दिखाई दे रहे तो फिर पार्टी पदाधिकारी का घटना में नाम आने के बाद उस पर कार्रवाई से क्यों बच रहे हैं? बता दें कि सोमवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह के पिता जगदीश नारायण सिंह को जेल भेजा है। एसपी सुल्तानपुर सोमेन बर्मा ने बताया कि मृतक की पत्नी द्वारा जो दूसरी तहरीर दी गई है उस पर दूसरा मुकदमा नहीं दर्ज होगा। बल्कि तहरीर को हत्या के दर्ज मुकदमे में शामिल किया जाएगा।

## 18 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों ने किया मंथन

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक, ब्लाक ईकाई दूबेपुर, जिला सुल्तानपुर की बैठक ब्लाक संसाधन केंद्र दुबेपुर पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष राम बहादुर मिश्र ने किया। श्री मिश्र ने कहा कि शिक्षक हितों के साथ कोई समझौता मंजूर नहीं है। शिक्षकों और कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली सहित 18 सूत्रीय मांग के अगले चरण का संघर्ष आगामी 9 अक्टूबर को लखनऊ में विशाल धरना प्रदर्शन के रूप में किया जाएगा। जब तक सरकार हमारी मांग नहीं मानती तब तक हमारा संघर्ष चलता रहेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डाक्टर आशुतोष कुमार पांडेय ने कहा कि शिक्षकों के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ नहीं होने पाएगा। इसके लिए संगठन प्रत्येक स्तर पर उतरकर संघर्ष करने को तैयार है।

# प्रदेश के मजदूरों की मांगों को लेकर बीएमएस की विशाल रैली का आयोजन आज

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




भारतीय मजदूर संघ प्रदेश के कामगारों की मांगों को लेकर एक विशाल रैली आयोजित करेगा। यह रैली लखनऊ के इको गार्डन में 27 सितंबर बुधवार को आयोजित की गई है। रैली के आयोजन के सिलसिले में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री अनिल उपाध्याय ने संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ एक मीटिंग की। मीटिंग जिला सहकारी बैंक के सभागार में आयोजित हुई। इस मीटिंग में बीएमएस के प्रांतीय महामंत्री अनिल उपाध्याय ने कहा कि हमारे संगठन की प्राथमिकता मजदूरों के हितों के संरक्षण की है। हम अपनी समान विचारधारा की सरकारों का समथर्न तो करते हैं। परंतु यदि हमारे समथर्न की सरकारे मजदूरों के हित में निणर्य नहीं लेंगी, तो हम उनके सामने खड़े होने में भी नहीं हिचकेंगे। उन्होंने कहा कि मजदूर जब तक अपनी शक्ति का प्रदर्शन नहीं करता तब तक कोई सरकार मजदूरों को कुछ भी देना नहीं चाहती। मांगों के सिलसिले में श्री उपाध्याय ने बताया की विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि, पत्रकारों के लिए सुरक्षा एवं बीमा योजना आदि प्रमुख मांगों के समथर्न में यह रैली आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि रैली में कम से कम एक लाख लोगों से सम्मिलित होने की उम्मीद है। मीटिंग में जिला भारतीय मजदूर संघ के संरक्षक नागेश सिंह, आर डी सिंह, रामकुमार तिवारी, जिला अध्यक्ष सीएम सिंह, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष सुधीर सिंह, हसीना बानो, यज्ञ नारायण तिवारी, अमेठी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह उषा बाजपेई आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कायर्क्रम का संचालन आरडी सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री का अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

## रक्तदान कर जीवन के नायक बनें: कपिलदेव

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** पं0 दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती के अवसर पर रायबरेली की ख्याति प्राप्त चिकित्सा संस्था चिकित्सा नाऊ, हाथी पार्क रायबरेली के प्रबन्ध निदेशक डा0 पल शुक्ला द्वारा एक उल्लेखनीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समुदाय की उत्साहपूण भागीदारी देखी गई, जिसमें 118 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने रक्तदाताओं को शुभकामनायें देते हुए कहा कि कभी-कभी पैसा जीवन नहीं बचा सकता, लेकिन दान किया हुआ रक्त बचा सकता है, आपके रक्तदान से किसी को जीवन की आशा है। पैसों से ज्यादा मूल्य आपके द्वारा किया हुआ रक्तदान है।

# लखनऊ रेंज पुलिस और पीरामल फाइनेंस ने साइबर सुरक्षा जागरूकता पहल 'सबकी नीयत साफ नहीं होती' जनपद रायबरेली से किया लॉन्च

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




लखनऊ रेंज पुलिस और पीरामल फाइनेंस ने उ0 प्र0 के नागरिकों को जागरुक करने के लिए मंगलवार को एक संयुक्त साइबर पहल **'सबकी नीयत साफ नहीं होती'** का आयोजन किया गया। वित्तीय साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ जागरूकता, सुरक्षा और रोकथाम पर लखनऊ रेंज पुलिस और पीरामल फाइनेंस की संयुक्त पहल में पहले चरण में अगले 2 महीनों में सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली और खीरी जिलों में नुक्कड़ नाटक, सोशल मीडिया आउटरीच, इंटरैक्टिव कार्यशालाएं, वीडियो, बैनर, साइनेज बोर्ड और अन्य गतिविधियों के माध्यम से जन जागरुकता कार्यक्रम शामिल हैं। जनपद रायबरेली से इस पहल की शुरुआत पियूष मोर्डिया, अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ मंडल, तरूण गाबा पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र और आलोक प्रियदर्शी, एसपी रायबरेली की गरिमामयी उपस्थिति में की जा रही है। इस दौरान सुनीत मदान, मुख्य परिचालन अधिकारी और अरविंद अय्यर, प्रमुख मार्केटिंग, पीरामल फाइनेंस व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और पीरामल फाइनेंस के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इस पहल का उद्देश्य उन अनुभवों और साइबर खतरों पर आमजनमानस से सीधे बात करना है जिनका व्यक्ति दैनिक आधार पर सामना करते हैं और उन्हें सतर्क रहने और वित्तीय साइबर धोखाधड़ी का शिकार न होने के लिए शिक्षित करना है। इसके अतिरिक्त इसका उद्देश्य संभावित साइबर खतरों को पहचानने, निवारक उपायों को लागू करने, धोखाधड़ी वाली गतिविधियों की तुरंत रिपोर्ट करने और खुद को और अपने प्रियजनों को संभावित वित्तीय नुकसान से बचाने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल के साथ व्यक्तियों को सशक्त बनाना है। रायबरेली पुलिस और पीरामल फाइनेंस की 'सबकी नीयत साफ नहीं होती' 'संयुक्त साइबर सुरक्षा पहल' सरल एवं कार्यवाही योग्य सलाह देने पर केंद्रित है ताकि यू0पी0 में हर किसी के पास साइबर अपराध के खिलाफ रक्षा की एक ठोस जानकारी हो। आम जनता के भीतर जागरूकता बढ़ाना और सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच मजबूत सहयोग को बढ़ावा देना, ऑनलाइन क्षेत्र में व्यक्तियों और उनके वित्तीय कल्याण दोनों की सुरक्षा के लिए यह महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। भारत में इंटरनेट के उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि के बीच, दुनिया भर में दूसरे सबसे बड़े उपयोगकर्ता आधार के साथ, हमें अर्ध-शहरी और ग्रामीण भारत में गहरी डिजिटल पैठ को स्वीकार करना चाहिए। साइबर साक्षरता की आवश्यकता कभी इतनी अधिक नहीं रही और साइबर सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। इस महत्वपूर्ण कदम में लखनऊ रेंज पुलिस के साथ पीरामल फाइनेंस का साथ आना उल्लेखनीय है। इस पहल का उद्देश्य राज्य के नागरिकों को न केवल साइबर खतरों को पहचानने में, बल्कि घटनाओं को सक्रिय रूप से रोकने और निवारण के लिए सही रास्ते तलाशने में भी सशक्त बनाना है।

# डीएम ने त्रिपुला स्थित कान्हा गोवंश विहार गौशाला का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

डीएम हर्षिता माथुर ने त्रिपुला स्थित कान्हा गोवंश विहार गौशाला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गायों के खानपान चारे आदि व्यवस्था के बारे में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी गौशाला केन्द्रों पर गौवंश को बीमारियों आदि से बचाव के समुचित उपायों के साथ ही सभी व्यवस्थाओं को पूरी तरह से दुरुस्त रखा जाए। इसके अलावा पशुओं को किसी भी प्रकार की बीमारी आदि न हो सके इसी जांच भी पशु चिकित्साधिकारी से नियमित रूप से कराते रहे। गोवंशों के खान-पान चारा आदि व्यवस्थाओं को पूरी तरह से दुरुस्त रखते हुए किसी भी प्रकार की कमी न होने पाये और गौवंशों की बेहतरी के लिए निरंतर कार्य किये जाये। उन्होंने निरीक्षण रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, पंचनामा आदि रजिस्टरों का अवलोकन किया तथा सम्बन्धित अधिकारी से निरीक्षण आदि व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कस्बों में जो आवारा गौवंश मिले उन्हें गौशालाओं में पहुंचकर उसका संरक्षण किया जाये। डीएम ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी व सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि गौशाला का प्रभावी तरीके से संचालित किया जाए तथा गौशाला में निराश्रित गोवंशों को रखा जाए तथा उनकी देखभाल भी बेहतर तरीके से की जाये। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में चारा, पानी आदि में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहे। डीएम के निरीक्षण के समय कान्हा गोवंश बिहार में 522 गोवंश संरक्षित पाये गये। गौशाला परिसर में 200 कु0 भूसा व 10 कु0 हरा चारा संरक्षित पाया गया। परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था सही पायी गयी। गौशाला में चिकित्सा, बधियाकरण, ईयर टैगिंग, टीकाकरण का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है, एवं सभी अभिलेख के साथ-साथ मृत पशु पंजिका, गोवंशों की विवरण पंजिका, निरीक्षण पंजिका आदि पूर्ण पायी गयी। डीएम ने बीमार पशुओं के लिए आइसोलेशन शेड बनाने के साथ, अधिक मात्रा में हरा चारा उगाने के निर्देश दिये गये तथा स्वयं सहायता समूहों का सहयोग लेकर गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनाकर विक्रय किया जाए एवं प्राप्त धनराशि का उपयोग गौशाला के कार्य में प्रयोग किया जाए तथा प्राप्त धनराशि का अभिलेख बनाकर सुरक्षित किया जाए। इसी दौरान जिलाधिकारी द्वारा गोशाला परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# बीकेटी सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय की स्वास्थ्य अपर निदेशक ने की जांच-पड़ताल

* अस्पताल के अधीक्षक पर व्यक्ति ने इलाज के एवज में रिश्वत मांगने का लगया था आरोप
* ग्रामीण मरीज़ को नहीं मिल रहा सही इलाज, स्वास्थ्य सुविधाएं हैं ठप्प

जन एक्सप्रेस। पीयूष द्विवेदी





**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब सीतापुर रोड स्थित रामसागर मिश्र शौ सैय्या संयुक्त चिकित्सालय साढामऊ अस्पताल में सरायदामू गांव निवासी शुभम सिंह पुत्र स्व राजकुमार सिंह अपनी पत्नी दीपा सिंह का इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया था। वहीं पति शुभम का आरोप है कि पत्नी दीपा सिंह गर्भवती होने के कारण इलाज के लिए शौ सैय्या संयुक्त चिकित्सालय साढामऊ में भर्ती करवाया था जहां महिला डॉक्टर ने दोपहर में गर्मी बताकर शाम को ऑपरेशन करने की बात कही थी। वहीं शाम को ऑपरेशन की ड्रेस



पहनकर ओपीडी में ले गए तभी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ पुष्पलता कनौजिया ने गर्भवती दीपा सिंह को बेहोशी और सुन्न होने का इंजेक्शन देने वाले चिकित्सक अनुपस्थित बताया जबकि वह उन्ही के रूम में ही बैठे थे, वहीं शुभम सिंह ने कहा कि अस्पताल की डॉ.पुष्पलता कनौजिया ने कहा कि डॉक्टर बाहर से बुलाने पड़ेंगे अच्छा ऑपरेशन होगा कुछ रुपए खर्च करिए। इसी को लेकर परिजन पीड़ित शुभम सिंह ने लखनऊ स्वास्थ्य अपर निदेशक सुनील भारती से लिखित शिकायत कर कार्यवाहीं की मांग की थी।

### परिजन की शिकायत पर स्वास्थ्य अपर निदेशक ने की जांच पड़ताल

मैरिज के परिजन शुभम सिंह की शिकायत पर स्वास्थ्य अपंदेशक लखनऊ सुनील भारती ने मंगलवार दोपहर राम सागर मिश्र सो सैया सलाम अस्पताल अचूक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गहनता से सभी वार्डों की जांच पड़ताल कर गंदगी एवं लापरवाही पर नाराजगी जताई तथा डॉ पुष्पलता कनौजिया व डॉ.पूजा सिंह से लगभग एक घंटा पूछ-ताछ कर अस्पताल के सभी विभागों का निरीक्षण किया। संवाददाता के सवाल करने पर स्वास्थ्य अपन निदेशक सुनील भारती ने कुछ कहने से मना कर दिया।

### बीकेटी के दूर दराज इलाकों से आने वाले ग्रामीणों को नहीं मिल रहा सही इलाज

बीकेटी स्थित रामसागर मिश्र शौ सैय्या साढामऊ संयुक्त चिकित्सालय में तहसील क्षेत्र के कई गांवों के ग्रामीण अपने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचते हैं, लेकिन अस्पताल प्रशासन की लापरवाहीं के चलते मरीज को सही इलाज नहीं मिल पा रहा है ना तो सही से मरीजों की जांच होती है और ना ही मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं लेने में पसीना बहाना पड़ रहा है आये दिन अस्पताल परिसर में मरीजों की भारी भीड़ रहती है, लेकिन जिम्मेदार डॉक्टर जिनको भगवान का रूप कहा जाता है वह सरकारी व्यवस्थाओं का दुरुपयोग कर अपनी जेब गर्म करने में लगे हुए हैं जिससे की क्षेत्रीय जनता अस्पताल कर्मचारी एवं डॉक्टर से परेशान है।

## 17 पीसीएस अफसरों को आईएएस में प्रमोशन, केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने जारी किया आदेश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश के 17 पीसीएस अधिकारियों को आईएएस में पदोन्नति दे दी गई है। इस संबंध में केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने आदेश जारी कर दिया है। ये अधिकारी हैं -श्री प्रकाश गुप्ता, प्रीति जायसवाल, संतोष कुमार वैश्य, धर्मेंद्र सिंह, आनंद कुमार शुक्ला, अरविंद कुमार मिश्रा, विजय कुमार, अवनीश सक्सेना, रितु सुहास, राजेश कुमार, शत्रोहन वैश्य, विनोद कुमार, रविंद्र कुमार, हिमांशु गौतम, मुकेश चंद्रा, उमाकांत त्रिपाठी और नरेंद्र सिंह।

# लखनऊ नगर अध्यक्ष ने चंद्रिका देवी के किये दर्शन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ नवनियुक्त नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बीकेटी के कठवारा स्थित मां चंद्रिका देवी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बता दें कि लखनऊ नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा के बाद यह पद आनंद द्विवेदी को भाजपा पार्टी द्वारा दिया गया हैं। वहीं आनंद द्विवेदी नगर अध्यक्ष लखनऊ ने मंगलवार को कठवारा गांव स्थित मां चंद्रिका देवी के दर्शन कर मां का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर माँ चंद्रिका देवी प्रांगण में प्रथम आगमन पर आलोक द्विवेदी के द्वारा नगर अध्यक्ष का ज़ोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर लखनऊ युवामोर्चा नगर अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह, विवेक सिंह तोमर, अतुल शुक्ला, अंकुर सिंह, अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# इंडिया मार्का हैंडपंप से गंदा पानी आने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब ब्लॉक क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सोनवां के मजरा डींगुरपुर में गांव के बीच तालाब के किनारे लगे इंडिया मार्का हैंडपंप से गंदा पानी आने से ग्रामीणों में नाराजगी व आक्रोश व्याप्त है। बता दें कि डींगुरपुर गांव निवासी नंदकिशोर उम्र करीब 50 वर्ष ने बताया कि इंडियामार्का हैंडपंप पिछले एक महीने से गंदा पानी दे रहा है इस नल से लगभग 50 घरों में पानी जाता है कभी-कभी तो नल से पिला पानी भी आने लगता है जिससे कि ग्रामीण निवासी इस पानी को पीकर बीमार पड़ रहे हैं। वहीं सरकारी हैंड पंप का चौतरा तक नहीं बना है ग्रामीणों का कहना है कि कई बार ग्राम प्रधान एवं सचिव से इसकी



### क्या बोले जिम्मेदार

बीकेटी ब्लॉक विकासखंड अधिकारी पूजा सिंह ने बताया कि जल मिशन योजना के तहत सभी गांवों में कार्य तेजी से किया जा रहा है अगर डींगुरपुर गांव में नल में गंदा पानी आ रहा है तो इसकी जांच कराकर नल को सही कराया जाएगा।

शिकायत की लेकिन इस तरफ किसी का ध्यान नहीं है। डींगुरपुर गांव मे नल लगे हैं लेकिन गंदा पानी आने से ग्रामीण परेशान है।

# 25 लाख युवाओं को मिलेगा 9972 रुपये का स्मार्टफोन, 372 करोड़ की पहली किस्त हुई जारी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



प्रदेश के 25 लाख युवाओं को स्मार्टफोन व टैबलेट मिलने का रास्ता साफ हो गया है। स्मार्टफोन की सप्लाई के लिए जेम पोर्टल के जरिए चांर कंपनियों का चयन किया गया है। 3.75 लाख स्मार्टफोन की पहली किस्त एक माह में मिल जाएगी। इसके लिए करीब 372 करोड़ रुपये धन की स्वीकृति शासन ने कर दी है। 25 लाख स्मार्टफोन के लिए 3600 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। मंगलवार को अनु सचिव अनीता चौधरी ने आयुक्त एवं निदेशक उद्योग को इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया। यूपीडेस्को को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन व टैबलेट के मुफ्त वितरण की जिम्मेदारी दी गई है। खरीद के लिए यूपीडेस्को को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। 23 अगस्त को 25 लाख स्मार्टफोन व टैबलेट की खरीद के लिए 9972 रुपये प्रति स्मार्टफोन दर तय की गई। इसी के साथ विजन डिस्ट्रीब्यूशन, सेल्कॉन इम्पैक्स और एनएफ इंफ्राटेक सर्विस को सैमसंग स्मार्टफोन की सप्लाई के लिए चुना गया।

ये कंपनियां क्रमशः 784314, 686275 और 588235 स्मार्टफोन की सप्लाई करेंगी। इंसटेंट प्रोक्योरमेंट सर्विस लावा ब्रांड के 441176 फोन की सप्लाई करेगी। इस तरह ये चारों कंपनियां 25 लाख फोन की सप्लाई करेंगी। आपूर्तिकर्ता 15 फीसदी फोन की सप्लाई पहले चरण में करेंगे। पहले चरण में 3.75 लाख स्मार्टफोन की आपूर्ति पर 373 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसमें 2 करोड़ की धनराशि पहले ही खातों में ट्रांसफर की जा चुकी है। शेष लगभग 371 करोड़ रुपये की स्वीकृति शासन ने दे दी है।

### पीएमजीएसवाई अनुरक्षण मद में 76 करोड़ स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित मार्गो के अनुरक्षण हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्राविधानित बजट के सापेक्ष द्वितीय किश्त के रूप में 7633.93 लाख की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।जारी शासनादेश में सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृत धनराशि का व्यय प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत गठित उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण की नियमावली एवं इस संबंध में निर्गत शासनादेशो के अनुसार किया जाए।

# अखिलेश यादव का आरोप, विधानसभा चुनाव में भाजपा ने षड्यंत्र कर सपा समर्थकों के वोट कटवाए, अब अलर्ट हैं हम

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा चुनाव में हेराफेरी कर सत्ता पर कब्जा बनाए रखना चाहती है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने षड्यंत्र कर सपा समर्थकों के वोट कटवाए। ऐसा भविष्य में दुबारा न होने देने के लिए हर सपा कार्यकर्ता को सजग रहना होगा। हर कार्यकर्ता इसको लेकर अलर्ट रहे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है। अखिलेश यादव मंगलवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान विरोधी है। तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन में आठ सौ किसानों की जान चली गई। किसानों को गेहूं का लागत मूल्य भी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा की शह पर दो कंपनियों ने रिफाइंड ऑयल के 60 प्रतिशत बाजार पर कब्जा कर लिया है। गिनी-चुनी कंपनियां किसानों से धान-गेहूं की खरीद रही हैं। बाढ़-सूखा से प्रभावित फसल का अभी तक मुआवजा भी नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगा।

### अखिलेश ने बाबा सुखदेव सिंह को दी श्रद्धांजलि

शाहजहांपुर के सुप्रसिद्ध संत बाबा सुखदेव सिंह की बरसी के अवसर पर मंगलवार को सपा प्रदेश कार्यालय में स्मरण सभा का आयोजन किया गया। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने संत बाबा सुखदेव सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत बाबा के बताए रास्ते पर चलते हुए समाज की सेवा करते रहेंगे। पीलीभीत, शाहजहांपुर व लखीमपुर खीरी से आए बाबा अमरजीत सिंह, कुलदीप सिंह भुल्लर, बाबा निर्मल सिंह पड्डा आदि ने अखिलेश को सरोपा भेंट किया।

### रीवां में अखिलेश आज करेंगे सभा

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव 27 सितंबर को रीवां के सिरमौर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा करेंगे। पार्टी के मध्य प्रदेश प्रभारी व्यासजी गोंड ने बताया कि जनसभा को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। बड़ी संख्या में सपा समर्थक मतदाता इस जनसभा में हिस्सा लेंगे।

इस अवसर पर अखिलेश यादव ने वीरेंद्र सारंग की जननायक कृष्ण पुस्तक का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि गीता का उपदेश आज भी सार्थक और सामयिक है। इस अवसर पर अवधेश प्रसाद, राजेंद्र चौधरी, नरेश उत्तम पटेल, जयशंकर पांडेय, राकेश प्रताप सिंह, अंबिका चौधरी, महबूब अली आदि उपस्थित रहे।

# आयुष मंत्री ने की आयुष विभाग की समीक्षा

* निर्माण कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : दयालु

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

जिन चिकित्सालयों का कार्य पूर्ण है उनके लोकार्पण की कार्यवाही कराये लखनऊ 26 सितम्बर।प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एमओएस डा दयाशंकर मिश्र दयालु ने आज विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयुष मिशन आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथ तथा आयुष विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की कार्यदायी संस्था के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि आयुष विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों में उदासीनता पाये जाने पर कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यदायी संस्था निर्माण कार्यों में मानकों के अनुरूप गुणवत्तापरक नियमित मॉनीटरिंग कर निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी न होने पाये।डा दयालु ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यदायी संस्था यूसी की मूलप्रति उपलब्ध कराये। छायाप्रति मान्य नहीं होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्यदायी संस्था की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करें ताकि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न पाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने पर सत्यापन करके ही उसको टेकओवर करें। उन्होंने अस्पतालों के उच्चीकृत निर्माण कार्यों को तत्काल पूरा कराने के निर्देश दिये।आयुष मंत्री ने कहा कि आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथ चिकित्सालयों के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करायें, जिन चिकित्सालयों का कार्य पूर्ण हो चुका है। उनके लोकार्पण की कार्यवाही भी शीघ्र करायें। ताकि उनको जनता को समर्पित कर उसका लाभ आमजन मानस को मिल सके। उन्होंने राजकीय आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथ मेडिकल कालेजों के साथ बनाये जा रहे हास्टल का भी कार्य समय पर पूरा करायें। उन्होंने कहा कि आयुष अस्पतालों में पानी, विद्युत एवं साफ-सफाई आदि की व्यवस्था नियमित रूप से किया जाए। प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी ने मंत्री को आयुष विभाग के विकास कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होने मंत्री को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन कड़ाई से कराया जायेगा। बैठक में आयुष मिशन के निदेशक महेन्द्र वर्मा, विशेष सचिव निदेशक होम्योपैथिक प्रो एके वर्मा सहित विभागीय अधिकारी तथा कार्यदायी संस्था के अधिकारी उपस्थित रहे।

### दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर वैचारिक गोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब, लखनऊ के परिसर के अन्तर्गत स्थापित पं दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर संस्थान के अधिकारियों, कार्मिकों द्वारा सोमवार को माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। संस्थान के अन्तर्गत बुद्धा सभागार में युग पुरूष पं दीन दयाल उपाध्याय के जन्म जयन्ती के अवसर पर उनके वैचारिक मार्गदर्शन, विचारधारा एवं एकात्मानववाद के अन्तर्गत ग्राम स्वराज, कर्मयोग एवं सतत विकास की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता के दृष्टिगत वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

### वृक्षों के पातन हेतु 6 करोड़ स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गतआरसीपीएलडब्ल्यूईए के प्रोग्राम फण्ड में सोनभद्र के पैकेज सं यूपी 67135 के मार्ग पटवध से बसुहारी चौनेज 0.000 से 20.000 तक पर आच्छादित वन भूमि की एनपीवी मीटिगेशन मेजर्स की धनराशि, 194 वृक्षों की प्रतिपूर्ति हेतु 378 स्थानीय प्रजाति के पौधों का ब्रिकगार्ड बनाकर पटरी वृक्षारोपण एवं 10 वर्षीय अनुरक्षण, वृक्षों के पातन हेतु कुल 6,42,14,690 रूपये अवमुक्त किये स्वीकृति प्रदान की की गयी है।

# थाने की छत गिरी, सिपाही समेत 5 घायल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ/वाराणसी

वाराणसी में मंगलवार को तेज बारिश हुई। इसके चलते यहां चितईपुर थाने की छत गिर गई। हादसे में एक सिपाही समेत 5 लोग घायल हो गए। घायलों में शिकायत के लिए आए फरियादी भी हैं। घटना के बाद एसओ ने सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। एसओ बृजेश मिश्रा ने बताया कि जहां छत गिरी वहां महिला हेल्थ डेस्क बनी थी। कोई गंभीर नहीं है। वहीं, दूसरी तरफ यूपी में मानसून की विदाई शुरू हो चुकी है। हालांकि, इस बार मानसून 5 दिन देरी से विदा हो रहा है। राजस्थान के पश्चिमी हिस्से से विदाई का सिलसिला शुरू होगा। बात यूपी की करें तो इस बार मानसून कुछ खास मेहरबान नहीं हुआ। 1 जून से 25 सितंबर तक यूपी में 16 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई। 620.40 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि औसतन बारिश का रिकॉर्ड 735.30 मिमी है। वहीं इस साल अब तक देश में 796.4 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य बारिश (843.2 मिमी) से 6 प्रतिशत कम रही। वहीं अब ठंड की शुरुआत होने वाली है। अक्टूबर के पहले हफ्ते से रातें ठंडी होना शुरू होंगी।


### पूर्वी यूपी में रहा सूखा

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इस बार मानसून ने यूपी के पूर्वी हिस्से के मुकाबले पश्चिमी हिस्से में जमकर बारिश की। यहीं कारण रहा कि पूर्वी यूपी के 33 में से 24 जिले रेड जोन में हैं। यानि की सूखाग्रस्त होने की कगार पर पहुंच चुके हैं। वहीं पश्चिमी यूपी में रेड जोन में शामिल जिलों की संख्या महज 9 है। पूर्वी यूपी में महज 2 जिलों बाराबंकी में 55 और हमीरपुर में 21 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई।

### एटा और बाराबंकी में हुई सबसे ज्यादा बारिश

सूबे के छोटे जिले एटा में 85 फीसदी बारिश अधिक दर्ज की गई, यहां 929.8 मिमी बारिश हुई। हालांकि बिजनौर में सबसे अधिक 1270 मिमी. बारिश हुई, लेकिन ये औसत बारिश के मुकाबले 42 फीसदी ही अधिक रहा। वहीं बाराबंकी में 1261.8 मिमी. बारिश हुई, यहां औसत से 53 फीसदी ज्यादा बारिश दर्ज की।

# यूपी में तेजी से फैला डेंगू, पांच से आठ दिन तक रहें सतर्क, घबराएं नहीं



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश में डेंगू मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसमें 20 से 30 फीसदी मरीज डेंगू 2 स्ट्रेन के हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि डेंगू 2 स्ट्रेन के मरीज हर साल मिलते हैं। ऐसे में इससे घबराने की जरूरत नहीं है। इतना जरूर है कि पांचवें से आठवें दिन विशेष सावधानी बरतें। शरीर पर चकत्ते दिखें तो तत्काल चिकित्सक से सलाह लेना चाहिए। प्रदेश में जनवरी से अब तक 6136 मरीज मिले हैं। इसमें सात की मौत हो चुकी है। सर्वाधिक सात सौ मरीज जीबी नगर में मिले हैं। करीब पांच सौ मरीज गाजियाबाद में मिल चुके हैं। पिछले दिनों स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू की जीनोम सिक्वेसिंग कराई गई। जीबी नगर के 46 सैंपल में 18 में डेंगू 2 स्ट्रेन मिला है। इसी तरह गाजियाबाद सहित अन्य जिलों के सैंपल में भी 20 से 30 फीसदी सैंपल में डेंगू 2 स्ट्रेन मिला है। इस संबंध में केजीएमयू के चिकित्सा अधीक्षक और मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डी हिमांशु कहते हैं कि डेंगू के चार स्ट्रेन (1,2,3,4)होते हैं। इसमें डेंगू 1 और 2 स्ट्रेन के मरीज निरंतर मिलते रहे हैं। यह कोई नया नहीं है। जिन लोगों को एक बार डेंगू हो चुका है उन्हें दोबारा डेंगू होता है तो उसमें डेंगू 2 स्ट्रेन ज्यादा पाया जाता है। यदि माहभर के अंदर दो बार डेंगू की चपेट में आए हैं तो विशेष सावधानी बरतें।

### शरीर पर चकत्ते पड़े तो तत्काल डॉक्टर को दिखाएं

लोहिया संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक और मेडिसिन विभागाध्यक्ष डा. विक्रम सिंह बताते हैं कि डेंगू 2 स्ट्रेन में सॉक सिंड्रोम की संभावना रहती है। यानी मरीज के आंतरिक नसों से रक्तस्त्राव हो जाता है। ऐसे में पेट में पानी भरने, फेफड़े में संक्रमण भी होता है। आमतौर पर पांचवें से आठवें दिन के बीच खतरनाक स्थिति होती है। इसमें बीपी कम होता है। शरीर पर लाल चकत्ते नजर आते हैं। पेट में दर्द, उल्टी जैसी स्थिति होती है। इस स्थिति में तत्काल डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। जबकि सामान्य स्थिति में डेंगू का असर आठवें दिन से कम होने लगता है।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

## जी20 शिखर सम्मेलन में भारत को मिली बड़ी कामयाबी को जस्टिन ट्रूडो पचा नहीं पाये

**गौरतलब है कि खालिस्तान समर्थकों ने इंदिरा गांधी की हत्या को दर्शाते हुए पुतले की रैली निकाली थी। पूरे विश्व ने देखा था कि किस तरह कनाडा सरकार आतंक को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों से मुंह फेरे हुए है। इसका भारत ने कड़ा प्रतिवाद किया था, किन्तु इसमें कनाडा को भारत की संप्रभुता पर अनाधिकृत दखल नजर नहीं आया। कनाडा यदि कूटनीति के जरिए नहीं सुलझाता तो आर्थिक नुकसान कनाडा का ही होगा। साल 2022 में भारत कनाडा का दसवां बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर था। 2022-23 में भारत ने कनाडा को 4.10 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया था।**

*कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया है कि सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार हो सकती है। केन्द्र सरकार निज्जर की हत्या के आरोपों को ख़ारिज करती रही है। निज्जर की हत्या में भारत की भूमिका की जांच के मद्देनजर कनाडा ने भारत के शीर्ष राजनयिक को भी निष्कासित कर दिया। भारत ने भी जवाबी कार्रवाई में दिल्ली स्थित कनाडाई उच्चायोग को समन भेजा और एक सीनियर डिप्लोमैट को निष्कासित करने का फ़ैसला किया है। दरअसल जी20 की बैठक के दौरान भारत को मिली वैश्विक स्तर पर सफलता को कनाड़ा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पचा नहीं पाए। खालिस्तानी अतिवादियों को समर्थन देने के आरोप ट्रूडो सरकार पर पहले भी लगते रहे हैं। भारत की तरफ से कनाडा को बाकायदा दस्तावेज तक मुहैया कराए गए हैं। इसमें खालिस्तान समर्थक सहित खतरनाक अपराधी भी शामिल हैं। इसके बावजूद कनाडा सरकार आजादी की अभिव्यक्ति की आड़ में वोटों की क्षुद्र राजनीति से उबर नहीं सकी। प्रधानमंत्री ट्रूडो के संकीर्ण नजरिए में कोई बदलाव नहीं आया। नए घटनाक्रम से ट्रूडो अब पश्चिमी देशों से मदद की दुहाई मांग रहे हैं। जबकि अमेरीका और यूरोपीय यूनियन इस मसले पर बहुत सधी हुई प्रतिक्रिया दे रहे हैं। पश्चिमी जगत भी ट्रूडो सरकार की खालिस्तानियों के सरेआम समर्थन को बखूबी समझता है। अमेरिका सहित पश्चिमी मुल्क जब किसी तरह के आतंकवाद के समर्थन नहीं करने का दंभ भरते हैं, तब उसमें कनाडा का परोक्ष तौर पर खालिस्तान को समर्थन देना भी है। गौरतलब है कि ट्रूडो जी-20 सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत आए थे। इस दौरे में ट्रूडो के साथ मुलाक़ात में पीएम मोदी ने कनाडा में सिख अलगाववादी गतिविधियों और भारतीय राजनयिकों पर होते हमलों का मुद्दा उठाया था। भारत इस मुद्दे को पहले भी कई बार उठा चुका है। ट्रूडो के मुल्क लौटने के कुछ दिनों बाद ही कनाडा ने एक तरफा मनमाना निर्णय लेते हुए भारत से द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत रोक दी। भारत ने ट्रूडो सरकार द्वारा लगाए गए आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार पर शामिल होने का आरोप लगाना हास्यास्पद और राजनीति से प्रेरित है। इसी तरह हमारे प्रधानमंत्री के सामने कनाडा के प्रधानमंत्री ने आरोप लगाए थे और हमने उसे भी पूरी तरह से ख़ारिज किया था। हम क़ानून के राज को लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि ऐसे बेबुनियाद आरोप खालिस्तानी आतंकवादी और अतिवादियों से ध्यान भटकाने के लिए हैं। ऐसे खालिस्तानी आतंकवादियों और अतिवादियों को कनाडा ने प्रश्रय दे रखा है, जो भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए ख़तरा हैं। कनाडा के नेता ऐसे तत्वों से खुलेआम सहानुभूति जता रहे हैं और ये हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय है। कनाडा और भारत के संबंधों में आया बदलाव अमेरीकी बाइडन प्रशासन के लिए मुश्किल की घड़ी है। अगर अमेरिका कनाडा का साथ देता है तो उसकी भारत के साथ वफ़ादारी पर सवाल उठेंगे। अगर अमेरिका भारत का साथ देता है तो वो अपने नाटो सहयोगी कनाडा के खिलाफ़ जा रहा है। चीन का मुक़ाबला करने के लिए भारत का साथ देने की ख़ातिर अमेरिका किसी भी विवाद में पड़ने से बचेगा। आश्चर्य की बात यह है कि कनाडा एक तरफ निज्जर मामले को अपनी संप्रभुता पर हमला बता कर पश्चिमी देशों से सहानुभूति बटोरने का प्रयास कर रहा है, वहीं सरेआम आतंकी गतिविधियों को प्रोत्साहित करके भारत की संप्रभुता से खिलवाड़ कर रहा है। भारत के प्रति कनाडा की इस दोमुही नीति को विश्व के अन्य देश भी बखूबी समझते हैं।*

### एक्सप्रेस आलेख

**महिला आरक्षण विधेयक संसद के दोनों सदनों में पारित हो गया तो यह एक बड़ी उपलब्धि है। इतना ही नहीं यह विधेयक इतना भाग्यवान है कि 27 सालों तक इधर-उधर भटकने के बाद यदि पारित भी हुआ तो नयी संसद में। ऐसे में यदि सत्तारूढ दल इसे मोदी सरकार की विशेष उपलब्धि तथा ऐतिहासिक बता रही है तो इससे इंकार तो कतई नहीं किया जा सकता। ऐसे में यदि मोदी सरकार इसका क्रेडिट लेना चाहती है तथा इसे इवेंट के रूप में मतदाताओं के बीच लेकर जाना चाहती है तो गलत कतई नहीं है। चुनाव के मैदान में मतदाताओं को लुभाने के लिए सभी ट्रंप कार्ड लेकर आते हैं। अब देखना यह है कि महिला आरक्षण बिल के जरिए किसको कितना फायदा होता है?**

# 2024 में क्या मिलेगा महिलाओं को?



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

**वैसे सत्तारूढ दल भाजपा की महिला सशक्तिकरण की डिमैरिट इतनी ही है कि उनकी सरकार ने महिला खिलाड़ियों की शिकायतों को उतनी गंभीरता से नहीं लिया और अपने सांसद का बचाव किया। बाकी पीएम मोदी ने सिर्फ बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का नारा दिया बल्कि महिलाओं के उत्थान के लिए कोई योजनाएं लागू की है।**

जैसा की उम्मीद थी नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा और राज्यसभा से बहुमत से पास हो गया है अब यह कानून की शक्ल अख्तियार करेगा लेकिन यह एक ऐसा कानून बनने जा रहा है जो अन्य कानून की तरह तुरंत लागू नहीं होगा। अब आप कहेंगे तो फिर यह लागू कब होगा? और अगर अभी से लागू नहीं करना था तो फिर इस सारे स्वांग की जरूरत क्या थी? इसे अगर और अधिक स्पष्ट शब्दों में कहें तो %दिल को बहलाने को गालिब ए ख्याल बेहतर है%। यानि इस कानून के जरिए लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत सिटे महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी लेकिन यह आरक्षण 2024 के लोकसभा चुनाव से में लागू नहीं होगा। यानि राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने वाली महिलाओं या चुनाव लड़ने की इच्छुक महिलाओं को अभी लंबे समय तक इस कानून से मिलने वाले आरक्षण के लिए इंतजार करना होगा? मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि वास्तव में इस कानून को विशेष सत्र बुलाकर बनाने की इतनी जल्दी क्या थी? जब इसे लागू होने में तकरीबन 5 साल लगने वाले हैं। मतलब साफ है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की आधी आबादी को इसके जरिए अभी लाभ तो कुछ नहीं मिलेगा। लेकिन लाभ की प्रत्याशा में भाजपा नीट गठबन्धन यह कहकर अपनी पीठ जरूर थपथपाएगा की मोदी है तो मुमकिन है। सत्तारूढ दल यह सोच समझकर चल रहा है और ऐसा उसका मानना भी है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में महिला वोट बैंक इसलिए उससे जुड़ेगा क्योंकि उसने और उसकी सरकार ने यह कानून बनाया है। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह चुके हैं कि भगवान ने शायद इस पवित्र काम के लिए मुझे चुना है। उनका कहना था कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लोकतंत्र मजबूत होगा। यकीनन मजबूत होगा इसमें कोई दो राय नहीं है लेकिन क्या ही अच्छा होता कि लगे हाथ 2024 के लोकसभा चुनाव में इसका लाभ मिल जाता? लेकिन ऐसा होगा नहीं जब ऐसा होगा नहीं। तो इस अधिनियम को तमाम किंतु परंतु के बीच से गुजरना होगा? और कौन जाने यह कब लागू हो पाए? क्योंकि यह बिल कोई पहली बार पेश नहीं हुआ है बल्कि अब तक कई बार अलग-अलग प्रधानमंत्री के कार्यकाल में पेश हो चुका है । पाठकों को याद होगा कि मनमोहन सिंह सरकार तो राज्यसभा में इसे पारित भी कर चुकी थी



**सत्तारूढ दल यह सोच समझकर चल रहा है और ऐसा उसका मानना भी है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में महिला वोट बैंक इसलिए उससे जुड़ेगा क्योंकि उसने और उसकी सरकार ने यह कानून बनाया है। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह चुके हैं कि भगवान ने शायद इस पवित्र काम के लिए मुझे चुना है।**

लेकिन तमाम पेंचो के चलते यह कानून की शक्ल नहीं ले पाया। उस समय इस अधिनियम का सबसे अधिक विरोध आज के सत्तारुढ़ दल के लोगों द्वारा किया गया था । खैर यह तो राजनीति है जो समय-समय पर अपना रूप दिखाती रहती है। याद करें अस्सी के दशक में जब राजीव गांधी सरकार पंचायती चुनाव में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण का विधेयक लेकर आयी तो इसके पीछे भी सोच यही थी कि स्थानीय स्तर पर तैयार महिला नेतृत्व आगे चलकर विधानसभाओं तथा लोकसभा चुनावो में समर्थ महिला प्रत्याशी के कमी दूर करेगा? अब जब यह विधेयक कानून की शक्ल लेने वाला है तो भाजपा जहां इस ऐतिहासिक बिल पारित कराने का श्रेय लेते हुए चुनाव मैदान में उतरने की सोच रही है वहीं विपक्षी दल यह सवाल उठाने के लिए तैयार है कि इसका लाभ तत्काल क्यों नहीं दिया जा रहा है? क्यों इसे 2029 तक टाला जा रहा है। इस तरह वे चुनाव में सरकार की मंशा और शंका के साथ ही उसकी नीयत पर भी सवाल उठाने से बाज नहीं आने वाले। कांग्रेस ने पिछड़े वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षण की मांग तो की ही है जाति जनगणना का सवाल भी इससे जोड़ दिया है। इसी तरह भाजपा के वरिष्ठ नेता उमा भारती ने कहा कि वह इस बात से निराशा है कि लोकसभा और राज्यसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटे आरक्षित करने वाले विधेयक में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं है। वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा सांसद राहुल गांधी ने इसे तत्काल 2024 के लोकसभा चुनाव में लागू करने की मांग की है। उनका कहना था कि सरकार की मन्शा केवल इसके जरिए वोट लेना है। न कि कानून बनाकर तुरंत आरक्षण देना। राहुल गांधी का कहना था कि इस अधिनियम को लाने के लिए नव साल तक का इंतजार क्यों किया गया? और अब जब चुनाव सामने है तो यह नाटक किया जा रहा है। भाजपा के लोग यह कहते हैं की जनगणना और परिसीमन होना आवश्यक है तभी सही से आरक्षण का फायदा महिलाओं को मिल पाएगा? उनके लिए तो यही कहा जा सकता है कि 2019 में इसे अगर लाया गया होता तो 2024 में इसका फायदा मिलता लेकिन सरकार तब इस बिल को लेकर आई है जब देश चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। खैर राजनीति अपनी जगह लेकिन 27 साल बाद यदि महिला आरक्षण विधेयक संसद के दोनों सदनों में पारित हो गया तो यह एक बड़ी उपलब्धि है। इतना ही नहीं यह विधेयक इतना भाग्यवान है कि 27 सालों तक इधर-उधर भटकने के बाद यदि पारित भी हुआ तो नयी संसद में। ऐसे में यदि सत्तारूढ दल इसे मोदी सरकार की विशेष उपलब्धि तथा ऐतिहासिक बता रही है तो इससे इंकार तो कतई नहीं किया जा सकता। ऐसे में यदि मोदी सरकार इसका क्रेडिट लेना चाहती है तथा इसे इवेंट के रूप में मतदाताओं के बीच लेकर जाना चाहती है तो गलत कतई नहीं है। चुनाव के मैदान में मतदाताओं को लुभाने के लिए सभी ट्रंप कार्ड लेकर आते हैं। अब देखना यह है कि महिला आरक्षण बिल के जरिए किसको कितना फायदा होता है? वैसे सत्तारूढ दल भाजपा की महिला सशक्तिकरण की डिमैरिट इतनी ही है कि उनकी सरकार ने महिला खिलाड़ियों की शिकायतों को उतनी गंभीरता से नहीं लिया और अपने सांसद का बचाव किया। बाकी पीएम मोदी ने सिर्फ बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का नारा दिया बल्कि महिलाओं के उत्थान के लिए कोई योजनाएं लागू की है।

### एक्सप्रेस कविता

*कैसे जख्म दिखाएँ ज़माने को,*
*हमेशा जहर दिया दीवाने को।।*
*नादाँ न समझ पाया जमाने को,*
*हमेशा हमदर्द समझा ज़माने को।*
*फरेब नहीं किया कभी किसी से,*
*मासूम,बूझ न पाया ज़माने को।*
*बन्दीश थी प्यार पर दीवाने की,*
*इश्क में प्यारा पैगाम दिया ज़माने को।*
*ग़ज़ल,आशिकी, दिवानगी बेमानी है*
*आशिक है क्या समझेगा ज़माने को।*
*आवारा मसीहा था दीवाना,मस्ताना,*
*आशिक की फ़िक्र ही कहाँ ,जमाने को।*
*इश्क नेमत है, बताओ जरा ज़माने को,*
*मोहब्बत पाकीजा है समझा जरा ज़माने को।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*धीरज रखने वाला आदमी आत्मविश्वास की नाव पर सवार होकर, मुसीबत की नदी को सफ़लता पूर्वक पार कर जाता है*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | त्रयोदशी 22:18 तक |
| नक्षत्र: | धनिष्ठा 07:02 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | बुधवार |
| योग: | धृति, 07:50 |
| सूर्योदय: | 06:15 |
| सूर्यास्त: | 18:08 |
| चंद्रमा: | कुंभ राशि में |
| राहुकाल: | 12:11-13:40 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्त: | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

**दे रहे हैं न्यौता !**

*होगा फिर से स्वागत।*
*है आया बयान ।।*
*आकर के तो देखें।*
*मिलना तय सम्मान ।।*
*दे रहे हैं न्यौता।*
*कर सकते प्रवेश ।।*
*हैं वो अब स्वतंत्र।*
*ना है कोई क्लेश ।।*
*फिर मिलेगा उनको।*
*पहले वाला प्यार ।।*
*गए थे वो खुद ही।*
*करें पुनः विचार ।।*
*ना कोई आपत्ति।*
*और नहीं प्रतिबंध ।।*
*सोच सकते नया कुछ।*
*करने को प्रारंभ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## पहाड़ी फल काकू खाने से सेहत को मिलते हैं कई जबरदस्त फायदे

**पहाड़ों** पर कई फल, सब्जियां और जड़ी-बूटियां पाई जाती हैं, जो मैदानी क्षेत्रों में नहीं होते हैं। लेकिन मार्केट में पहाड़ी फल आसानी से मिल जाते हैं। पहाड़ों पर मिलने वाला बेड़ू का फल काफी प्रसिद्ध है। इसके अलावा, उत्तराखंड के पहाड़ों पर %काकू% फल भी मिलता है। काकू फल पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें विटामिन्स और मिनरल्स अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। काकू फल औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इस फल को खाने से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं दूर होती हैं।

**पेट के लिए फायदेमंद:** काकू फल पेट के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें फाइबर होता है, जो पेट की समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। अगर आप काकू का सेवन करेंगे, तो इससे अपच, गैस और एसिडिटी से आराम मिलेगा। काकू, पाचन-तंत्र को मजबूत बनाता है और कई समस्याओं से बचाता है।

**हड्डियां मजबूत बनाए:** हड्डियों को मजबूत बनाने और जोड़ों के दर्द को ठीक करने के लिए भी आप काकू का सेवन कर सकते हैं। काकू फल में कैल्शियम और मैग्नीशियम होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं। अगर आपको जोड़ों में दर्द की समस्या रहती है, तो काकू फल का सेवन करना फायदेमंद हो सकता है।

**खून की कमी दूर करे:** खराब खान-पान की वजह से अधिकतर लोगों के शरीर में खून की कमी देखने को मिलती है। खासकर, महिलाओं के शरीर में खून की कमी होती है, जिसकी वजह से उन्हें एनीमिया रोग से जूझना पड़ता है। ऐसे में काकू फल खाना फायदेमंद हो सकता है। काकू फल में आयरन की मात्रा अधिक होती है, जो एनीमिया रोग से बचाता है। काकू फल खाने से खून की कमी भी दूर होती है।



**काकू फल में मौजूद पोषक तत्व**

- काकू फल में फाइबर, हेल्दी फैट, विटामिन ई और विटामिन ए होते हैं।
- काकू फल में कार्ब्स, विटामिन सी, आयरन और कैल्शियम भी होते हैं।
- काकू फल में प्रोटीन और मैग्नीशियम भी पाए जाते हैं।

**शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाए:** बीमारियों से लड़ने के लिए शरीर की इम्यूनिटी का अधिक होना बहुत जरूरी होता है। जब शरीर की इम्यूनिटी वीक होती है, तो शरीर कई बीमारियों की चपेट में आ जाता है। काकू फल में विटामिन सी होता है, इससे शरीर की इम्यूनिटी बढ़ती है और बीमारियों से बचाव होता है।

**स्किन के लिए लाभकारी:** काकू फल में विटामिन सी और विटामिन ई होते हैं, जो स्किन के लिए फायदेमंद होते हैं। काकू फल खाने से त्वचा से जुड़ी समस्याएं दूर होती हैं। अगर आप काकू फल का सेवन करेंगे, तो त्वचा के दाग-धब्बे दूर होंगे।

### एक्सप्रेस विशेष

## गठबंधन में शामिल होकर सबको चौंका सकती हैं मायावती



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**चुनाव के बाद राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से कहा भी था कि हम बसपा को आगे रखकर यूपी में विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते थे, पर वह तैयार नहीं हुई। इस बार लोकसभा चुनाव के ऐन पहले ही आधिकारिक रूप से घोषणा करने की रणनीति है।**

**उत्तर** प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी बड़ा चुनावी फैक्टर बन गयी है। बसपा सुप्रीमो मायावती किसी भी पार्टी के साथ हाथ मिलाने को तैयार नहीं हैं जिसके चलते राजनीति के गलियारो में हड़कम्प मचा हुआ है। वैसे तो पिछले दो दशकों में बसपा लगातार कमजोर हुई है, लेकिन अभी भी उसके पास 14 फीसदी दलित वोट बैंक मौजूद है। इसी के चलते बसपा से सब हाथ मिलाना चाहते हैं, तो मायावती को भी अपनी इस ताकत पर गुमान है, जिसके चलते वह फूंक-फूंक कर कदम आगे बढ़ा रही हैं, तो बसपा से हाथ मिलाने को इच्छुक नजर आ रहा एनडीए और आईएनडीआईए गठबंधन भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि दोनों गठबंधन के नेताओं ने हार मान ली हो। सूत्र बताते हैं कि गुपचुप तरीके से मायावती को अपने खेमे में लाने के लिए दोनों गठबंधन दलों के आकाओं द्वारा लखनऊ से लेकर दिल्ली तक में साथ जोड़ने की कोशिश की जा रही है। बताते हैं कि लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती के भाजपा और कांग्रेस गठबंधन से दूरी बनाकर चलने के चलते आईएनडीआईए गठबंधन को यूपी में लोकसभा की 80 सीटों पर करारा झटका लग सकता है। ऐसे में आईएनडीआईए एक बार फिर मायावती पर डोरे डालने में लग गया है।

**बसपा 20 से 25 सीटों तक के लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकती है। बसपा की दावेदारी को ना करना सपा, कांग्रेस के लिए आसान नहीं होगा। अगर वह बसपा को उसकी इच्छा के अनुसार सीट नहीं देती है तो बसपा के बगैर चुनाव लड़ने पर सपा-कांग्रेस गठबंधन को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। वहीं बसपा यदि भाजपा के साथ चली गई तो आईएनडीआईए के लिए लड़ाई और भी मुश्किल हो सकती है।**

बसपा नेत्री मायावती से गुपचुप तरीके से बातचीत की जा रही है क्योंकि चुनाव जीतने के लिए इंडिया गठबंधन यूपी में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है। बताते चलें कि बसपा के बिना सपा-कांग्रेस एक साथ मिलकर 2017 का विधानसभा चुनाव लड़ के देख चुके हैं जिसका कोई फायदा इन दोनों दलों को नहीं हुआ था इसीलिए इस बार मायावती को भी जोड़ने की कोशिश की जा रही है। बसपा को साथ लाने की कोशिश में यूपी के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और बसपा के शीर्ष नेताओं के बीच बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ था। अभी तक यह बातचीत अपने मुकाम तक तो नहीं पहुंच सकी थी, लेकिन तब से दोनों के बीच संवाद बना हुआ है। इसमें गांधी परिवार और उसके करीबी शामिल हैं। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक पिछले महीने कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी और बसपा सुप्रीमो मायावती के बीच गठबंधन को लेकर गुप्त रूप से चर्चा भी हो चुकी है। बसपा की ओर से उसके एक पूर्व सांसद की भी इस बातचीत में अहम भूमिका है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव से पहले बसपा-कांग्रेस की गठबंधन की कोशिशें परवान नहीं चढ़ पाई थीं। तब तय हुआ था कि विधानसभा की 125 सीटों पर कांग्रेस और शेष 278 सीटों पर बसपा लड़ेगी। खबरें लीक हुईं और फिर सत्ता पक्ष की ओर से ऐसी परिस्थितियां पैदा कर दी गईं कि दोनों ही दलों को कदम पीछे खींचने पड़े। चुनाव के बाद राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से कहा भी था कि हम बसपा को आगे रखकर यूपी में विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते थे, पर वह तैयार नहीं हुई। इस बार लोकसभा चुनाव के ऐन पहले ही आधिकारिक रूप से घोषणा करने की रणनीति है। दूसरी तरफ कहा यह भी जा रहा है कि क्या आईएनडीआई गठबंधन में बसपा के आने से सपा सहज रहेगी, इसका जवाब मुश्किल है, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व, यूपी में बसपा को साथ लाने में ज्यादा रुचि ले रहा है। इसकी वजह है कि बसपा के पास अभी भी 14 फीसदी दलित वोट बैंक है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का बागेश्वर (उत्तराखंड) विधानसभा सीट को लेकर सपा के खिलाफ दिया गया बयान भी इसी कवायद से जोड़कर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि अजय राय ने यह बयान हाईकमान से इशारा मिलने के बाद ही दिया था। संभावना जताई जा रही है कि जैसे-जैसे कांग्रेस की बसपा के साथ बात आगे बढ़ती जाएगी, वैसे-वैसे इस तरह के और बयान भी आ सकते हैं। गांधी परिवार के नजदीकी नेता के मुताबिक वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा के साथ कांग्रेस के अनुभव अच्छे नहीं रहे। उस चुनाव में कांग्रेस को ज्यादा सीटें देने की बात सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव लगातार कहते रहे, लेकिन 145 सीट देने के वादे के बावजूद कांग्रेस को 105 सीटें दी गईं। इसमें से करीब 10 सीटों पर सपा ने अपने प्रत्याशी को पंजे पर चुनाव लड़वाया था। बहरहाल, जिस तरह से आईएनडीआईए गठबंधन में बसपा को लाने की कोशिश की जा रही है, उससे बसपा अपर हैंड में नजर आ रही है। बसपा यदि कांग्रेस-सपा गठबंधन के साथ चुनाव लड़ती है तो वह अपनी मर्जी वाली सीटों पर चुनाव लड़ेगी और ऐसी सीटों की संख्या भी अधिक होगी। बसपा 20 से 25 सीटों तक के लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकती है। बसपा की दावेदारी को ना करना सपा, कांग्रेस के लिए आसान नहीं होगा।

# उत्तर प्रदेश नहीं जा पाएंगे, किसानों को कुचलने के मामले में आरोपी केंद्रीय मंत्री के पुत्र पर बोला सुप्रीम कोर्ट

**सुप्रीम कोर्ट ने तिकुनियां हिंसा मामले में आरोपी आशीष मिश्रा को अपनी मां और बेटी के उपचार के लिए दिल्ली जाने की मंजूरी दे दी है, लेकिन केंद्रीय मंत्री के बेटे के उत्तर प्रदेश में प्रवेश पर अभी रोक जारी रहेगी**

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** तिकुनियां हिंसा मामले में आरोपी केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को अंतरिम जमानत की शर्तों में सुप्रीम कोर्ट ने बदलाव किया है. सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा बीमार मां की देखभाल और बेटी का इलाज कराने के लिए दिल्ली आने की इजाजत दी है। हालांकि कोर्ट ने साफ किया है कि वो किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग नहीं लेगा। यही नहीं उसके उत्तर प्रदेश जाने पर भी रोक कायम रहेगी. इसके साथ मीडिया से बातचीत करने पर भी प्रतिबंध है। बताते चलें तिकुनिया हिंसा मामले में आरोपी केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा उर्फ मोनू को सुप्रीम कोर्ट से राहत म?ली है. सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा को दिल्ली आने की इजाजत दे दी है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने आशीष को अंतरिम जमानत देते हुए शर्त रखी थी कि वो उत्तर प्रदेश या दिल्ली में नहीं रह सकते।हालांकि कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में एंट्री पर बैन को बरकरार रखा है। बता दें कि साल 2021 में गाड़ी से कुचल कर हुई किसानों की हत्या के मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मुख्य आरोपी हैं।1 साल से ज़्यादा समय जेल में रहने के बाद उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने इस साल 25 जनवरी को अंतरिम जमानत दी थी।सुप्रीम कोर्ट ने तिकुनिया हिंसा मामले की जांच कर रही एसआईटी को भंग कर दिया था. सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने एसआईटी को भंग करने का आदेश देते हुए कहा कि अगर एसआईटी को फिर से गठित करने की जरूरत महसूस होगी तो इस संबंध में उचित आदेश पारित कर दिया जाएगा।



### क्या है मामला?

दरअसल, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के दौरे के विरोध में लखीमपुर खीरी के किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे थे. इसी दौरान एक एसयूवी ने विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों को कुचल दिया. जिसमें चार किसानों की मौत हो गई. इसके बाद गुस्साए लोगों ने एसयूवी के ड्राइवर और बीजेपी के दो कार्यकर्ताओं की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी. इस हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हुई थी। घटना को लेकर विपक्ष और किसान संगठनों ने जमकर हंगामा किया. मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को सुप्रीम कोर्ट ने बीती 11 जुलाई को अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था, जिसे 26 सितंबर तक बढ़ा दिया था।

# कन्नौज : प्रधान की शिकायत पर ग्राम विकास अधिकारी निलम्बित, अब लपेटे में प्रधान भी

जन एक्सप्रेस । बृजेश चतुर्वेदी

**कन्नौज।** तालग्राम ब्लॉक के जिन प्रधानों की शिकायत पर डीडीओ ने जांच कराकर वित्तीय अनियमिताओं में ग्राम विकास अधिकारी (सचिव) को शनिवार को निलंबित किया था, उन प्रधानों पर भी शिकंजा कस सकता है। जिन वित्तीय अनियमिताओं में निलंबन की कार्रवाई की गई है, उसमें सचिव के साथ प्रधानों के भी डोंगल से भुगतान हुआ है।

दरअसल, पंचायत राज विभाग ने किसी भी भुगतान के लिए प्रधान और सचिव को डिजीटल हस्ताक्षर वाले डोंगल जारी कर रखे हैं। जब भी विकास कार्यों और श्रमिकों को भुगतान होता है तो दोनों के डोंगल से होता है जबकि माधौनगर के अहिवरन शर्मा ने सचिव देवेंद्र सिंह पाल पर अनियमिताओं का आरोप लगा कर शिकायत की थी।

एडीओ पंचायत रविप्रताप सिंह और आरईडी के जेई अरुणेश रावत की जांच रिपोर्ट पर सचिव को निलंबित किया गया था। आरोप है कि 34,900 रुपये श्रमिकों के खाते में न भेजकर रोजगार सेवक के पति संजय कुमार के खाते में भेजे गए और बाद में निकाल कर श्रमिकों को नकद भुगतान किया गया। 40 हजार रुपये कप्तान सिंह के खाते में भेजे गए। बिना सामग्री खरीदे एमबी ट्रेडर्स छिबरामऊ को भुगतान किया गया। जिस डोंगल से भुगतान हुए वह प्रधान के डिजिटल हस्ताक्षर से जारी हुए है। अगर गलत तरीके से भुगतान हुआ तो प्रधान भी जिम्मेदार हैं। अब इस प्रकरण की आला अधिकारी गंभीरता से जांच करा रहे हैं। इससे शिकायतकर्ता प्रधान भी अफसरों के निशाने पर हैं हालांकि इस बारे में प्रधान गदोरा अहिवरन शर्मा ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि विश्वास में आकर उन्होंने डोंगल भुगतान के लिए दिया था उन्हें क्या पता कि सचिव गलत प्रयोग करेगा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पुलिस अधीक्षक खीरी ने कोतवाली सदर में स्थित सीसीटीवी कैमरा कन्ट्रोल रुम का किया उद्धघाटन

जन एक्सप्रेस/शाजिफ हुसैन/लखीमपुर खीरी। थाना कोतवाली लखीमपुर में पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा सीसीटीवी डिजिटल कैमरे के कन्ट्रोल रूम का फीता काट कर उद्धघाटन किया गया।थाना कोतवाली सदर क्षेत्रान्तर्गत लगभग 700 सीसीटीवी कैमरे की मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम द्वारा की जा रही है।जनपद खीरी में पुलिस ने जन सहयोग से क्षेत्र में विभिन्न स्थानों जैसे मार्केट क्षेत्र के चौराहे और अन्य संदिग्ध स्थान एवं ज्यादा भीड़ भाड़ और मुख्य चौराहे पर 6 हजार से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये है।जिससे अब क्षेत्र में 24 घंटे पुलिस द्वारा नजर रखी जायेगी।इन सीसीटीवी कैमरे लगाने का यह उद्देश्य है कि क्षेत्र में बदमाशों पर नजर रखना व अपराध को रोकने व यातायात पुलिस को मदद मिलेगी।स्कूल में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्रओं की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरों द्वारा कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग की जायेगी।



### एसएन मेडिकल एजेंसी का विधायक ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस/रिजवान खान/पलिया कलां खीरी। गत दिवस नगर के दुधवा रोड पर स्थित विधायक रोमी साहनी आवास के निकट एस एन मेडिकल एजेंसी का शुभ आरंभ किया गया जिसमे मुख्य अथिति रोमी साहनी ने उक्त प्रतिष्ठान का फीता काट कर उद्घाटन किया। नवीन प्रतिष्ठान के संचालक जमील अहमद (पप्पू प्रधान) ने आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिति सभी अतिथियों का मुंह मीठा कराकर सूक्ष्म जलपान कराते हुए बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में स्वदेशी तथा विदेशी कंपनियों की सभी जनकल्याण कारी एवम स्वास्थ्य वर्धक औषधि होलसेल में उचित रेट पर उपलब्ध है। प्रतिष्ठान का उद्देश्य है कि क्षेत्र के सभी फुटकर मेडिकल स्टोर मालिकों द्वारा न्यूनतम मूल्य पर आम जन समुदाय को जन कल्याणकारी स्वास्थ्य वर्धक औषधि उपलब्ध कराना है जिससे जनता जनार्दन को इसका भरपूर लाभ मिल सके। इस सुभ अवसर पर थाना अध्यक्ष भीरा, शकील अहमद,आदि कई विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



### दो वांछित गिरफ्तार भेजा चालान

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोतवाली पुलिस ने प्राण घातक हमले में वांछित समेत दो युवकों को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान ग्राम अलियापुर के निकट हनुमान मन्दिर के पास पंजाबी कॉलोनी निवासी मुकेश कनौजिया पुत्र लक्ष्मण प्रसाद के कब्जे से 2560 ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार कर लिया। जिसका एनडीपीएस में चालान भेजा गया है। दूसरी तरफ बलवा घर में घुसकर तोड़फोड़ कर प्राण घातक हमला करने और 7 सीएल एक्ट में वांछित मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी मनू अग्निहोत्री उर्फ प्रवीण पुत्र विजय कुमार अग्निहोत्री को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।



### बैठक में उप जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड अधिक से अधिक बनाने के लिए दिए दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस/सिदाकत मंसूरी/मोहम्मदी खीरी। मंगलवार को तहसील सभागार में स्वास्थ्य विभाग के साथ उप जिलाधिकारी डॉ अवनीश कुमार की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए तथा संचारी रोग अभियान के विषय में भी बताया गया 10 से कम आयुष्मान कार्ड बनाने वाले कर्मियों की समीक्षा की गई तथा उनको या भी निर्देशित किया गया कि अपनी प्रगति बढ़ाएं एवं अधिक से अधिक संख्या में आयुष्मान कार्ड बनाएं बैठक में उपस्थित सभी कर्मचारी अधिकारी को यह भी बताया गया कि आयुष्मान कार्ड के संबंध में एक प्रिंट निकलवाकर क्षेत्र में वितरित करें जिससे क्षेत्र के व्यक्तियों को कार्ड स्वयं बनाने की प्रक्रिया का पता चल सके बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर मयंक मिश्रा एमओआईसी आयुष्मान मित्र एएनएम आशा आंगनवाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।



### न्यायिक अधिकारियों की 24 वीं स्पोर्ट्स मीट में लखीमपुर खीरी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। जेटीआरआई लखनऊ में आयोजित हो रही यूपी न्यायिक अधिकारियों की 24वीं स्पोर्ट्स मीट में रेखा अग्निहोत्री प्रिंसिपल जज पारिवारिक न्यायालय टेबल टेनिस और बैडमिंटन में रनर अप रही। सुभाष एडीजे एससी एसटी कोर्ट ने पुरुष वर्ग में 100 मीटर व 200 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,सिविल जज। कर्णिका अवध कैरम विनर विजेता रही एवं बैडमिंटन के सेमी फाइनल में पुरस्कृत हुईं। रिले रेस में सेकंड प्राइस मिला। लखीमपुर के पाले में आठ पुरस्कार मिले।



### विवाहिता ने फंदे पर लटक कर दी जान

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेंड़ में मंगलवार को एक 28 वर्षीय विवाहिता ने फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी।बता दे की ग्राम भद्रेड निवासी अधीर शुक्ला पुत्र जयप्रकाश शुक्ला ने गोला पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसका विवाह 2014 में कोर्ट मैरिज के माध्यम से हुआ था। इन लोगों ने लव मैरिज की थी जिस कारण ससुराल वाले विवाह के बाद कोई संबंध नहीं रख रहे थे। बताते हैं किन्हीं करणों वश सोनी शुक्ला 28 वर्ष पत्नी अधीर शुक्ला ने मंगलवार को मकान के अंदर ही फांसी पर लटक कर जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नगर पालिका में हुआ स्वच्छता ग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**माइक्रो प्लान के तहत होगा वार्ड में काम**

**बार्ड में वितरित किए जाएंगे आयुष्मान कार्ड**

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ, खीरी




पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू की अध्यक्षता में हुई बैठक में शासन की मंशानुरूप स्वच्छता ही सेवा तथा संचारी रोग के तहत बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मंगलवार को पालिका सभागार में स्वच्छताग्राहियों को सीएचसी के डॉक्टरों की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें आंखों की जांच, शुगर, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड की जांच कर सफाई कर्मचारियों को बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। पालिका सभागार में संचारी रोग अभियान के तहत अधिशासी अधिकारी गोवा लाल ने सभासदों, सफाई नायकों को वार्डो में निष्प्रोज्य हैंडपंप पर लाल रंग से क्रास का निशान बनाने, वार्डों में सफाई, फागिंग, स्प्रे कार्य कराने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। ईओ ने बताया कि माइक्रोप्लान बनाया गया है, रोस्टर के अनुसार प्रत्येक वार्ड की विषेश सफाई कराई जाएगी। पालिकाध्यक्ष ने नगर को साफ रखने के लिए सफाई नायकों को प्रेरित कर कहा कि झाड़ झंखाड़ पर स्प्रे कर उसे तुरंत साफ किया जाए। पालिकाध्यक्ष ने डॉ योगेश कुमार को प्रत्येक वार्ड में टीम भेजकर आयुष्मान कार्ड बनाने और उनके वितरण करने को कहा, जिससे शासन की योजना का लाभ पात्रों को आसानी से मिल सके। सीएचसी डॉ योगेश ने बताया कि बरसात के बाद मंच्छरों से बचाव करने पर मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया आदि से बचा जा सकता है। इसलिए सफाई का विशेष ध्यान रखें। मच्छर, मक्खियों को न पनपनें दें। फुल आस्तीन के कपड़े पहनें। जिससे तमाम बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर भाजपा नगराध्यक्ष शत्रोहन मिश्र, रविंद्र कटियार, सभासद रज्जन खां, धर्मेद्र जायसवाल, नानकचंद वर्मा, सुरेश जायसवाल, आशीष अवस्थी, अनिल गुप्ता, मोहित कुमार कनौजिया, अख्तर जहां, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, अमित श्रीवास्तव, मोहित अवस्थी, मोहित गिरि, आशुतोष शुक्ला, अशोक कुमार, रामसिंह, अवधेश कुमार, सफाई नायक दिलीप कुमार, सुधीर कुमार, अमित कुमार, राजेन्द्र कुमार,राजकुमार, सुशील कुमार, जितेंद्र कुमार, गोविन्द कुमार, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।




### नगर पालिका सभागार में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

नगर पालिका परिषद लखीमपुर द्वारा दिनांक 26 सितम्बर 2023 को शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में नगर पालिका सभागार में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष डा0 इरा श्रीवास्तव एवं अधिशासी अधिकारी संजय कुमार के निर्देशन में नगर पालिका सभागार में किया गया।जिसमें निकाय में कार्यरत सफाई कर्मचारियों एवं सफाई नायकों मेट का स्वास्थ्य परीक्षण नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अमितेश द्विवेदी व डा0 सुधीर कुमार,फार्मासिस्ट रघुवंश सिंह,वार्ड ब्याय आशु सिंह द्वारा किया गया,जिनके द्वारा कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य से सम्बन्धित दवाईयां वितरित की गयी। इस अवसर पर पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक,विशाल शुक्ला, मुरारी लाल सहित पालिका अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



# गाजियाबाद में मजदूर की पीट कर हुई थी हत्या

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा, दर्जनों ग्रामीणों ने घेरी कोतवाली**

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी

**गोला गोकरननाथ खीरी।** चार दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेहड़ा निवासी कोमल का शव गाजियाबाद से लेकर जब गांव आए तो ग्रामीणों ने काफी देर हंगामा कियाद्य और इसकी सूचना पुलिस को दी तभी उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सब को सील करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पुलिस को मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कोमल की मृत्यु पिटाई होने से बताई गई है। बता दे कि चार दिन पूर्व नौकरी को गाजियाबाद गए कोमल 26 वर्ष की संदिग्ध मौत हो गई थी। परिजनों ने मौत को संदिग्ध होने की वजह से हंगामा किया और पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कोमल की मौत का कारण पिटाई होना बताया गया है। बताते हैं दर्जनों ग्रामीण कोतवाली जाकर पुलिस को का मुकदमा दर्ज कराया जाने को तहरीर देकर हत्या का मामला दर्ज कराया जाने की मांग कर रहे थे द्य कि कोमल गांव के ही तीन युवकों के साथ गाजियाबाद नौकरी करने गया था। परिजनों को शक है कि हो सकता है साथियों ने ही उसकी किसी मामले में पीट कर हत्या कर दी हो या किसी अन्य से कोई लड़ाई झगड़ा हुआ हो जिस कारण कोमल की हत्या कर दी गई है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। वहीं कोतवाली प्रभारी इंद्रजीत सिंह का कहना है की घटना का स्थल गाजियाबाद है इसलिए इसकी रिपोर्ट गाजियाबाद में ही दर्ज कराई जानी चाहिए।



### बलरामपुर चीनी मिल इकाई गुलरिया में ब्वायलर पूजन संम्पन हुआ

जन एक्सप्रेस । बिजुआ - खीरी

दिन मंगलवार को शुबह बलरामपुर चीनी मिल इकाई गुलरिया चीनी मिल में नवीन पेराई सत्र 2023-2024शुरूआत होने से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चारण व हर्षोउल्लास के साथ हवन आरती व प्रसाद वितरण के उपरांत सम्पन्न हुआ ।इस अवसर पर गुलरिया चीनी मिल मुख्य महा प्रबंधक योगेश कुमार सिंह ,महा प्रबंधक (इंजी)संजय सिंह,महा प्रबंधक (वाणिज्य) तुषार अग्रवाल,उप महा प्रबंधक(उत्पादन)राकेश कुमार सिंह,उप महा प्रबंधक (पावर प्लांट)संजय कुमार मिश्र, सहा0 महा प्रबंधक(आसवनी)विनोद कुमार मिश्र, सहा0 महा प्रबंधक(मानव संसाधन एवं प्रसासन)अजीत सिंह सहित समस्त किसानों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे ।पेराई सत्र 2023 2024 शुरू करने से पहले सभी तैयारियां अंतिम रूप में है। गुलरिया चीनी मिल के सभी कर्मचारियों व अधिकारियों में नए सत्र को लेकर अपर उत्साह व्याप्त है।

# कोर्ट ने निरस्त की पुलिस की विवेचना

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी

**प्रसव के दौरान महिला की मौत का मामला**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** तीन साल पहले नगर के एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान हुई विवाहिता की मौत के मामले में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के बाद विवेचना पर महिला के पति ने सवाल खड़े कर दिए। कोर्ट ने विवेचना को निरस्त कर नई विवेचना के आदेश दिए हैं। तहसील क्षेत्र के ग्राम बिजुआ निवासी सत्यनारायण बाजपेई ने अपनी पत्नी रुचि को बेहतर इलाज के लिए 25 मई 2021 को नगर के मोहल्ला अर्जुन नगर कॉलोनी में अपनी ससुराल लेकर आया था।यहां अच्छे डॉक्टर को दिखाकर इलाज करना चाहता था।उनका कहना है कि इस बात की जानकारी आशा बहू सुमन देवी को हुई और सुमन देवी अपनी अन्य सहेली मोहिनी देवी के साथ उसकी ससुराल आई और ससुराल के लोगों को गुमराह करके उसकी पत्नी रुचि को इलाज करने के बहाने गोला में लखीमपुर रोड पर माया हॉस्पिटल नामक एक निजी अस्पताल ले गई। वहां के डॉ धर्मवीर मौर्य ने सुमन देवी और मोहिनी देवी से सांठ गांठ कर तुरंत ऑपरेशन करने की बात कही और उनसे 30 हजार रुपये मांगे। उनके पास रुपए की व्यवस्था न होने पर बात 25 हजार रुपए में तय हो गई। उन्होंने 20 हजार रुपए तुरंत दे भी दिए। सत्यनारायण का कहना है कि डॉ धर्मवीर ने बगैर कोई जांच कराए ही उनकी पत्नी रुचि का ऑपरेशन कर दिया और फिर बताया कि उसकी तबीयत बहुत खराब है। ढाई लाख रुपए की व्यवस्था करो। वह बहुत परेशान हो गए। वमुश्किल डेढ़ लाख की व्यवस्था कर पाए जिसे डॉक्टर को दे दिया। उनका कहना था कि उसके बाद गलत तरीके से उनकी पत्नी का ऑपरेशन किया गया जिससे उसकी जान चली गई। वह रुपयों की व्यवस्था के लिए घर गए थे। इसी बीच रात 1-30 बजे के करीब उन्हें फोन किया गया कि जल्दी आ जाए उनकी पत्नी की तबीयत बहुत खराब है। वह जब तक गोला पहुंचे तब तक मामले को छिपाने के लिए डॉक्टर ने आनन फानन में एंबुलेंस बुलाकर उनकी मृत पत्नी को एंबुलेंस में लाद दिया और कहा कि इन्हें लखनऊ दिखाओ। यह बात उन्हें एंबुलेंस के चालक ने रास्ते में बताई। तब वह अपनी पत्नी को नेपालापुर सीतापुर के अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने कहा कि महिला की मौत काफी समय पहले हो चुकी है।पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। तो न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर डॉक्टर, आशा बहू और उसकी सहेली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसकी विवेचना में खेल कर दिया गया। सत्यनारायण का आरोप है कि विवेचना में कोई साक्ष्य नहीं जुटाए गए,संबंधित लोगों से कोई पूछताछ नहीं हुई। कमरे में बैठकर सांठ गांठ के चलते विवेचना कर ली गई। जिस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आदेश दिया कि 14 नवंबर 2021 को की गई विवेचना निरस्त की जाती है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गोला को निर्देशित किया है कि वह प्रस्तुत मामले में अग्रिम विवेचना कर आख्या न्यायालय में प्रेषित करें।

### मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है पुलिस जांच में जुटी

जन एक्सप्रेस । अनुज गुप्ता

**भीरा-खीरी।** मामला थाना क्षेत्र के गांव पड़रिया तिलकापुर का है जहां पर बीते रविवार की रात को मनोज सिंह पुत्र मदन 44 वर्ष की मौत घर के आंगन में हो गई थी। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची भीरा पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। वहीं परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं जिसको लेकर मृतक के भाई ने इस घटना की चार लोगों के खिलाफ नामज तहरीर भीरा थाने में दी है। मृतक का शव पोटमार्टम होकर बीते सोमवार शाम को घर आने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं इस घटना की जानकारी पाकर क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि मृतक के घर पहुचे जहां पर परिजनों को धीरज बंधाते हुए कहा गांव के सभी लोग साथ में हैं, कोई कोताही नहीं बरती जाएगी,दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस जांच में लग गई है। विधायक द्वारा सांत्वना देने के बाद मृतक की अंत्येष्टि गमगीन माहौल में कर दी गई है।

> "मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है पुलिस जांच में लग गई है मृतक के विसरा को जांच के लिए भेजा गया है।
> **निराला तिवारी, थानाध्यक्ष, भीरा**

### प्रधानाध्यापक पर स्कूली बच्चों की मां से छेड़खानी का आरोप

जन एक्सप्रेस । शाहजहांपुर

सेहरामऊ दक्षिणी के एक गांव निवासी महिला से परिषदीय स्कूल के प्रधानाध्यापक के छेड़खानी का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि यूनिफॉर्म के रुपये भेजने के लिए आधार कार्ड व बैंक पासबुक मांगने के लिए घर पहुंचे प्रधानाध्यापक ने महिला का गलत नीयत से हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने एससीएसटी एक्ट समेत कई धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर प्रधानाध्यापक का कहना है कि पुरानी अनबन के चलते पूर्व प्रधान के इशारे पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। महिला के बच्चे स्कूल में पढ़ते करते हैं। अनुसूचित जाति की महिला ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 15 सितंबर को पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे स्कूल के प्रधानाध्यापक उसके घर पर आए।

### किशोरी ने फंदा लगाकर किया जान देने का प्रयास गणेश विसर्जन के दौरान हुई थी छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस/हरदोई। जिले के पिहानी कस्बे में सोमवार की देर शाम गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान किशोरी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी युवक को भीड़ ने पिटाई के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। छेड़छाड़ की शिकार किशोरी ने मंगलवार की सुबह आत्महत्या कर जान देने का प्रयास किया। सीएचसी से उसे हरदोई रिफर किया गया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सोमवार को कस्बे में दो स्थानों से निकाली गई गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा देर शाम को हरैया नहर पुल पर पहुंची। प्रतिमा विसर्जन के दौरान भीड़ ने एक युवक को एक किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोप में पकड़ कर पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# बाइक सवार दो युवक व्यापारी का नोटों से भरा बैग लेकर हुए फरार

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी

**मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर एक व्यापारी का नोटों से भरा बैग लेकर हुए फरार व्यापारी के मुताबिक बैग में एक लाख 5 हजार रुपये रखे थे। मोहम्मदी कस्बा के मोहल्ला बाजार गंज निवासी सचिन गुप्ता ने बताया कि उसने नेशनल हाईवे पर मगरेना गांव के पास बनी दुकान किराए पर ले रखी थी। जहां वह फुटकर गल्ला खरीद का कार्य करता है सोमवार की शाम को दूसरे व्यापारी को देने के लिए घर से एक लाख 5 हजार की रकम झोले में रखी थी। व्यापारी का कहना था कि बैग दुकान पर ही रखा था। अचानक देर शाम मोहम्मदी की ओर से बिना नंबर की एक बाइक दुकान के सामने रुकी। उस पर दो युवक सवार थे। एक बाइक पर ही बैठा रहा। दूसरे ने दुकान में घुस आया और रुपयों भरा थैला लेकर भाग गया और पुवायां की ओर भाग निकले। चीख पुकार मचाने पर कई लोगों ने पीछा किया तब तक वह काफी दूर निकल गए।दूसरी तरफ पुलिस जांच में जुटी हुई है जगह-जगह सीसीटीवी फुटेज खागल रही है वहीं एक सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवार को देखा गया है।



### सूचना

मै लक्ष्मी नारायन पुत्र सुंदर लाल निवासी ग्राम पंचायत घनश्याम पुरवा मजरा ढखेरवा खालसा थाना पढ़ुआ जिला खीरी का है जो कि मेरा भाई रामप्रसाद पुत्र सुंदर लाल घनश्याम पुरवा मजरा ढखेरवा खालसा उसके पुत्र प्रदीप का गलत चलन व दुर्व्यवहार से परेशान हूं वह किसी मामले में कोई गलती करता है हमारे अपने परिवार से उसका कोई वास्ता नही कोई गलत कृत्य करता है वह व उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम, पल-पल की जानकारी लेते रहे एसपी

## बुढ़वा मंगल पर्व पर अतिरिक्त पुलिस बल किया गया था तैनात, चप्पे-चप्पे पर मुस्तैदी से नजर आई खाकी

**जन एक्सप्रेस । उरई**

एसपी ने बुढ़वा मंगल पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की थी। जिसके चलते मंदिरों के आसपास के अलावा चप्पे चप्पे पर खाकी तैनात नजर आई और मंदिर जाने वाले भक्तगणों द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से पूजा अर्चना संपन्न की गई। पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने बुढ़वा मंगल पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पहले से ही रणनीति तैयार कर ली थी। जिसको लेकर उन्होंने मंदिरों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की थी। इतना ही नहीं बल्कि पूजा अर्चना के लिए मंदिर आने वाले भक्तगणों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए उन्होंने कांस्टेबलों के अलावा कुछ महिला कांस्टेबलों को भी सिविल ड्रेस में तैनात कर दिया था। जो आम जनता के बीच रहकर हर आने जाने वाले व्यक्ति पर अपनी पैनी नजर जमाए हुए थे। इतना ही नहीं बल्कि एसपी ने स्वयं ड्यूटी पर तैनात किए गए जवानों को चेक किया और उन्हें सतर्क रहने के निर्देश दिए। इसके बाद भी एसपी ने शहर के अलावा जिले में घूम कर मंदिरों का भ्रमण किया और उनकी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी द्वारा लगाई गई फील्डिंग में चप्पे चप्पे पर खाकी नजर आई और अराजक तत्व तो जैसे नदारत ही रहे। फिलहाल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते शांतिपूर्ण तरीके से भक्तगणों ने पूजा अर्चना की और शांतिपूर्ण तरीके से ही बुढ़वा मंगल पर्व संपन्न हुआ।



# गांजा और चरस संग दो अभियुक्त किए गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । जालौन**



कोतवाली पुलिस द्वारा मदक पदार्थों की बिक्री के रोकथाम के लिए प्रयास किए जा रहे। पुलिस ने अलग-अलग स्थान से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 1500 गांजा व 175 चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अपराधियों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है। कोतवाल विमलेश कुमार को सूचना मिली धंतौली मार्ग पर एक्सप्रेस वे के पास एवं सहाव मोड़ के पास संदिग्ध व्यक्ति आ रहे हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने एसआई ओंकार सिंह व एसआई अनिल कुमार राणा को मौके पर भेजा। पुलिस ने धंतौली मार्ग पर मुन्ना नट निवासी धंतौली एवं सहाव मोड़ के पास से जयनरायण केवट निवासी मल्हानपुरवा थाना रामपुरा को पकड़ लिया। जिनमें मुन्ना नट के पास से पुलिस ने 175 ग्राम चरस एवं जयनरायण के पास से 1500 ग्राम गांजा बरामद किया। कोतवाल विमलेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए मुन्ना नट के खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में चोरी, मारपीट, अवैध शस्त्र रखने मादक पदार्थों की बिक्री समेत 9 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पुलिस एसओजी व सर्विलांस सेल टीम ने 25 हजार का इनामिया किया गिरफ्तार

**✳ लंबे समय से गैंगस्टर मामले में चल रहा था फरार**

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोटरा थानाध्यक्ष को एक बार फिर बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जिन्होंने एसओजी व सर्विलेंस सेल टीम की मदद से लंबे समय से गैंगस्टर मामले में फरार चल रहे 25 हजार के इनामिया बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ईरज राजा के निर्देशानुसार कोटरा थानाध्यक्ष महेश कुमार एवं एसओजी/सर्विलांस सेल प्रभारी सत्येंद्र यादव सहित टीम के साथ क्षेत्र में अपराधियों व अपराध पर अंकुश लगाने के लिए धरपकड़ अभियान चलाने में लगे हुए थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर द्वारा लंबे समय से गैंगस्टर मामले में वांछित चल रहे 25 हजार के इनामियां शातिर बदमाश सोनू गुप्ता उर्फ संतराम निवासी कृपालपुर थाना बरौर जिला कानपुर देहात की भनक लगी। भनक लगते ही थानाध्यक्ष ने संयुक्त टीम के साथ मुखबिर के बताए ठिकाने पर दबिश डाल दी और घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के बाद पता चला कि बदमाश के विरुद्ध जिले के अलग-अलग स्थान में आठ मुकदमे पंजीकृत है। फिलहाल पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध पुलिस द्वारा संबंधित कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान पकड़ने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षकों के अलावा उप निरीक्षक जितेंद्र चंदेल, सिपाही ऋषि, चैतन्य देव कुमार सहित टीम मौजूद रही।




# फुल पावर चौराहा में महिला चौकी के निर्माण के लिए जमीन का हुआ चयन

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



नगर के व्यस्ततम फुल पावर बाईपास चौराहा में महिला पुलिस चौकी के भवन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। कोतवाली प्रभारी निदेशक शिवकुमार सिंह राठौर ने पालिका तथा राजस्व अधिकारियों के साथ प्रस्तावित जमीन का चयन कर लिया है।

पुलिस प्रशासन के द्वारा कालपी नगर में नारियों की सुरक्षा एवं महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाओं पर नियंत्रण रखने को उद्देश्य से महिला पुलिस चौकी की स्थापना करने का प्रस्ताव कई महीने से चल रहा है। इसी को मद्दे नजर रखते हुए मंगलवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सिंह राठौर, टरननगंज पुलिस चौकी इंचार्ज चेतराम बुंदेला, नगर पालिका परिषद कालपी में पहुंचे। कार्यालय में पालिका के राजस्व निरीक्षक राम भुवान सिंह तथा कर्मचारियों के साथ बैठक करके पुलिस चौकी के निर्माण के लिए चयनित होने वाली जमीन का चयन किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए राजस्व निरीक्षक राम भुवान सिंह ने बताया कि मुन्ना फुल पावर चौराहे आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज के समीप 600 वर्ग फीट में पुलिस चौकी का भवन बनाने के लिए जगह का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि महिला पुलिस चौकी के भवन के बगल में लगजरी टॉयलेट का निर्माण नगर पालिका परिषद कालपी से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कराया जाएगा। जिसमें महिला एवं पुरुष जरुरत मे अलग अलग लगजरी टॉयलेट का इस्तेमाल कर सकेंगे। पुलिस सूत्रों के अनुसार महिला पुलिस चौकी के निर्माण का कार्य जल्दी ही शुरू हो जाएगा।

# पालिकाध्यक्ष ने नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज कालपी का पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा विद्यालय के परिसर को सुंदर बनाने के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये। विभागीय कर्मचारियों के साथ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष औचक निरीक्षण से विद्यालय में पहुँचे। उन्होंने घूम-घूम कर सभी कमरों का निरीक्षण किया। उन्होंने अध्ययन रत छात्राओं की पढ़ाई के हालातो का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य सुमन श्रीवास्तव, वरिष्ठ शिक्षकाओं अर्पणा शर्मा, कंचन यादव आदि के द्वारा अवगत कराया कि बाउंड्री से तमाम बंदर अंदर घुस जाते हैं, जो अध्यनरत छात्रों के सामानों तथा स्कूल को नुकसान पहुंचाते रहते हैं। इसी प्रकार विद्यालय के लिपिकों तथा कर्मचारियों ने लिपिकीय कार्यालय की चटकी छत को दिखलाया।

खस्ता हाल कमरों को देखकर पालिका अध्यक्ष ने पालिका के निर्माण लिपिक शिशुपाल यादव पप्पू को निर्देशित किया के लिपिकीय कार्यालय के कमरो की मरम्मत कराकर सुंदरीकरण कराया जाए। इसी प्रकार छात्राओं के पढ़ाई वाले कक्षो में बंदरों से बचाव के लिए जाली स्थापित करने की योजना तैयार की जाए। पालिकाध्यक्ष ने शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों को भरोसा दिया कि विद्यालय के सुंदरीकरण के लिए पालिका प्रशासन के द्वारा उचित प्रबंध किए जाएगे। उन्होंने कहाकि विद्यालय की छात्राओं की पढ़ाई के लिए शिक्षा की गुणवत्ता पर पूरा ध्यान दिया जाए।

# शिकायत के बावजूद अराजकतत्व पुलिस की गिरफ्त से बाहर

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

युवतियों तथा महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व बदसलूकी करने के मामलों में अराजकतत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के आदेश पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा जिले के समस्त थानाध्यक्षों को निर्गित किये जा चुके है। पुलिस अधीक्षक के आदेशों के बावजूद पीड़ित महिलाओं के प्रार्थना पत्रो पर थाना श्रीनगर पुलिस कार्यवाही करने के स्थान पर मामले को ऐनकेन प्रकोरण दबाये जाने का प्रयास कर रही है। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अराजकतत्व के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। थाना श्रीनगर क्षेत्र के ग्राम सिजहरी निवासी श्रीमति पुष्पा पत्नी धनीराम प्रजापति द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र मे कहा है कि गत दिनांक 18 सितम्बर 2023 को बीति शाम 9 बजे के लगभग अपनी पुत्री वंदना के साथ दरवाजे पर बैठी हुई थी उसी समय गांव का ही रामू पुत्र शत्रुघन राजपूत शराब पीकर आया और मुझ प्राथियां तथा मेरी लड़की वंदना को बुरी- बुरी गालियां देने लगा। रामू को गाली देने से मना करने पर मेरी बेटी वंदना का हाथ पकड़कर जबरियां घसीटने लगा महिला के शोर मचाने पर और पड़ोसियों के आ जाने से रामू गाली गलौच करते तथा जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया था। घटना की सूचना उसी रोज पुलिस सहायता 112 नम्बर पर फोन कर दी गयी थी तथा लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र थाना श्रीनगर प्रभारी निरीक्षक को दिया गया था परंतु थाना श्रीनगर पुलिस द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नही की गयी है।

# फर्जी वेबसाइट के डिजिटल साक्ष्य होने के बाद भी हफ्ते भर से पुलिस के हाथ खाली

**जन एक्सप्रेस । विजय प्रताप सिंह**

**✳ विवेचना का बहाना बनाकर नाकामी छुपा रही पुलिस**

**महोबा।** भारत में बैठकर विदेशी डिजिटल उपलब्धता हासिल करके सरकारी विभागों को चूना लगाने का काम करने वाले अपराधियों पर धीमी गति से की जाने वाली कार्यवाही कहीं न कहीं सिस्टम की असमर्थता साबित कर रहा है। जिले में खनिज विभाग से मिलती जुलती वेबसाइट बनाकर सरकारी सिक्योरिटी पेपर में फर्जी परिवहन प्रपत्र मिलने के डिजिटल साक्ष्य बरामद होने के एक सप्ताह बाद भी पुलिस के हाथ खाली होने से अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं।

बीते 20 सितंबर को खान निरीक्षक एजाज अहमद ने कुलपहाड़ कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 286 सन् 2023 लिखाया था जिसमें पुलिस को बताया गया था कि खनिज विभाग की आधिकारिक वेबसाइट के बजाय उससे मिलती जुलती वेबसाइट से सरकारी सुरक्षा प्रपत्र में फर्जी तरीके से एडिट करके परिवहन प्रपत्र छापकर प्रयोग में लाए जा रहे जिनकी जांच करने में पता चला था कि प्रपत्र कुलपहाड़ स्थित पट्टा धारक ए के त्रिपाठी के लिए खनिज विभाग से जारी किए गए थे। तभी उनके खिलाफ मुकदमा लिखाया गया था। पुलिस को फर्जी वेबसाइट का वेब एड्रेस तहरीर में बताया गया है।

पुलिस के पास डिजिटल धोखाधड़ी का पता होने के बाद भी अभी तक कोई सफलता न मिलने पर अब जनता के बीच चर्चा आम होने लगी है कि साइबर सुरक्षा के नाम पर सरकार द्वारा किए जाने वाले दावे हवा हवाई है आज भी साइबर साम्राज्य में विदेशी हैंडलरो के सामने भारत की पुलिस पानी भरती नजर आ रही है।

तभी तो थानाध्यक्ष से लेकर पुलिस कप्तान रटे रटाए बहाने बनाकर मामले को दबाने में जुटे है अधिकारी विवेचना जारी है कहकर बड़े से बड़े मामलों में अपराधियों को बचने का पूरा मौका देती है। गौरतलब हो की 2018 में फर्जी वेबसाइट से फर्जी खनन परिवहन प्रपत्र छापकर बेचने के मामले कई निर्दोष लोगों पर पुलिस ने यह कहते हुए आरोप पत्र लगाए थे कि इनके द्वारा खनिज विभाग की वेबसाइट को हैक करके दस्तावेज प्रयोग में लाए गए है जबकि उससे संबंधित कोई साक्ष्य विवेचना में शामिल नहीं किए गए थे सबसे हैरत की बात यह है कि विवेचको की इस हवा हवाई लिखापढ़ी को राजपत्रित परीक्षण अधिकारियों ने भी सत्यापित करके न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल करने की संस्तुति की है जो अदालतों विचारण और फैसलों के दिन गिन रहे है।

# जिले मे स्वेत क्रांति लाने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

वर्ष-2023-24 में नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला क्रियान्वयन एवं अनुश्रण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शासन द्वारा प्रदेश में प्रारम्भ की गयी नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत संचालित योजनाओं नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री स्वदेशी संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना, एवं प्रम्भिक दुग्ध सहकारी समिति का गठन योजना के क्रियान्वयन एवं अनुश्रण हेतु, शासन द्वारा गठित जिला क्रियान्वयन एवं अनुश्रण समिति की बैठक आहूत की गयी। समिति के पदेन उपाध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी, महोबा, चित्रसेन सिंह तथा समिति के पदेन सदस्य, जिला विकास अधिकारी, पंकज यादव, मुख्य कोषाधिकारी, देव कुमार यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, मनोज कुमार शर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, राघवेन्द्र तिवारी, पदेन सदस्य सचिव प्रभारी उप दुग्ध विकास अधिकारी महोबा, प्रभारी उप दुग्ध विकास अधिकारी, दुग्ध निरीक्षक सुशील शर्मा द्वारा समिति के सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे सभागार में उपस्थित नगर के अधिकारियों द्वारा क्रियान्वित मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुधन संवर्धन योजना के उद्देश्य, प्रकृति, प्रोत्साहन, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया, स्थल सत्यापन, धनराशि की स्वीकृति के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रोत्साहन योजना के तहत साहीवाल, गिरी, थारपारकर को 08 से 12 किलोग्राम प्रतिदिन दूध उत्पादन पर 10000 रूपये एवं 12 किलोग्राम से अधिक दूध उत्पादन पर 15000 रूपये एवं हरियाणवी में 07 से 10 किलोग्राम प्रतिदिन दूध उत्पादन पर 07 रूपये नस्ल की गायों को 10 किलोग्राम से अधिक दैनिक दूध उत्पादन के लिए, 10000 रुपये और 15000 रुपये और गंगातीरी नस्ल की 07 से 08 किलोग्राम तक दैनिक दूध उत्पादन के लिए 10000 रुपये और धनराशि प्रदान की जाएगी। आवेदन पत्र मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय से प्राप्त एवं जमा किये जायेंगे। आवेदक उत्तर प्रदेश का निवासी 18 वर्ष से अधिक आयु हो। आयु 18 वर्ष से अधिक आवेदन ब्यॉत की तिथि से 45 दिन के अन्दर करना है। स्वदेशी गायों की प्रजाति यथा गिरि, साहीवाल, हरियाणा, गंगातीरी एवं थारपारकर प्रजाति के लिये ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। किसी गाय के जीवन काल में एक बार ही पशुपालक प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने हेतु पात्र होगा। जिलाधिकारी द्वारा योजना के प्रचार प्रसार हेतु विकास खण्ड स्तर पर तैनात पशु चिकित्साधिकारी खण्ड विकास अधिकारियों को योजना के प्रचार एवं क्रियान्वयन सहयोग प्रदान किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है।



## फास्ट फॉरवर्ड

### खो-खो में बेहरा डाबर ने बाजी मारी

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** परिषदीय विद्यालय में चल रहे खेल प्रतियोगिता के तहत न्याय पंचायत भरहेचौरा में आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय छावनी टोला तथा प्राथमिक विद्यालय भरे चौराहा के छात्रों के बीच हुआ जिसमें प्राथमिक विद्यालय भरहेचौरा के बच्चों ने विजय हासिल किया इसके बाद प्राथमिक विद्यालय भरे चौरा के बच्चों तथा प्राथमिक विद्यालय बेहरा डाबर के बच्चों के बीच खो खो प्रतियोगिता हुई जिसमें प्राथमिक विद्यालय बेहरा डाबर के बच्चों ने पाँच अंक प्राप्त किया वहीं प्राथमिक विद्यालय भरहेचौरा के बच्चों ने तीन अंक प्राप्त किया इस प्रकार प्राथमिक विद्यालय बेहरा डाबर के बच्चे विजयी घोषित किए गए। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय बेरा डाबर से निक्की अनुष्का अनामिका इच्छा अंजलि रिशु चंदा तथा नंदिनी ने प्रतिभा किया और विजई रही।

### छोटी गंडक नदी के किनारे मिला शव

**जन एक्सप्रेस/भटनी/देवरिया।** भटनी स्थित पुल के नीचे छोटी गंडक के किनारे सोमवार को एक युवक का शव मिला। जानकारी पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में ले लिया। पूछताछ में परिजनों ने युवक की तबीयत खराब होने की बात बताई है।भटनी नगर के रामलीला मैदान निवासी ज्वाला जायसवाल (32) घर के सामने दुकान चलाते थे। पिछले कई महीनों से उनकी तबीयत खराब थी । परिजन जिला अस्पताल से दवा करा रहे थे। सोमवार दोपहर को भोजन के बाद वह बाजार में घूमने गए। करीब दो बजे लोगों ने छोटी गंडक नदी के किनारे ज्वाला का शव देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस अपनी कार्यवाही कर रही थी।

### बनकटा थानाध्यक्ष हुए सस्पेंड उन पर पर था शराब तस्करों से संबंध का आरोप

**जन एक्सप्रेस/बनकटा/देवरिया।** बनकटा थाना क्षेत्र निवासी भाजपा नेता प्रमोद सिंह की बिहार पुलिस द्वारा सुनियोजित गिरफ्तारी कराने में थानाध्यक्ष मुकेश मिश्र पर उंगली उठ रही थी। भाजपा नेता ने गिरफ्तारी के समय आरोप लगाया था कि उनकी एक शराब तस्कर से कुछ दिन पहले कहासुनी हो गई थी। इसके बाद वह तस्कर ने बिहार में अपने मजबूत संपर्कों की बदौलत गिरफ्तार तस्कर से गवाही में मेरा नाम डलवा दिया।जब मैं तस्कर के खिलाफ बनकटा थाने पहुंचकर एफआईआर के लिए आवेदन दे रहा था तो बिहार पुलिस को बुलाकर सुनियोजित ढंग से गिरफ्तार करा दी गई। जिले के भाजपा नेताओं ने जब इसकी शिकायत एसपी से की तो थानाध्यक्ष की मिलीभगत सामने आई। नाराज एसपी ने सख्त रुख अपनाते हुए थानाध्यक्ष को सस्पेंड कर दिया। वहीं भलुअनी थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश मिश्र ने पैरवी करने गए एक भाजपा कार्यकर्ता से बदसलूकी की। इसकी शिकायत जनप्रतिनिधियों ने कप्तान से की थी। कप्तान ने इसे गंभीरता से लिया और इनको सस्पेंड कर दिया।

### युवा कांग्रेस कार्यकर्ता करे संगठन को मजबूत: कुलदीप बत्रा

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** युवा कांग्रेस के होने वाले संगठनात्मक चुनाव को लेकर जोनल रिटर्निंग अधिकारी राष्ट्रीय सचिव कुलदीप बत्रा ने मंगलवार को जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को चुनावी तरीके व रणनीति से अवगत कराते हुए चुनाव को निष्पक्ष रूप से कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता गांव गांव जाकर अधिक से अधिक सदस्य बनाने का कार्य करें। इस बार सदस्यता व चुनाव का सारा काम पारदर्शी तरीके से ऑनलाइन होगा। आज पूरा देश भाजपा सरकार को हराने के मन बना लिया है, इसके लिए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता अभी से चुनावी कार्यक्रम में जुट जाएं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि आज संगठन को और मजबूत बनाने की जरुरत है। बैठक को पूर्व प्रदेश महासचिव विवेक कुमार मिश्र, पूर्व प्रदेश सचिव धनञ्जय पांडेय, अजय सिंह सैथवार, जिला मिडिया कोऑर्डिनेटर सत्यम पांडेय, हर्षित सिंह, अंकुर भारती, कार्तिकेय मिश्र, विपिन राय आदि ने सम्बोधित किया।

### बूथों को सशक्त करके ही लोकसभा चुनाव जीतेंगे: श्रीनिवासन

**जन एक्सप्रेस/भटनी/देवरिया।** भाजपा मण्डल सलेमपुर की मण्डल पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक सलेमपुर सिंचाई विभाग के डाकबंगले पर सम्पन्न हुई। जिला महामंत्री एवम सलेमपुर मण्डल के प्रवासी श्रीनिवासन मणि ने बताया कि आगामी 30 सितम्बर को शक्ति केन्द्र संयोजकों की बैठक होगी। उन्होंने बताया कि सलेमपुर के 20 शक्ति केंद्रों एवं 94 बूथों को आगामी लोकसभा चुनाव के पहले सक्रियता प्रदान की जाएगी। बूथों को सशक्त करके ही हम लोकसभा चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी एवम संगठन की मजबूती एकजुटता में है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को अपने बूथों को मजबूत करना होगा। जिससे आने वाले समय मे पार्टी किसी भी स्तर से कमजोर न हो। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष कन्हैया लाल जायसवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त मौके पर मण्डल प्रभारी रामदास मिश्र, डॉ0 विनय राव, अशोक तिवारी, अजय दुबे वत्स, आशुतोष तिवारी, मनोज सिंह, बृजेश कुशवाहा, पुरुषोत्तम दुबे, छोटेलाल गुप्ता, अनूप मिश्रा, अनूप उपाध्याय, दीपक श्रीवास्तव, अनिल ठाकुर एवम अवधेश मद्धेशिया मौजूद रहे।

### बाइक से गिरकर युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/कोंच।** नदीगांव रोड पर ग्राम गिदवासा के पास बाइक पर बैठा युवक अचानक गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम हिंगुटा निवासी सुकेश कुमार 28 वर्ष सोमवार की सुबह अपने दोस्त जावेद के साथ दूध के काम के सिलसिले में बाइक से नदीगांव जा रहा था। इस दौरान जब वह लोग कोंच नदीगांव रोड के ग्राम गिदवासा के पास से गुजर रहे थे। तभी संदिग्ध हालात में सुकेश चलती बाइक से गिर गया। जिससे उसके सिर में गहरी चोट आई और उसकी मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा जावेद सुरक्षित रहा। घटना के बाद वहां हड़कंप मच गया और सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजनों द्वारा अभी किसी के खिलाफ पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।

### युवक ने लगाई फांसी मौत

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के जमरेही अव्वल में युवक ने रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमरेही अव्वल निवासी प्रदीप दोहरे 24 वर्ष अपनी पत्नी दीक्षा के साथ उर्ई में रहकर मजदूरी कर अपना भरण पोषण करता था। बताया गया कि वह चार दिन पहले गांव जमरेही अव्वल आया था। जो सोमवार शाम को खाना खाने के बाद कमरे में सोने चला गया। सुबह देर तक न जागने पर मां शान्ती देवी कमरे के अंदर पहुंची और हुक से फांसी के फंदे पर लटक रहे शव को देखकर वह जोरों से चीखने लगी। शोरगुल सुनकर बाकी परिजन भी मौके पर आ गए। मौजूद लोगों ने जानकारी पुलिस को दी। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना को लेकर परिजन कुछ भी नहीं बता सके। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है।

### ग्रामीणों ने दबोचे बोलेरो सवार सात बदमाश

**जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार।** सिमरा शेखपुरा में बीती देर रात गांव में घुसे बोलेरो सवार बदमाशों को ग्रामीणों ने घेर कर दबोच लिया। इस दौरान सात बदमाश ग्रामीणों के हाथ लग गए। जबकि उनके चार-पांच साथी भागने में सफल हो गए। पकड़े गए बदमाशों की धुलाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया गया। सिरसा कलार थाना के ग्राम सिमरा शेखपुरा में सोमवार की देर रात एक बोलेरो में सवार बदमाशों की चहल कदमी की जानकारी पर कई ग्रामीण जाग गए। पहले तो ग्रामीणों को बदमाशों का भय दिखने पर वह डर के कारण घरों के अंदर छिप गए। लेकिन बाद में कई ग्रामीणों ने एक दूसरे को फोन पर सूचना देकर पड़ोस के गांव देहलखड से भी कई ग्रामीणों को अपनी मदद के लिए गांव बुला लिया। ग्रामीण युवकों के गांव पहुंचते ही सभी ने इकट्ठा होकर सात बदमाशों को दबोच लिया। जबकि चार पांच बदमाश यमुना होते हुए बीहड़ पट्टी की ओर भागने में कामयाब हो गए। पहले तो ग्रामीणों ने पकड़े गए बदमाशों जमकर धुनाई की और बाद में पुलिस को सूचना देकर उन्हें सौंप दिया। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि वह सभी बोलेरो से पास किसी टील में गढ़े धन को खोदने के इरादे से गांव में आए थे। पुलिस ने बदमाशों के पास से मिट्टी खोदने के धारदार औजार बरामद किए हैं हालांकि पुलिस अभी पकड़े गए बदमाशों के नाम उजागर नहीं कर रही है। वह कहां के रहने वाले हैं, यह भी नहीं बताया जा रहा है। थाना प्रभारी दिनेश कुरील ने बताया की अभी पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ जारी है।

# अवैध वसूली के आरोपी अफसरों को सीएमओ ने दिया अभयदान

**✻ दोषी पाए जाने के बावजूद डीटीओ को दी क्लीनचिट**

जन एक्सप्रेस। अयोध्या




जिले के टीवी विभाग में कर्मचारियों के उत्पीड़न व अवैध वसूली की जांच में बड़ा खेल हो गया। सीएमओ की ओर से प्रकरण की जांच के लिए गठित टीम की रिपोर्ट एवं संस्तुति एक नाटक बन कर रह गई।

जांच टीम की रिपोर्ट को नजरंदाज कर सीएमओ ने आरोप सिद्ध होने के बावजूद आरोपी चिकित्साधिकारी व जिला प्रोग्राम क्कार्डिनेटर को अभयदान दे दिया। जिले के टीवी विभाग में कर्मचारियों के उत्पीड़न व उनसे की जा रही अवैध वसूली की शिकायत जुलाई माह में कर्मचारियों की और से जुलाई माह में की गई थी कर्मचारियों ने मांग की थी कि तत्कालीन डीटीओ आर के सक्सेना व जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अन्नत प्रताप सिंह के कृतियों की जांच कराई जाए और उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाए। इस मामले में सीएमओ ने 12 जुलाई को एक तीन सदस्य जांच टीम का गठन किया। उस टीम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रशासन डीके शर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रतिरक्षण डॉक्टर दिलीप सिंह व नगर स्वस्थ्य अधिकारी डॉ राममणि शुक्ला को शामिल किया गया।

इस मामले में 12 जुलाई को जांच टीम की ओर से दी गई रिपोर्ट में डीटीओ आर के सक्सेना व जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अनंत प्रताप सिंह को आरोपी मानते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करने की संस्तुति जांच टीम ने की थी। जांच टीम की ओर से अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि बयानों एवं दिए गए. ऑडियो साक्ष्य के आधार पर दोनों अधिकारी आरोपी पाए गए हैं। इस प्रकरण में डीटीओ बयान देने से मुकर गए। इसके बाद सीएमओ ने जांच टीम को पूरक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

25 जुलाई को दी गई पूरक रिपोर्ट में जांच टीम ने खेल करते हुए डीटीओ डा आरके सक्सेना को छोड़कर जिला कोऑर्डिनेटर आनंत प्रताप सिंह को ही अकेले आरोपी बताया और दोबारा सीएमओ को आवश्यक कार्रवाई करने की संस्तुति की। दो दो बार जांच रिपोर्ट में आरोपी पाए जाने के बावजूद सीएमओ ने दोनों आरोपियों को अभयदान दे दिया दिया। मात्र जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अनंत प्रताप सिंह को चेतावनी जारी कर भविष्य में ऐसा न करने का निर्देश दिया।

सीएमओ की इस कार्यवाही पर सवाल उठ रहे हैं सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब तत्कालीन डीटीओ डॉक्टर आरके सक्सेना व जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर को क्लीन चिट देनी थी तो जांच करने की कोई आवश्यकता ही नहीं थी जब डीटीओ ने जांच टीम के सामने आकर कोई बयान नहीं दिया और जांच टीम ने प्रकरण में दोषी पाए तो फिर कार्यवाही क्यों नहीं हुई सूत्रों की मानें तो सीएमओ ने किसी बड़े राजनीतिक दबाव में भ्रष्टाचार इतने बड़े मामले को दफन कर दिया।

इस संबंध में सीएमओ डॉक्टर संजय जैन ने बताया कि डीटीओ को शासन ने उनके पद से हटा दिया है शिकायतकर्ता की यह मांग थी कि जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर को चेतावनी दे दी है इससे बड़ी और कोई सजा दी जा सकती है मतलब यह है कि सीएमओ कि ओर से कराई गई जांच ढाक के तीन पात होकर रह गई सीएमओ ने भ्रष्टाचारियों को भ्रष्टाचार करने के लिए अभयदान दे दिया है।

# बुजुर्ग किसान की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



तारुन थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात एक बुजुर्ग किसान की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद पूर्व मंत्री के पैतृक गांव में हलचल है। मामला पुराने जमीनी विवाद और रंजिश से जुड़ा है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

बताया गया कि केशरूवा बुजुर्ग गांव निवासी बुजुर्ग किसान 80 वर्षीय शंकर निषाद उर्फ बवाली पुत्र नगेसर शाम को शौच के लिए गांव के बाहर अपने खेत की ओर गए थे। शौच के लिए ही निकले गांव निवासी काली दीन निषाद को गांव निवासी राज बहादुर तिवारी के नलकूप के पास से किसी के कराहने की आवाज सुनाई दी तो माजरा जानने वह निकट गए।पास जाकर काली दीन ने टार्च जलाकर देखा तो पाया कि बुजुर्ग शंकर निषाद रक्त रंजित हाल में पड़े हैं और मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ है। भागकर उन्होंने मामले की जानकारी घायल किसान के बेटे को दी। इसके बेटे नंदलाल निषाद ने अपने घायल और मरणासन्न पिता को ठेले पर लादकर सीएचसी तारून पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सकों नें बुजुर्ग किसान को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बेटा रात सवा दस बजे बुजुर्ग किसान को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सा डॉक्टर वीरेंद्र वर्मा ने परीक्षण के बाद किसान को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भिजवाया है। मृतक के बेटे नंदलाल का कहना है कि सायं करीब 5 बजे पिता घर से शौच को कहकर गांव के पूरब अपने खेत की तरफ गए थे। घटना की जानकारी पर क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में पहुंची पुलिस ने बयान लिया है। जिसमें बेटे ने पुरानी जमीनी रंजिश में गांव के ही राधेश्याम और शिवकुमार पर मुंह में कपड़ा ठूंस चाकू और लाठी डंडे से हमलाकर कर हत्या की बात कही है।

# समाजवादी शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष ने घोषित की जिला कमेटी

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 एस पी सिंह पटेल व सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव की संस्तुति पर समाजवादी शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने जिला कमेटी घोषित किया । सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के अनुसार जिला अध्यक्ष अयोध्या दान बहादुर सिंह उपाध्यक्षगण संत प्रसाद मिश्र विमल सिंह यादव अमरनाथ सिंह डॉक्टर रामचंद्र वर्मा तहसीलदार सिंह मोहम्मद अजहर अली उस्मानी डॉक्टर विनोद यादव पुनीत स्टीफेन महासचिव डॉक्टर घनश्याम यादव कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह तथा सचिवगण डॉक्टर अवनीश प्रताप सिंह डॉक्टर हनुमान प्रसाद मिश्र आनंद कुमार शुक्ला अनिल कुमार मिश्र प्रभाकर सिंह अंबुज मालवीय दाल सिंह गौड़ डॉक्टर चंद्र प्रकाश वर्मा मृत्युंजय सिंह रणधीर सिंह डॉक्टर रणजीत वर्मा श्री नारायण द्विवेदी लाल चंद्र यादव सत्य प्रकाश डॉक्टर चंद्रवीर सिंह विशाल मसी इनके साथ ही सदस्य जिला कार्य समिति मे डॉक्टर आर के यादव डॉक्टर अमित कुमार मौर्य डॉक्टर संतोष मौर्य डॉक्टर नागेंद्र सिंह दीपेंद्र लॉरेंस इसी के साथ ही विधानसभा अध्यक्षों में विधानसभा अध्यक्ष अयोध्या जयप्रकाश चौरसिया विधानसभा अध्यक्ष गोसाईगंज डॉक्टर राजेश कुमार यादव विधानसभा अध्यक्ष बीकापुर प्रदीप तिवारी विधानसभा अध्यक्ष मिल्कीपुर रामचेत यादव विधानसभा अध्यक्ष रुदौली राम कैलाश यादव आदि को नामित किया गया।

# सीएसआर योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजन नि :शुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

राजकीय इंटर कालेज, फतेहगंज, अयोध्या में भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा देश भर में 74 स्थानों पर सामाजिक अधिकारिता शिविरों के माध्यम से दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु भारत सरकार की एडिप योजना, राष्ट्रीय वयो श्री योजना एवं सीएसआर योजना के अन्तर्गत आयोजित किये जा रहे जिसमें अयोध्या का शिविर इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड की सीएसआर योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन 24 सितंबर 2023 किया गया। जिसमें अयोध्या के मसौधा विकास खण्ड कार्यालय, अयोध्या एवं रूदौली विकास खण्ड कार्यालय के 119 एलिम्को द्वारा पूर्व चिन्हित लाभार्थियों को लगभग रूपये 25 लाख की लागत के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किया गया।



सांसद लल्लू सिंह समारोह के मुख्य अतिथि व विधायक राम चन्द्र यादव, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी चन्द्रेश त्रिपाठी,अयोध्या कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं अतानु भौमिक, कार्यकारी निदेशक, ईआईएल, श्रीमती मालविका भटनागर, अतिरिक्त महाप्रबन्धक, ईआईएल एवं मृणाल कुमार, उप-प्रबन्धक एलिम्को की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।दिव्यांगो के चिन्हीकरण पंजीकरण के लिए एलिम्को द्वारा अयोध्या के 4 जुलाई एवं 14 सितम्बर 2023 को मसौधा विकास खण्ड कार्यालय अयोध्या एवं 05 जुलाई 2023 को रूदौली विकास खण्ड कार्यालय में परीक्षण शिविर आयोजित किये गये थे। इन परीक्षण शिविरों में पूर्व चिन्हित दिव्यांगजनों को एलिम्को द्वारा निर्मित विभिन्न श्रेणियों के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किये गये। जिनमें मोटराईज्ड ट्राइसाईकिल, ट्राइसाइकिल व्हील चेयर, बैसाखी, कान की मशीन छड़ी, स्मार्ट केन, स्मार्ट फोन और कृत्रिम अंग व कैलिपर शामिल है।कुल 119 पूर्व चिन्हित लाभार्थियों को लगभग रूपये 25 लाख के सहायक उपकरण वितरित किये

दिव्यांगजनों को वितरित होने वाले उपकरणों में मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल 39,ट्राईसाइकिल 43,फोल्डिंग व्हील चेयर 11,बैसाखी 58,वाकिंग स्टिक ब्रेल किट05,कान की मशीन 03सुगम्य केन 10 स्मार्ट फोन 04 कैलीपर्स और कृत्रिम अंग 12 दिये गए।

# रोवर्स एवं रेंजर्स को उत्कृष्ट कार्यो के लिए किया गया पुरस्कृत



जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलकेपीजी कॉलेज के रोवर्स एवं रेंजर्स को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए मंगलवार को महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे द्वारा पुरस्कृत किया गया।

जानकारी के अनुसार 26 सितंबर को एम एल के पीजी कॉलेज में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जनार्दन प्रसाद पांडे ने रोवर्स एवं रेंजर्स को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया। मुख्य अतीत प्रोफेसर पांडे ने रोवर्स तथा रेंजर्स को भविष्य में भी ऐसे ही निस्वार्थ भावना से लोगों की सेवा करते रहने का संदेश दिया। उन्होंने यह भी बताया की छात्र छात्राओ का अध्ययन के साथ-साथ को करिकुलर एक्टिविटी में भाग लेना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी छात्र छात्राओ को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम का संचालन रेंजर्स प्रभारी डॉक्टर आकांक्षा त्रिपाठी ने किया। डॉक्टर आकांक्षा त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में रोवर्स एवं रेंजर्स टीम के बच्चों ने विशेष योगदान दिया जिसमें अनुपमा जायसवाल, उत्तमा द्विवेदी, खुशी सिंह, अंकुर मिश्रा, विकास चौहान तथा अमन यादव प्रमुख है। सभी बच्चों ने कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लिया। रोवर्स प्रभारी डॉक्टर पी एन पाठक ने कार्यक्रम का समापन करते हुए सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

# गणेश उत्सव कार्यक्रम में आयोजित हुआ जागरण और महा आरती

जन एक्सप्रेस। महराजगंज तराई बलरामपुर

महाराजगंज कस्बा चौक मंदिर पर गणेशउत्सव में महाआरती व जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। गजानन को छप्पन भोग लगाए गए। कार्यक्रम में पूर्व सांसद व वर्तमान श्रावस्ती जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा व ब्लॉक प्रमुख प्रवीण सिंह विक्की महाआरती कार्यक्रम में पहुंचकर गणपत बप्पा की आरती कराई। साथ ही आयोजित जागरण भजन संध्या में भी भक्ति गीतों पर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सोमवार देर शाम को चौक मंदिर पर महारतिवार जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की भाजपा नेता विनय त्रिपाठी को गणेश पूजन समिति के पदाधिकारीयो ने गणेश प्रतिमा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व



सांसद श्री मिश्रा कहा कि हिंदू सानानत धर्म में किसी भी शुभ कार्य को करने से पहले गणेश जी का नाम लिया जाता है।

जिस तरह से कार्यक्रम के आयोजकों ने इतना भव्य कार्यक्रम आयोजित किया है। जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणेश पूजन महाआरती कार्यक्रम में पहुंचने का सौभाग्य मिला। गणेश पूजन समिति के पदाधिकारी का आभार प्रकट करता हूं। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री सिंह ने कहा कि सांवरिया ग्रुप जागरण पार्टी के कलाकारों ने जिस तरह से सुंदर मनमोहन झांकियां प्रस्तुत किया। इन सभी कलाकारों की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। गणपति को लागी नजरिया पर कलाकारों ने बहुत सुंदर भजन प्रस्तुत किया। लखीमपुर से सांवरिया ग्रुप के कलाकारों ने गजाननं का मनमोहक झांकियां दिखाया। साथ ही राधा कृष्ण झांकी के साथ मयूर नृत्य, सुदामा चरित्र, इकत्तीस मुखी महाकाली एंव भोलेनाथ की भव्य झांकियां व बरसाने में होली के नृत्य पर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कलाकारों ने कार्यक्रम प्रस्तुत करके जमकर वाहवाही लूटी। नगर के ग्राम प्रधान गणेश प्रसाद सोनी ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर गणेश प्रसाद सोनी अनूप कुमार गुप्ता रविंद्र कुमार गुप्ता विशाल गुप्ता रवि कौशल आशीष कौशल अरविंद सोनी रिंकू साहू नीरज पटवा प्रसून कौशल जय मंगल गुप्ता, भागवत वैश्य, आनंद कसौधन कौशिक कौशल, विकास गुप्ता सहित तमाम भक्तगढ़ मौजूद रहे

## गांधी जयंती पर आयोजित होगी पैदल चाल प्रतियोगिता, डीएम ने की प्रतिभा करने की अपील

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** आगामी 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर खेल विभाग द्वारा पैदल चाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग का कोई भी प्रतिभा कर सकता है। इसमें ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाग करने के लिए जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने जनपद के सीनियर बालक और बालिकाओं से अपील की है। बताते चले कि गॉधी जयन्ती राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर खेल निदेशालय लखनऊ एवं जिला प्रशासन के सहयोग से जिला खेल कार्यालय में प्रातः 07:00 बजे से सीनियर बालक एवं सीनियर बालिका वर्ग की पैदल चाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनपद के समस्त खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते है। जिला क्रीडाधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित भी किया जायेगा। खिलाड़ियों की इन्ट्रीफीस नि:शुल्क होगी एवं खिलाड़ियों को खेल किट में ही प्रतिभाग करना होगा। खिलाड़ियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# एमएलके पीजी कॉलेज में एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीज कॉलेज सभागार मे मंगलवार को विद्यार्थियों के सांस्कृतिक विकास हेतु एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अवनीत कौर ने बाजी मारी और पहले स्थान पर कब्ज़ा जमाया।

जानकारी के अनुसार 26 सितंबर को एमएलकेपीजी कॉलेज ऑडिटोरियम हॉल में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन व लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान के संयोजकत्व में एकल गायन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में लगभग 40 प्रतिभागियों ने शास्त्रीय, भक्ति, रोमांटिक, कॉमेडी गीतों को प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्र-मुग्ध कर दिया। निर्णायक प्रो0 वीणा सिंह, डॉ जितेंद्र भट्ट व मांडवी तिवारी ने स्वर, स्केल व प्रस्तुति के आधार पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए चुना। एमएससी प्रथम वर्ष की अवनीत कौर ने **फेरो न नज़र से नज़रिया** गीत प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी और पहले स्थान पर कब्ज़ा जमाया। बीएससी तृतीय के राज मिश्र ने ओ रे पिया हाय ओ रे पिया गीत प्रस्तुत कर दूसरा तथा एम ए प्रथम की अंशिका उपाध्याय ने तू ही मेरे मंदिर तू ही मेरी पूजा गीत प्रस्तुत कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रो0 वीना सिंह ने सभी के उज्वल भविष्य की कामना की। संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ आनंद कुमार वाजपेयी ने किया। इस अवसर पर डॉ आलोक शुक्ल, डॉ पूजा मिश्रा, डॉ एस के त्रिपाठी, डॉ के के सिंह, डॉ पी एन पाठक, डॉ सुनील शुक्ल, श्रीनारायण सिंह, मणिका मिश्रा, सीमा पाण्डेय, मधुमिता, सीमा श्रीवास्तव, प्रियांश मिश्र व आशुतोष सिंह सहित अन्य प्राध्यापक तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**पड़ोसी मुल्क से: डबल बेंच ने फैसले की कॉपी सरकार और सभी जिला अधिकारियों को अनुपालन के लिए भेजी**

# नेपाल सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला, मां के नाम पर भी मिलेगी नागरिकता

जन एक्सप्रेस। अशोक उपाध्याय

**भारत नेपाल सीमा/बहराइच।** नेपाल सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि पाल्यों को मां (नेपाली भाषा में आमा) के नाम पर नागरिकता पाने का अधिकार है। ऐसे मामलों में भी जहां पिता का नाम किन्ही कारणों से नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के आदेश की प्रति नेपाल के सभी जिलों के जिलाधिकारी और नेपाल सरकार को अनुपालन के लिए भेज दी है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से नेपाल में भी मातृत्व शक्ति को बढ़ावा मिला है। हालांकि भारत में एक दशक पूर्व से यह आदेश लागू है। यहां तक कि सभी दस्तावेजों में पिता के साथ मां का नाम लिखने का निर्देश है।




नेपाली मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल के ललितपुर नगर पालिका निवासी विंद्या महरजान और उनकी बेटी क्रिस्टीना महरजन की ओर से नागरिकता को लेकर एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थी। जिसमें मां की नागरिकता होने पर उसके पाल्य को भी नागरिकता देने की मांग की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए नेपाल सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार सिन्हा और नहकुल सुबेदी द्वारा महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा गया है कि मां की नागरिकता के आधार पर पाल्य को भी नागरिकता मिलने का समान अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को अब सार्वजनिक कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश नेपाल में मातृत्व अधिकारों को लेकर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वही नागरिकता अधिकारों को लेकर यह आदेश मिसाल बनेगा। अब पिता की नागरिकता न होने के अभाव में बच्चे नागरिकता से वंचित नहीं रहेंगे। मां की नागरिकता से जुड़ी जानकारी के आधार पर बच्चों के संबंध में पूरी जानकारी हासिल करने में मदद मिलेगी। भले ही पिता के संबंध में किन्हीं कारण से पूरी जानकारी उपलब्ध न हो। साथ ही बच्चे नागरिकता से वंचित नहीं रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लैंगिक समानता और मातृत्व अधिकार संरक्षण की बड़ी जीत माना जा रहा है।

इस ऐतिहासिक फैसले से साफ हो गया है कि पिता की पहचान के बारे में जानकारी के बिना पैदा हुए बच्चे भी नागरिकता प्राप्त कर सकते हैं। जिससे नेपाली नागरिक के रूप में उनकी कानूनी स्थिति और अधिकार सुरक्षित हो जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच के इस फैसले की प्रति सरकार और सभी जिलों के जिलाधिकारी को अनुपालन के लिए भेजी गई है। हालांकि विस्तृत व्याख्या जल्दी जारी की जाएगी।

# वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के अवसर पर कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। कैसरगंज/बहराइच

वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के अवसर पर यूनाइटेड वेलफेयर फार्मासिस्ट एसोसिएशन (यूडब्लूपीए) उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद बहराइच के कैसरगंज अस्पताल में फार्मासिस्ट डे धूमधाम से मनाया गया। जिसमें इस वर्ष की थीम फार्मासिस्ट स्वास्थ्य प्राणियों को मजबूत कर रहा है। इस यूनाइटेड वेलफेयर फार्मासिस्ट एसोसिएशन के द्वारा समाज में फार्मासिस्ट के प्रति जागरूकता व मेडिकल हेल्थ चेकअप विभिन्न अस्पतालों में फल वितरण कार्यक्रम, युवा प्राइवेट अस्पतालों में फार्मासिस्ट के प्रति जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रेजेंटेशन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। जिसमें जिले औषधि निरीक्षक कृष्ण कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मलित हुए। साथ ही अधीक्षक एन.के सिंह व चीफ फार्मेसिस्ट ओमकार नाथ मौर्य मौजूद



रहे। अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया। एस. आर. मैरज हाल में गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें फार्मासिस्ट के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और सरकार द्वारा फार्मेसी संवर्ग के उत्थान के लिए भविष्य के प्रोग्राम तय किए गये। संगठन द्वारा पिछले माह फार्मासिस्ट प्रैक्टिस रेगुलेशन के लिए लगभग 5 हजार पत्र स्वास्थ्य मंत्री को भेजे गए। फार्मासिस्टों अपनी मांगों को पत्र के माध्यम से पूरा करने का अनुरोध किया है। संगठन द्वारा 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में नियुक्ति के लिए 10 दिवसीय कार्यक्रम चलाए जाने का निर्णय लिया गया। जिसमें प्रदेश के ढाई लाख फार्मासिस्ट पत्र और सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार तक अपनी बात पहुंचाएंगे। जिससे उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं सही हो और बेरोजगार फार्मासिस्ट को रोजगार के अवसर प्राप्त हो। इस बैठक में प्रभारी मो. अनस जिलाध्यक्ष, नवीन सिंह उपाध्यक्ष, सरफराज अहमद, जिलाध्यक्ष आईटी अस्मित रस्तोगी, परमेश वर्मा, अशोक वर्मा, सैय्यद हुसैन, विश्वनाथ यादव, जीवन, नीतीश वर्मा के साथ सैकड़ो की संख्या में फार्मेसिस्ट उपस्थित रहे।

# वर्तमान राजनीति में शरीफ लोगों का हिस्सा कम होते जा रहा है : वरुण गांधी

* सांसद वरुण गांधी अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर पहुचें

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट से सांसद वरुण गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे के दौरान मंगलवार को ललौरीखेड़ा ब्लॉक में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। ब्लॉक के ग्राम भानपुर, हंडा, तेजनगर-मेहताब नगर, गौनेरी बदी, गौनेरी दान, गौनेरा, सूरजपुर शिवनगर, खुंडारा, चांददांडी, नूरपुर व ग्राम शाही में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीति में शरीफ लोगों का हिस्सा कम होते जा रहा है। जो लोग राजनीति में आ रहे हैं उनकी सोंच कहीं न कहीं स्वार्थी है। वह सोंचते हैं कि उनका फायदा हो और फायदा तुरंत हो जाए। राजनीति में क्रांति का प्रचलन कम होता जा रहा है। आज कोई बड़ी सोंच लेकर राजनीति में नहीं जाना चाहता। कहा कि वह सेवा के लिए राजनीति में आए हैं। उन्होंने कहा कि जितना वरुण गांधी बेबाकी से बोला, उसके पीछे एक कारण था कि देश का भला हो, उत्तर प्रदेश व किसान का भला हो। आज भी जब आप थाने, तहसीलदार या अन्य किसी अधिकारी से मिलने जाते हैं तो वहां भले ही अफसर आपके बेटे की उम्र का हो, आपको अपनी बात दबी जुबां से करनी पड़ती है। आपके हमारे पूर्वजों ने अंग्रेजों से लड़ाई इसलिए लड़ी थी कि हिंदुस्तानियों को दबना न पड़े। आज के समय में कोई आम व्यक्ति लोन लेने जाए तो मुश्किल से दो चार लाख का मिलता है। लोन अदा करने में देर हो जाती है तो कुर्की, जेल भेजने की धमकी दी जाती है। बड़े-बड़े लोगों के दस दस हजार करोड़ के लोन पता नहीं कहां से आ रहे। दिल्ली बंबई के लड़कों को रोजगार मिल रहा लेकिन ललौरीखेड़ा वालों या अन्य क्षेत्रवासियों को नहीं मिलता। पैसे वाला तेजी से आगे बढ़ रहा है, गरीब जरुरतमंद पिछड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप लोग किन्हीं कारण वश जो बात नहीं कह पाते हैं, आपकी आवाज बनकर वरुण गांधी उन्हीं मुद्दों को उठाता रहा है, ताकि आपके बच्चों को आगे दबना न पड़े। जनसंवाद कार्यक्रमों के बाद उन्होंने लोगों की समसाएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को उनके निस्तारण के लिए जरूरी निर्देश भी दिए। सांसद का जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया और उनके जिंदाबाद के नारे भी लगाए। सुबह में सांसद वरुण गांधी ने शंकर सॉल्वेंट पर जनसमसाएं सुनी और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उसके बाद वह शहर में अपने खास समर्थक व भीम सिंह चौहान की पत्नी तथा अपने करीबी कार्यकर्ता शाहबुद्दीन खां के पिता व शाही के पूर्व प्रधान डॉ बच्चन का निधन हो जाने पर उनके घर गए और शोकाकुल परिवार से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त की और ढांढस बंधाया।

कार्यक्रमों में प्रमुखरूप से सांसद सचिव कमलकांत, प्रभारी विवेक चौहान, प्रतिनिधि अमित गंगवार, अभिषेक पांडेय, राधे गंगवार, लवकुश, सूरज शुक्ला, छेदालाल गंगवार, निर्दोष गंगवार, गुड्डू गंगवार, बंटी मिश्रा, रुपेश गंगवार, राजेश गंगवार, नन्हेंलाल,सतेंद्र वर्मा, बबलू गंगवार, बालकराम वर्मा, जगदीश लोधी, सुमित गंगवार, सतीश गुप्ता, सुमित मिश्रा, दीपक पांडेय, मोहसिन, शब्बू आदि मौजूद रहे।

# 10 दिवसीय सट्टा प्रदर्शन मेला का निरिक्षण जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने किया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



सरकारी गन्ना विकास समिति पूरनपुर मे 10 दिवसीय सट्टा प्रदर्शन मेला का निरिक्षण खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा किया गया। उपस्थित किसानो को बताया गया कि वह 30 सितम्बर तक समिति की ऑनलाइन सदस्यता हेतु आवेदन अवश्य कर दें। जिन किसानो ने पहली बार गन्ना बोया है, और वह समिति के वैधानिक सदस्य नहीं है वह चीनी मिल को गन्ने की आपूर्ति हेतु समिति की सदस्यता अवश्य ले लें। अब तक 7136 किसानो ने समिति सदस्यता हेतु ऑनलाइन आवेदन किया है। सबसे अधिक 3749 सदस्यो ने पीलीभीत समिति मे आवेदन किया है। 1678 किसानो ने बीसलपुर, 1419 किसानो ने पूरनपुर एवं 290 किसानो ने मझोला समिति की सदस्यता हेतु आवेदन किया है। इन सभी किसानो के अभिलेखों का परिक्षण करने के बाद समिति के द्वारा 14 अंको का यू. जी. सी. कोड जारी किया जायेगा। इसके पश्चात यह किसान अपनी चीनी मिलो को गन्ने की आपूर्ति कर पाएंगे। उपस्थित किसानो को यह भी बताया गया कि जिन किसानो की उपज जनपद की औसत उपज से अधिक है वह किसान अपने सर्किल के गन्ना पर्वेक्षक अथवा समिति से उपज बढ़ोत्तरी की रसीद अवश्य कटवा ले, ताकि उनको क्रॉप कटिंग के आधार पर उपज बढ़ोतरी का लाभ मिल सके स जनपद पीलीभीत की औसत उपज 830 कुं प्रति हे. है जबकि यहाँ के कुछ किसानो की उत्पादकता 2000 कुं प्रति हे से भी अधिक है ऐसे किसानो को उपज बढ़ोत्तरी मे लाभ मिलेगा। इन दिनों जनपद की सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत, पूरनपुर, बीसलपुर एवं मझोला मे सट्टा प्रदर्शन मेला चल रहा है। किसान भाई समिति मे जाकर अपने सर्वे सट्टा से सम्बंधित शिकायत को लिखित रूप मे दे दें। पूरे जनपद मे अब तक 4239 किसानो ने अपनी आपत्तियाँ दर्ज करायी है जिसमे से 2195 शिकायतो का ऑनलाइन निस्तारण किया जा चुका है। शेष आपत्तियों का निस्तारण गन्ना पर्वेक्षको द्वारा स्थलीय सत्यापन के पश्चात किया जायेगा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नहर का बंधा टूटने से मची अफरा-तफरी



जन एक्सप्रेस/जौनपुर। सुईथाकला ब्लाक क्षेत्र के बांसूपुर फाटक के पास नहर का बंधा टूटने से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। जहां लोगों का आवागमन बाधित हुआ वहीं किसानों को अपने फसल की चिंता सताते देखी गई। सूचना के बावजूद सिंचाई विभाग के लोग मौके की सुधि लेना उचित नहीं समझा। बता दें कि क्षेत्र के बांसूपुर फाटक के पास अढ़नपुर मार्ग की तरफ मंगलवार सुबह शारदा सहायक खंड 36का बंधा टूट गया। जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि बंधा टूटने के बाद नहर का पानी बगल से गुजरी सेंवई नदी के माध्यम से किसानों की मेहनत को बचा ली, लेकिन बंधे की मजबूती और अपनी फसलों को लेकर लोगों को चिंता सताते देखी गई। फिर भी उस मार्ग से अढ़नपुर, कटका व डेहरी आदि गांवों के राहगीरों का आवागमन फिलहाल बाधित हो गया है। आरोप है कि सूचना के बावजूद भी सिंचाई विभाग का कोई भी जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा। उनके इस रवैये से लोगों में आक्रोश का भाव दिखाई दिया। खबर लिखे जाने तक संबंधित विभाग के द्वारा कोई भी कदम उस दिशा में नहीं उठाया गया था।

### जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग कार्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण मचा हड़कंप



जन एक्सप्रेस/जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के द्वारा सिचाई विभाग कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। ई0सी0 प्रथम अरविन्द कुमार सिंह से सेवा पुस्तिका के सम्बन्ध में जानकारी ली, उन्होने पाया कि ए0इ0 अभिषेक श्रीवास्तव एवं एक्सईएन सिचाई विपीन कुमार की सेवा पुस्तिका अपडेट नही है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जल्द से जल्द उक्त कार्य पूर्ण करें। कर्मचारियों की एनपीएस पुस्तिका भी अपडेट नही मिली जिस पर वरिष्ठ सहायक अनुपमा यादव को निर्देश दिया कि शीघ्र अतिशीघ्र कार्य को पूर्ण कराये। उन्होने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया कि कार्यालय में फाइलों का रख रखाव सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए। कार्यालय में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने एक्सईएन सिचाई विपीन कुमार को निर्देश दिया कि कार्यालय के ऐसे रिकार्ड ,अभिलेख जिनकी अवधि समाप्त हो गयी है उनको नियमानुसार निष्प्रयोज्य कराए।

### चोरों के निशाने पर चल रहे सरकारी स्कूल



जन एक्सप्रेस/बीसलपुर। कोतवाली क्षेत्र के सरकारी स्कूल इस समय चोरों के निशाने पर चल रहे हैं पिछले माह से लेकर अब तक लगभग आधा दर्जन से अधिक स्कूलों को चोर अपना निशाना बना चुके हैं लेकिन अभी तक किसी भी चोरी का खुलासा नहीं किया गया है। स्कूलों में चोरी की घटनाओं को रोकना दियोरिया पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। अभी तक किसी भी चोरी का खुलासा पुलिस नहीं कर पाई है। बीती रात फिर अज्ञात चोरों ने कंपोजिट विद्यालय खरदहाई में रसोई घर का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, दो भगौना, दो किलो सरसों का तेल लेकर फरार हो गए। सुबह स्कूल पहुंचे इंचार्ज अध्यापक अशोक शर्मा ने जब रसोई घर का ताला टूटा हुआ देखा तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। इंचार्ज अध्यापक ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को देकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा ने बताया कि वह अभी बाहर हैं। कंपोजिट विद्यालय खरदहाई में चोरी की तहरीर के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

# बाघ के हमले में किसान की मौत, जंगल के अंदर मिला अधखाया शव

* ग्रामीणों ने जंगल में शोर शराबा कर बाघ से छुडाया शव
* गुस्साए ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ किया हंगामा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत







पूरनपुर। धान के खेत में घास काट रहे किसान पर जंगल से निकले बाघ ने पीछे से हमला कर दिया। बाघ किसान को जंगल के अंदर खींच ले गया। पड़ोस में ही घास काट रहे अन्य दो साथियों ने बमुश्किल भाग कर जान बचाई।घटना की जानकारी से खलबली मच गई।दो घंटे चली खोजबीन के बाद जंगल के अंदर से शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना मंगलवार दोपहर 12 बजे महोफ रेंज से सटे गांव मथना जसी की है। मधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव जमुनिया खास निवासी तोताराम (45) पुत्र मैकूलाल गांव के ही राम बहादुर व एक अन्य के साथ पशुओं के लिए घास काटने गए हुए थे। तोताराम महोफ रेंज के जंगल से सटे धान के खेत में घास काटने लगा अन्य दो साथी भी पड़ोस में ही घास काटने लगे। इसी दौरान जंगल के किनारे झाड़ियां में घात लगाए बैठे बाघ ने तोताराम पर पीछे से हमला कर दिया। बाघ किसान को जबड़े में दबाकर जंगल के 200 मीटर अंदर खींच ले गया। जंगल के अंदर बाघ ने किसान को निवाला बना लिया। पड़ोस में ही घास काट रहे साथियों ने बमुश्किल भाग कर जान बचाई। घटना की जानकारी स्वजनों को लगते ही खलबली मच गई। वन विभाग की टीम के साथ आस पड़ोस के सैकड़ो ग्रामीण लाठी डंडे लेकर मौके पर जुट गए। दो घंटे जंगल के अंदर खोजबीन के बाद किसान का अधखाया शव पड़ा मिला।किसान का शव मिलने से स्वजनो में चीत्कार मच गया। घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ हंगामा शुरू कर दिया। घटना की जानकारी पर सामाजिक वानिकी प्रभागीय निदेशक संजीव कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी दिलीप कुमार तिवारी ,माला वन क्षेत्राधिकार रोबिन कुमार मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित ग्रामीणों की वन विभाग से तीखी झड़प हुई। मृतक किसान के स्वजन मुआवजे की मांग पर एड गए। स्वजनों का कहना था कि 10 लाख का मुआवजा मिलने के बाद ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों द्वारा शीघ्र मुआवजा दिलाए जाने के आश्वासन पर स्वजन पोस्टमार्टम को तैयार हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तोताराम के चार बेटे व चार बेटियां हैं। तोताराम की मौत से पत्नी सुशीला को दो बेटियों के हांथ पीले करने की चिंता सताने लगी है।

### गुस्साए ग्रामीण बोले नहीं पकड़ा गया बाघ तो खुद संभालेंगे मोर्चा

ताबड़तोड़ रिहायशी इलाके में बाघ हमले की घटनाओं से ग्रामीण परेशान। डेढ़ माह में बाघ जंगल से निकलकर खेतों में कम कर रहे चार किसानों को हमला कर मौत के घाट उतार चुका है। मंगलवार दोपहर बाघ हमले की घटना को से किसानों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। आक्रोशित ग्रामीणों की वन विभाग से तीखी जड़प हुई। ग्रामीणों का कहना था कि वन विभाग शीघ्र बाघ को नहीं पकड़वाता है तो ग्रामीण खुद मोर्चा संभालने के लिए मजबूर होंगे।

> "जंगल के पास घास काट रहे किसान की बाघ हमले से मौत हुई है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। स्वजनों को शीघ्र ही मुआवजा दिलाया जाएगा। घटनाओं की रोकथाम के लिए माला व महोफ रेंज में 25 किमी. तार फेंसिंग का प्रस्ताव है। पीटीआर की ओर से शीघ्र तार फेंसिंग का कार्य शुरू किया जाएगा।
> -संजीव कुमार, प्रभागीय निदेशक

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से सम्बन्धित जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक हुई सम्पन्न



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से सम्बन्धित जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि विकासखण्ड वार लक्ष्य निर्धारित कर उपलब्ध कराया जाये तथा सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत उन्हीं आवेदन पत्रों को शामिल किया जाये जिसमें वर की उम्र 21 एवं वधू की 18 वर्ष से कम न हो तथा जांच के दौरान ग्राम प्रधान/ जनप्रतिनिधियों/ क्षेत्र पंचायत सदस्यों का भी सहयोग लिया जाये तथा विवाह में दिये जाने वाले सामान की गुणवत्ता सही होनी चाहिए एवं मार्केट रेट से अधिक न हो, इसका ध्यान रखा जाये तथा गलत आवेदन पत्र को पात्रता की श्रेणी में स्वीकृत किये जाने पर दोषी जांच अधिकारी के विरूद्व कठोर कार्यवाही की जायेगी। आवेदन पत्रों को विकासखण्ड स्तर पर आवेदनकर्ता के साथ साथ अन्य लोगों से भी शादी की तिथि एवं अन्य जांच विन्दुओं की पुष्टि करा ली जाये तथा नियमानुसार जाति, आय प्रमाण पत्र का भी परीक्षण कराना सुनिश्चित किया जाये। ऑनलाइन अद्यतन 60 आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन किये जा चुके है, जिसके जांच की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, समस्त खण्ड विकास अधिकारी/ प्रतिनिधि, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचाय/ प्रतिनिधि, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

# निजी खर्च से पानी निकास की व्यवस्था कर रहे ग्रामीण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



पूरनपुर। गांव में कई दिनों से जल भराव की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की लेकिन अधिकारियों ने संज्ञान में नहीं लिया, वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में पानी निकास नहीं है जिसको लेकर ग्राम प्रधान के द्वारा सिर्फ खानापूर्ति की है जिससे परेशान लोगों ने प्रशासन से कई बार शिकायत भी की उसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका जिससे ग्रामीणों के द्वारा चंदा और महिला के जेवर गिरवी रखकर पानी निकास को लेकर पाइप लाइन डलवा रहे हैं आरोपी ग्राम प्रधान उस कार्य में भी बांधा डाल रहा है जिसको लेकर क्षेत्रीय ग्रामीण में रोष है। प्रधान के द्वारा सरकार के द्वारा दी जाने वाली ग्राम निधि में विकास कार्य के नाम पर थाना पूर्ति कर सरकारी धन को ठिकाने लगाने का कार्य कर रहे हैं जिसको लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। विकास खण्ड पूरनपुर के गांव शेरपुर मकरंदपुर में ग्रामीणों का आरोप है गांव में विकास कार्य के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। गांव में पानी निकास नहीं है इसको लेकर ग्राम प्रधान ने सिर्फ खानापूर्ति की इससे परेशान लोगों ने प्रशासन से शिकायत भी की उसके बाद भी समस्या का समाधान नही हुआ।अब ग्रामीणों के द्वारा चंदा और महिला के जेवर गिरवी रखकर पानी निकास को लेकर पाइप लाइन डलवा रहे है।आरोपी ग्राम प्रधान उसे कार्य में भी अड़ंगा लगा रहा है जिसको लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों में रोष है। सरकार के द्वारा दी जाने वाली ग्राम निधि मे विकास कार्य के नाम पर खानापूर्ति कर सरकारी धन को ठिकाने लगाने का कार्य कर रहे ग्राम प्रधान। जिससे ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।

### तीन किलो मीटर साइकिल रैस में फरदीन ने पाया पहला स्थान

पूरनपुर। तीन किलो मीटर गंगा साइकिल रन का हुआ आयोजन, उप प्रभागीय वनाधिकारी ने झंडी दिखाकर साइकिल रैली को किया रवाना। पूरनपुर में उच्च अधिकारियों के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जिला गंगा समिति पीलीभीत के द्वारा गंगा साइकिल रन का आयोजन किया गया। जिसमें उप प्रभागीय वनाधिकारी पीलीभीत अंजनी कुमार श्रीवास्तव के द्वारा झंडी दिखाकर साइकिलों को रवाना किया गया। पूरनपुर कलीनगर मार्ग पर तीन किलो मीटर दूरी का आयोजन हुआ। जिसमें प्रथम स्थान मोहम्मद फरदीन पब्लिक इंटर कालेज छात्र, द्वितीय स्थान पर अरुण कुमार पब्लिक इंटर कॉलेज छात्र, चौथे स्थान पर रघुवीर चौहान पब्लिक इंटर कॉलेज, पांचवे स्थान पर रहे नदीम अजहरी मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी रही मौजूद।

# दो घरों का ताला तोड़कर पांच लाख की चोरी

* चोरों पर बरसठी पुलिस का नहीं है भय, जनता त्रस्त

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



बरसठी,थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों में सोमवार की रात चोरों ने दो बन्द घरों से करीब 5 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गये। चोरी की जानकारी सुबह होने पर पुलिस को सूचना दी गयी, मौके पर पहुँची पुलिस जांच कर वापस चली आयी।आये दिन हो रही चोरी से क्षेत्र में दहशत है और चोरों पर पुलिस का भय नही है। महमूदपुर गांव में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए 4 कमरों का ताला तोड़कर नगदी समेत करीब दो लाख के आभूषण व पीतल के बर्तन कपड़ा सहित चार लाख की सामान चोरी कर ले गये। चोरी की सूचना रिस्तेदारों ने पुलिस को दी लगातार दूसरे दिन चोरी से क्षेत्र के लोग दहशत में है। इन दिनों क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटना व आये दिन हो रही चोरी की घटना से लोग दहशत में है।पुलिस चोरी की घटना रोकने में नाकाम साबित हो गई है। महमूदपुर गांव के लालजी शुक्ला अपने परिजनों के साथ मुंबई में रहते है घर पर कोई नही था। चोर ताला तोड़कर घर के अंदर घुस गये। लालजी शुक्ला के दामाद विनोद दुबे ने बताया कि चार घरों का ताला काट कर बहुओ का रखा दो तोले की सोने की चैन, झाला, चांदी का नारियल थाली और 16 पीतल का थार के साथ कीमती कपड़े पाँच हजार नगद उठा ले गये। पाँच पेटी तीन आलमारी के साथ सभी सामान बिफरा पड़ा था।मौके पर पहुची 112 पुलिस जांच कर वापस चली गई। वही दूसरे गांव मंगरा में पुलिस के घर चोरों ने निशाना बनाते हुए करीब एक लाख का सामान चोरी कर ले गये।यह भी घर बन्द पड़ा था।गांव के शैलेश प्रजापति उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही पद पर तैनात है।घर पर उसकी मां रहती थी कुछ दिन पहले उसे शैलेश अपने साथ लेकर चला गया।चोर साड़ी की रस्सी बनाकर छत कर सहारे घर मे घुसे थे। इस संबंध में एसओ ने बताया कि जानकारी मिली है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। बरसठी क्षेत्र में इन दिनों लगातार चोरी हो रही है लेकिन पुलिस उसे रोकने में नाकाम साबित हो रही है।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आधी रात चलाई तबादला एक्सप्रेस कईयों की कुर्सी गई तो कईयों का रुतबा बढ़ा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अजयपाल शर्मा ने सोमवार की आधी रात जिला पुलिस प्रशासन में फिर बड़ा फेरबदल किया। दो थाना प्रभारियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। इस फेरबदल में छह थानों पर नये प्रभारी तैनात किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के आदेश के अनुपालन के क्रम में डायल यूपी-112 में तैनात महिला उप निरीक्षक प्रियंका सिंह को सुरेरी थाने की कमान सौंपी गई है। जलालपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक राम सरीख गौतम व गौराबादशाहपुर के थानाध्यक्ष एसआइ रमेश कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। कामकाज संतोषजनक व शासन की मंशा के अनुरूप न होने के कारण दोनों पर गाज गिरी है। नेवढ़िया के थाना प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार मिश्र अब गौराबादशाहपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक तैनात किए गए हैं। खेतासराय थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार यादव को जलालपुर, थानाध्यक्ष सुरेरी एसआइ अश्विनी कुमार दुबे को नेवढ़िया का थानाध्यक्ष बनाया गया है। रामपुर के थानाध्यक्ष एसआइ चंदन कुमार राय को खेतासराय का थानाध्यक्ष तैनात किया गया है। सरपतहां के थानाध्यक्ष एसआइ विक्रम लक्ष्मण सिंह को थानाध्यक्ष रामपुर बनाया गया है। क्राइम ब्रांच विवेचना सेल में तैनात विनोद कुमार सिंह को सरपतहां का थानाध्यक्ष तैनात किया गया है। पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत निरीक्षक विनीत कुमार राय को एसओजी प्रभारी बनाया गया है।

### पुलिस अधीक्षक थाने का किया आकस्मिक निरीक्षण*

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श अजय पाल शर्मा द्वारा मंगलवार करीब चंदवक थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुपालन में जानकारी देते हुए पी,आर,बी पर विशेष जोर दिया, अन्य कड़ियों में पुराने लंबित केसों का निस्तारण अपराधियों पर अंकुश जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत पर बल दिया, और संबंधित को निर्देश दिए।

# प्रधानाध्यापक पर तालाबंदी का आरोप लगा वीडियो वायरल

* बीईओ और अभिभावकों के दबाव पर खुला विद्यालय का ताला

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



मंगलवार को एक वायरल वीडियो में एक विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर विद्यालय में तालाबंदी कर पढ़ाई बाधित करने का आरोप लगाया गया है। जिसकी जानकारी होने पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के अभिभावकों और बीईओ राजेश कुमार वैश्य मौके पर पहुंचे। दोनों लोगों के भारी दबाव के बाद विद्यालय में पठन पाठन चल सका। तब तक विद्यालय में पठन पाठन पूर्णतया बाधित रहा। वायरल वीडियो क्षेत्र के इन्दिरा पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूढूपुर सुईथाकला का बताया जा रहा है। जिसमें कथित तौर पर मंगलवार को बच्चों द्वारा प्रधानाध्यापक रोहित सिंह यादव पर विद्यालय में ताला जड़ने का आरोप लगाया गया है। जिसकी जानकारी होने पर विद्यालय पर अभिभावकों का जमावड़ा लग गया।इस दौरान बच्चों और अभिभावकों ने जमकर बवाल काटा। कुछ ही समय में क्षेत्र के बीईओ राजेश कुमार वैश्य भी मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है कि अभिभावकों और बीईओ के दबाव के चलते विद्यालय का ताला खुलने के बाद पठन पाठन का कार्य चल सका।तब तक विद्यालय में पठन पाठन कार्य बाधित रहा।सूत्रों की मानें तो उक्त विद्यालय नियुक्ति और प्रबन्ध तन्त्र को लेकर हाई कोर्ट से लेकर विभाग तक उलझा हुआ है। ऐसे में आए दिन किसी न किसी बात को लेकर उक्त विद्यालय अखाड़ा बना रहता है। ऐसे हालात में उक्त विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य को लेकर अभिभावक चिन्तित दिखाई पड़ रहे हैं।

# चहुं ओर मची है गणपति बप्पा की धूम, विसर्जन यात्राओं का क्रम जारी

- आजाद मित्र मंडल की विसर्जन यात्रा की झांकियां रही आकर्षण का केंद्र
- बप्पा को विदाई देते भक्त, यात्रा में शामिल झांकियां

जन एक्सप्रेस । उन्नाव





गणेश महोत्सव के चलते चारों ओर गणपति बप्पा की धूम मची है। कुछ स्थानों पर जहां पांडलो में विराजमान विघ्नहर्ता की महिमा का यशगान चल रहा है तो वहीं अपनी अपनी मान्यता के अनुसार बप्पा की विदाई का भी क्रम जारी है। ढोल नगाड़ों और डीजे की धुनों पर थिरकते भक्तों की टोलियां विसर्जन यात्राएं निकाल रही हैं। इसी कड़ी में आजाद मित्र मंडल द्वारा बीघापुर के टेढ़ा में आयोजित गणेश पूजा की मंगलवार आठवें दिन विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकली गई। इससे पूर्व कमेटी के सदस्यों द्वारा हवन पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगो ने भंडारे का प्रसाद चखा। विसर्जन यात्रा जी एस जागरण कमेटी के द्वारा निकाली गई राधा कृष्ण नृत्य, शिव तांडव, फूलो की होली, शिव पार्वती नृत्य आदि की झाकियां ग्रामीणों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी। आजाद मित्र मण्डल के सदस्यों व भक्तों ने मिलकर गौरी पुत्र गणेश की महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ -साथ ढ़ोल नगड़ो पर झूमते हुए आतिशबाजी के बीच गुलाल उड़ाते हुए गणपति बप्पा का विसर्जन। बप्पा की विदाई मे प्रमुख रूप से मनोज कुमार, राजू पूर्व प्रधान, राम कुमार प्रधान, विनोद बाबू, सोनी मिश्रा, सर्वेश कुमार अध्यक्ष, राकेश शुक्ला, दीपक रायबरेली, अरविन्द कुमार, सुनील तिवारी, बुद्ध प्रकाश, मो. रियाज, प्रशांत पटेल, अमन पटेल, शिवम साहू, सज्जन लाल, जीतेन्द्र, भोरे शुक्ल, धर्मेन्द्र गौतम, रम्पू शर्मा, दिनेश, छेदी नारद, संगीता, पूजा आदि सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सामिल हुए।

## 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर के बीच पालिका के सभी वार्डों में चलेगा विशेष साफ सफाई अभियान

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज, उन्नाव

अक्टूबर माह में शासन के निर्देश पर संचारी रोग अभियान चलाया जायेगा। जिसको लेकर मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। जहां पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, ईओ मुकेश कुमार मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चन्द्र यादव, पीएचसी प्रभारी डॉ0 एस एस सिंह मौजूद रहे। जहां पालिकाध्यक्ष ने बताया कि अभियान को देखते हुये 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर के बीच पालिका के सभी वार्डों में विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जायेगा। संचारी रोग एवं दस्तक अभियान चलाया जायेगा। जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि लोगों को साफ सफाई के साथ बीमारी से बचाव के तरीके अपनाने के लिए जागरूक करें। अभियान में 28 वार्डों में साफ सफाई का ध्यान रखा जायेगा। इसके साथ ही वार्ड में नाली सफाई और फॉगिंग कराई जायेगी। खुली नालियों पर पत्थर रखवाये जायेंगे। इस मौके पर सभासदों के अलावा पालिका कर्मी मौजूद रहे।

शिवराजपुर मे दो थानेदार तैनात तब भी क्राइम का ग्राफ बढ़ा

## सीएचसी प्रभारी से गाली गलौज के मामले ने पकड़ा तूल, स्वास्थ्य कर्मियों ने की हड़ताल



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के पांच थानों में तैनात हर दरोगा अपने आप को हर मामले में थानेदार और खुद को कानून से ऊपर समझता है लेकिन अपराध रोकने में नकारा साबित हुए हैं पूरे दिन पहले दोनों तरफ से प्रार्थना पत्र लिखवाते हैं फिर प्रार्थना पत्र के नाम पर क्या करते रहते हैं किसी को समझाने की जरूरत नहीं है। शिवराजपुर कस्बे में सोमवार को बहरमापुर गांव में दो पक्षों में जमकर विवाद में हो गया था। पुलिस ने दोनों तरफ से प्रार्थना पत्र लेकर लीपापोती करना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद भी कोई कठोर कदम नहीं उठाया उसी प्रकरण में नया मोड़ सामने आया है। मंगलवार को सीएचसी में मनचाही मेडिकल रिपोर्ट न बनाने पर शिवराजपुर सीएचसी प्रभारी डॉ. अनुज दीक्षित को फोन पर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज की गई। पुलिस की निष्क्रियता के कारण यह मामला किसी दिन बड़ी घटना को अंजाम दिला सकता है। सीएचसी प्रभारी अनुज दीक्षित ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की बहरमापुर गांव में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडों से विवाद हुआ था जहा कई लोगों के ऊपर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी थी झगड़े में घायल दीपक पाल अपना मेडिकल रिपोर्ट बनवाने के लिए सीएचसी पहुंचा था हालत को देखते हुए मेडिकल रिपोर्ट तैयार कर पुलिस को सौप दी थी मंगलवार को सीएचसी प्रभारी डॉ अनुज दीक्षित को दीपक पाल के भाई रवि पाल ने फोन पर गाली गलौज मिलने लगी थी जहा स्टाफ के सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर काम को बंद कर दिया था स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है जब तक दीपक पाल व रवि पाल की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक कार्य नही किया जायेगा उधर पुलिस तहरीर लेकर जांच में जुट गई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अपात्र को दे दिया प्रधानमंत्री आवास, अब होगी रिकवरी

**ग्रामीण की शिकायत पर बीडीओ की जांच में सामने आई सच्चाई**

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में अपात्र को लाभान्वित करने की शिकायत पर हुई जांच में मामला सही पाया गया। जिस पर बीडीओ ने आवास के लिए दी गई 1.20 लाख की धनराशि के रिकवरी के आदेश दिए हैं। सुमेरपुर ब्लाक के ग्राम नैकामऊ में रेखा पत्नी महेश को आवास योजना का पात्र बता कर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास दिया गया था। गांव के रहने वाले दयाशंकर ने 26 अगस्त को जनसुनवाई के माध्यम आवास में गड़बड़ी किए जाने की शिकायत की थी। खंड विकास अधिकारी सुमेरपुर की जांच में रेखा अपात्र पाई गई। जिन्हें आवास के निर्माण के लिए दी गई 1.20 लाख की किस्त जारी की जा चुकी है। उसने आवास का निर्माण भी शुरू करा दिया है। जांच में अपात्रता उजागर होने पर खंड विकास अधिकारी सुमेरपुर ने अपात्र लाभार्थी से धनराशि की एकमुस्त रिकवरी के आदेश दिए गए हैं। बीडीओ संध्या रानी ने बताया कि अपात्र पाए जाने वाले लाभार्थी से रिकवरी के साथ ही उसे पात्रता सूची में दर्ज करवाने वाले जिम्मेदारों पर भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### रोक के बावजूद मंदिर की भूमि पर हो रहा अवैध निर्माण

**ग्राम प्रधान ने थाने में शिकायत कर रुकवाने की करी मांग**

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** बीघापुर विकासखंड के गांव बेहटा गोपी में एक व्यक्ति मंदिर परिसर की जमीन पर अवैध रूप से मकान का निर्माण करा रहा था। शिकायत पर राजस्व अमले ने निर्माण पर रोक लगा दी। लेखपाल और पुलिस के जाते ही उसने पुनः काम शुरू करा दिया। मामले को लेकर ग्राम प्रधान ने एक बार फिर थाना पुलिस से निर्माण रुकवाने की मांग की है। ग्राम पंचायत बेहटा गोपी के प्रधान उमाशंकर कुशवाहा ने गत शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि गांव के ही नेकराम कुशवाहा द्वारा राजस्व अभिलेखों में दर्ज मंदिर परिसर की जमीन में जबरन कमरे का निर्माण कर रहा है।शिकायत पर लेखपाल व पुलिस ने मौके पर आकर नापजोख की जिसमें निर्माण किए जा रहे कमरे सहित पूर्व में बना मकान भी अवैध रूप से मंदिर की जमीन में होना पाया था। अवैध निर्माण मिलने पर लेखपाल ने निर्माण पर रोक दिया दिया था। परंतु पुलिस व लेखपाल के जाने के बाद फिर उसने निर्माण शुरू कर दिया है। ग्राम प्रधान ने थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देकर अवैध निर्माण रुकवाने की मांग की है।

### सदिग्ध हालात में वृद्ध की मौत, जहर देने की जताई आशंका

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** अजगैन कोतवाली के महतवानी गांव में बीती रात वृद्ध की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। परिजनों ने जहर देने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के महतवानी गांव निवासी विजय शंकर शुक्ल (60) पुत्र स्व. राम अवतार फेरी लगाकर कपड़े बेच कर अपने परिवार का पोषण करता था। बताते हैं कि बीती 25 सितम्बर को वह अजगैन के गोकुलखेड़ा गांव निवासी सहदेव के घर उधार दिये पैसे लेने गया था। वहां से वह वापस बीती देर शाम घर आया था। घर पहुंचते ही थोड़ी देर के बाद उसके उल्टी चालू हो गई। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर नवाबगंज स्वास्थ केन्द्र आये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इस मामले में कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि परिजनों ने जहर दिये जाने का अंदेशा जाहिर की है। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया।

### नाबालिग से रेप करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर मंगलवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया। जहां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के वांछित युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है। क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली कक्षा नौ की छात्रा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर



देते हुये बताया कि उसके भाई के दोस्त अचलगंज बंथर निवासी अतुल गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता ने पाचं हजार रूपये देने के लिये बुलाया था। जिसके बाद उसे बाइक में बैठाकर जंगलों में ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। मंगलवार को अपराध निरीक्षक विनोद कुमार, दरोगा रामऔतर हमराहियों के साथ गश्त पर थे, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गंगाघाट पुल के पास से पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग की मौत

**जन एक्सप्रेस/नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली के महतवानी गांव में बीती रात अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने जहर से मौत होने की तहरीर कोतवाली पर दिया है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के महतवानी गांव निवासी विजय शंकर शुक्ल पुत्र राम अवतार 60 वर्ष गावो में फेरी लगाकर कपड़े बेच कर अपने परिवार का पोषण करता था। बताते हैं कि बीती 25 सितम्बर को वह अजगैन के गोकुलखेड़ा गांव निवासी सहदेव के घर उधार दिये पैसे लेने गया था। वहां से वह वापस बीती देर शाम घर आया था। घर पहुंचते ही थोड़ी देर के बाद उसके उल्टी चालू हो गई। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर नवाबगंज स्वास्थ केन्द्र आये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि परिजनों ने जहर दिये जाने का अंदेशा जाहिर किया है। शव को पीएम के लिये भेजा गया।

### पति समेत ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का मुक़दमा

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** लखनऊ के बंथरा थाना के राम चौरा गांव निवासी राजेश रावत पुत्र स्वर्गीय मुन्नीलाल ने गंगा घाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनकी बेटी की शादी गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के रजवा खेड़ा निवासी धर्मेंद्र के साथ हुई थी। शादी के बाद से ससुराली जन उससे दो लाख की दहेज की मांग करने लगे रुपए न देने पर बेटी को पति धर्मेंद्र व सास सावित्री ने गला दबाकर मार दिया। जिसके बाद फांसी पर लटका दिया। 18 सितंबर की सुबह उसका शव कमरे में लटका मिला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पति धर्मेंद्र व सास सावित्री के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

## गिट्टी लदे ट्रेलर ने बाइक में मारी टक्कर, दो की मौत, तीसरा घायल

- नौटंकी देख कर लौट रहे थे तीनों बाइक सवार
- मौरावां थाना क्षेत्र के बछरावां मार्ग पर देर रात दो बजे हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव





मौरावां थाना क्षेत्र में बीती रात नौटंकी देख कर लौट रहे बाइक सवार को अनियंत्रित गिट्टी लदे ट्रेलर ने टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हुआ। हादसे के बाद चालक ट्रेलर छोड़ कर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टर ने दो मृत घोषित कर दिया। तीसरे का उपचार चल रहा है। हादसे की जानकारी घर वालों तक पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौरावां थाना क्षेत्र के गांव रामकिशन खेड़ा निवासी रामबाबू उर्फ लाला लोधी (30) गांव के ही साथी राजेंद्र प्रसाद लोधी के बेटे अमरलाल (18) और श्यामू (30) के साथ एक बाइक पर सोमवार देर शाम रायबरेली जिले के गांव मैनाहार कटरा में चल रही नौटंकी देखने गए थे। रात करीब दो बजे नौटंकी देखकर तीनों हिलौली में चल रही दूसरी नौटंकी देखने जा रहे थे। बछरावां-मौरावां मार्ग पर मटेहना गांव की मोड़ के पास तेज रफ्तार गिट्टी लगे ट्रेलर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में रामबाबू और अमरलाल की मौत हो गई, जबकि श्यामू को मामूली चोटें आईं। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने हादसा देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आनन फानन में तीनों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टर ने रामबाबू और अमरलाल को मृत घोषित कर दिया। आंशिक रूप से घायल श्यामू हो हादसे के सूचना पर पहुंचे परिजन प्राथमिक उपचार के बाद घर लेकर चले गए। एसओ भवन सिंह मौर्य ने बताया कि ट्रेलर को कब्जे में लिया गया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। हादसे का शिकार हुए रामबाबू और अमरलाल मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते थे। पति रामबाबू की मौत से पत्नी फूलकुमारी मां नन्हका सहित अन्य परिजन बेहाल हैं। दो बच्चों में शिवा (9) और अंशिका (2) साल की है। मृतक अमरलाल पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर जा था। वह अविवाहित और मजदूरी कर आजीविका कमाता था।

## एसडीएम के निरीक्षण में दो महिला चिकित्सकों समेत कुल चार कर्मी अनुपस्थित

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**नवाबगंज।** कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मंगलवार को एसडीएम हसनगंज ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला चिकित्सकों समेत कुल 4 स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित पाये गये। एसडीएम ने कार्यवाही हेतु जिसकी रिपोर्ट सीएमओ को प्रेषित की। नवाबगंज कस्बे के राजमार्ग स्थित स्वास्थ्य केन्द्र पर मंगलवार सुबह अचानक उपजिलाधिकारी हसनगंज नवीन चंद्र पहुंचे। जिससे स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। डॉ अरुण कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे उपजिलाधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। जिसमें उन्हें दो महिला चिकित्सक डॉ रुचि त्रिपाठी व डॉ गरिमा तिवारी समेत अनिल कुमार एवं सीमा दुबे कुल 4 स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित मिले कर्मियों पर कार्यवाही की बात कह एसडीएम स्वास्थ्य केंद्र से रवाना हो गये। इस सम्बंध में एसडीएम नवीन चंद्र ने बताया कि निरीक्षण की रिपोर्ट बनाकर कार्यवाही हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी उन्नाव को प्रेषित की गई है।

## बैठे बिठाए गुडवर्क का श्रेय लूटने के मूड में अचलगंज पुलिस

- लूट की रिपोर्ट दर्ज पर पकड़े गए लुटेरे का जिक्र नहीं
- महिला ने हिम्मत दिखाते हुए पकड़ा था एक लुटेरा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जान जोखिम में डाल महिला द्वारा एक लुटेरे को बेचने के मामले में भी अचलगंज पुलिस ने खेल कर दिया। लूट की रिपोर्ट तो दर्ज कर ली लेकिन उसमें पकड़े गए लुटेरे का कोई जिक्र नहीं किया गया है। बता दें कि बीघापुर कोतवाली क्षेत्र निवासी सरोजनी सोमवार को अचलगंज थाना क्षेत्र स्थित अपने मायके सुब्बाखेडा जा रही थी। गांव से पहले उसे बाइक सवार तीन बदमाशों ने जेवर व नगदी लूट ली थी। झुमकी नोचने का प्रयास कर रहे एक लुटेरे के गमछे से सरोजनी ने उसे दबोच लिया। उसके शोर मचाने पर दो लुटेरे भाग निकले जबकि एक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस ने लूट का मुकदमा तो लिख लिया लेकिन उसमे महिला द्वारा पकड़े गए लुटेरे कही जिक्र तक नहीं किया। जबकि आधा सैकड़ा ग्रामीणों की भीड़ के सामने उक्त लुटेरे को पुलिस के हवाले किया गया जो अभी भी थाने में पुलिस हिरासत में बैठा है। शोसल मीडिया पर वायरल वीडियो में लूट की शिकार सरोजनी को स्पष्ट शब्दों में यह कहते हुए सुना जा सकता है कि उसने एक लुटेरे को स्वयं पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है। जिसकी पुष्टि थाने आये ग्रामीणों ने भी की थी। सरोजनी ने बताया कि उसने पहले एक तहरीर लिख कर दी थी लेकिन पुलिस ने उसमे कमियां बता कर थाने के अंदर ही दूसरी तहरीर लिखवा कर उसमें उसके दस्तखत करवा लिए थे। जिससे साफ है कि बैठे बिठाए मिले लुटेरे के जरिए उसके साथियों को दबोच कर गुडवर्क का श्रेय लूटने का मंसूबा बना चुकी है।

## हनुमान मंदिरों में विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज, उन्नाव

नगर व ग्रामीण क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ ही भव्य श्रंगार कराया गया। जहां देर रात तक सुंदरकांड का पाठ का आयोजन हुआ। वहीं नारदानंद ऋषि आश्रम में बाबा का भव्य श्रंगार कराने के साथ ही उन्हें चोला चढ़ाया गया। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जहां आने जाने वाले लोगों नें भंडारे का प्रसाद चखा। वहीं धोबिन पुलिया स्थित पंचवटी हनुमान मंदिर में बाबा का भव्य श्रंगार कराने के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर पूर्व प्रधान रामनारायण यादव, गौरव बाजपेई, कुलदीप यादव, दीपेन्द्र अवस्थी, प्रमोद कुमार सक्सेना, राम, मयंक, कपिल यादव आदि मौजूद रहे। इसके अलावा पोनी रोड संकट मोचन मंदिर में बाबा का भव्य श्रंगार हुआ। इस मौके पर सोनू सैनी, अर्जुन साहू, विशाल गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, विकास, अरविंद चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

## बुढ़वा मंगल मेले में पुलिस की सक्रियता से बिछड़े छोटे बच्चे मिले अपनों से



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कमिश्नरेट पुलिस थाना पनकी ने खोया पाया केंद्र के माध्यम से अपने माता-पिता के साथ घूमने आए कई छोटे बच्चों को खो जाने के बाद उन्हें ढूंढ कर अपने परिवार व माता पिता से मिलाया है। बच्चों के मिलने की खुशी से परिजनों ने ली राहत की सांस चेहरे पर आई मुस्कुराहट खोया पाया केंद्र के प्रभारी सब इंस्पेक्टर अवनीश पटेल को धन्यवाद कहा।मेले में पुलिस के द्वारा खोया पाया केंद्र बनाया गया जिसकी सक्रियता के चलते मेला में आए लोगों के लिए भरोसे का केंद्र बन गया, जहां पर कई छोटे बिछड़े बच्चों को उनके परिजनों को मिलने के लिए उपनिरीक्षक कुलदीप चौहान द्वारा बच्चों को पुलिस कर्मी के साथ अपनी गोद में लेकर घुमाया जाता रहा।जहां गुमशुदा बच्चों की तलाश में लोग देखकर उन्हें अपना बेटा या बेटी बताकर परिचय देकर उनको सौपा गया।कांस्टेबल कन्हैया के द्वारा कई बच्चों को मेले में लेकर पहचान हेतु घूम कर उनके परिजनों को पहचान कर उन्हें खोया पाया केंद्र में आकर लिखा पढ़ी के साथ सौपा गया खोया पाया केंद्र के माध्यम से अन्य प्रकार की जानकारी कोअनाउंस किया गया जिसके माध्यम से मेले की व्यवस्था चाक चौबंद रही। खोया पाया केंद्र में प्रमुख रूप से प्रभारी अवनीश कुमार पटेल हेड कांस्टेबल ललित यादव, मुकेश कुमार, विवेक यादव ,हेड कांस्टेबल रामनरेश, जितेंद्र पाल महिला कांस्टेबल जानकी, कौशिकी उपस्थित रहे।

### रूद्राभिषेक के बाद जादू का मंचन

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** श्री गणेश नवयुवक सेवा समिति की ओर से भातू फार्म में बप्पा की महाआरती की गई। जिसके बाद रूद्राभिषेक और काला जादू दिखाया गया। वहीं श्री सिद्धि विनायक गणपति मंडल साकेतपुरी की ओर से पंडाल में गजानन की आरती के बाद श्याम महोत्सव का आयोजन हुआ। जहां पूरी रात श्याम भक्त झूमते रहे। इसके अलावा चंपापुरवा में शिव पार्क, बाबा मंदिर, गणेश मंदिर, वहीं राम नगर, श्री नगर, गांधी नगर, रुपन नगर, आजाद नगर, कंचन नगर, गांधी नगर, अहमद नगर, रहमत नगर समेत नगर में विभिन्न स्थानों पर गणेश महोत्सव की धूम मची हुई है। वहीं दूसरी ओर तमाम स्थानों से गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन यात्रा निकाली जा रही है।

## पनकी के हनुमान मंदिर में 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर







बुढ़वा मंगल को पूरे भारतवर्ष में संकट मोचन हनुमान जी की आराधना के लिए श्रेष्ठ माना गया है। शहर के सभी छोटे-बड़े हनुमान मंदिरों में भक्तों द्वारा अनेक अनेक प्रकार से हनुमान जी की आराधना कर पूजा अर्चना की गई। कहीं सुंदरकांड तो कहीं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। आपको बताते चलें कि बुढ़वा मंगल को महाभारत काल से निरंतर महापर्व के रूप में मनाया जा रहा है। वेदों पुराणों में वह हिंदू धर्म में महाबली हनुमान जी को चिरंजीवी माना गया है। ऐसी मान्यता है की संकट मोचन हनुमान जी हर युग में पृथ्वी लोक पर मौजूद रहे हैं। और जब कभी भी उनका कोई भक्त संकट में होता है और उन्हें सच्चे हृदय से याद करता है तो वह उसे बचाने के लिए दौड़े चले आते हैं। वैसे तो पवन पुत्र की आराधना के लिए मंगलवार व शनिवार का दिन श्रेष्ठ माना गया है। एक मान्यता के अनुसार महाभारत काल में भीम को अपनी अपारशक्ति पर घमंड आ गया था। और अहंकार संकट मोचन हनुमान जी का आहार माना गया है। इसीलिए भीम के घमंड को तोड़ने के लिए रुद्र अवतार प्रभु हनुमान ने खुद को एक बूढ़े वानर के रूप में ढालकर जमीन पर लेट और अपनी पूंछ महाबली भीम के रास्ते में डालकर उनके घमंड को चकनाचूर कर दिया था। बाद में इस दिन को बुढ़वा मंगल के रूप में माना जाने लगा। एक मान्यता के अनुसार आज ही के दिन पवन पुत्र हनुमान जी की पहली बार मुलाकात भगवान श्री राम से हुई थी तभी से इस दिन को बुढ़वा मंगल के रूप में मानते हैं। बुढ़वा मंगल के रूप पावन पर्व कानपुर शहर के 3000 से अधिक हनुमान मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना शुरू हो गई थी साथ ही साथ कई जगह भंडारों का भी आयोजन किया।

### बुढ़वा मंगल को लेकर कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने किया पुख्ता इंतजाम

बुढ़वा मंगल के पावन पर्व पर पनकी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी पर प्रकार की तकलीफ ना हो जिसको लेकर कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने एक दिन पूर्वी पनकी मंदिर के चारों ओर सुरक्षा घेरा तैयार कर लिया गया था। बुढ़वा मंगल से एक दिन पूर्व कानपुर पुलिस कमिश्नर डॉक्टर रामकृष्ण स्वर्णकार ने पनकी मंदिर का जायजा लेते हुए 6000 पुलिस कर्मियों की तैनाती की थी साथ ही साथ घुड़सवार, सीसीटीवी व 10 ड्रोन कैमरा की मदद से पूरे मेला परिसर की निगरानी की जा रही थी। मेला परिसर में गुमशुदा लोगों के लिए खोया पाया केंद्र भी बनाया गया था। मेला परिसर के चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात था।

## दिल्ली में 22 देशों के आर्मी चीफ की कॉन्फ्रेंस

# हम वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने को भी प्रतिबद्ध : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में 13वां हिंद-प्रशांत सेना प्रमुख सम्मेलन आईपीएससी आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन आज और कल यानी 27 सितंबर तक होगा। पहले दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसमें भाग लिया। उन्होंने कहा कि हिंद-प्रशांत एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक क्षेत्र के रूप में विकसित हुआ है। यह क्षेत्र सीमा विवाद और समुद्री डकैती जैसी जटिल सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है।

### पीएम मोदी ने दिया मंत्र

उन्होंने कहा कि सभी सदस्य देशों द्वारा जी-20 नई दिल्ली के नेताओं की घोषणा को स्वीकार करना एक बड़ी सफलता थी। पीएम मोदी ने हिंद-प्रशांत के लिए एक मंत्र दिया जो आपसी सम्मान, संवाद, सहयोग, शांति, समृद्धि पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र का महत्व केवल समुद्री व्यापार या संचार की लाइनों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसके व्यापक राजनीतिक, सुरक्षा और राजनयिक आयाम भी हैं।

### जलवायु परिवर्तन संबंधी चिंताओं को उचित महत्व मिले

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस दौरान कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र के छोटे देशों की जलवायु परिवर्तन संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को उचित महत्व मिलना चाहिए।

### अनुकूल बुनियादी ढांचे की मांग

राजनाथ सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बदलते मौसम का आर्थिक प्रभाव पर्यावरण के अनुकूल बुनियादी ढांचे की मांग पैदा करता है। हमारे सभी साझेदार देशों की मजबूरियों और दृष्टिकोणों को समझने के साथ-साथ विशेषज्ञता और संसाधनों को साझा करने की आवश्यकता है।

### वैश्विक चुनौतियों का समाधान

उन्होंने कहा कि मित्र देशों के साथ मजबूत सैन्य साझेदारी बनाने की दिशा में भारत के प्रयास न केवल अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं, बल्कि हम सभी के सामने आने वाली महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए भी हैं। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा साझा सुरक्षा और समृद्धि के लिए स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के पक्ष में खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि पुराने समय से हमारी संस्कृति की आधारशिला नेबरहुड फर्स्ट रहा है।

## प्रशांत क्षेत्र में कुछ चुनौतियां, हम शांति से समाधान के पक्ष में : थल सेना प्रमुख मनोज पांडे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



इंडो-पैसिफिक चीफ की मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ, जिसमें सेना प्रमुख जनरल पांडे ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने क्षेत्र में चीन की आक्रामक सैन्य ताकत पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच कहा कि हिंद-प्रशांत के लिए भारत का दृष्टिकोण सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर जोर देता है। इंडो-पैसिफिक सेनाओं के प्रमुखों को संबोधित करते हुए कहा कि हाल के वर्षों में इंडो-पैसिफिक निर्माण समकालीन भू-रणनीतिक परिसर में केंद्रीय स्थान पर आ गया है। इसका महत्व आज की दुनिया की राजनीतिक सुरक्षा, आर्थिक और पर्यावरणीय क्षेत्रों में उभरती गतिशीलता का प्रतिबिंब है। जनरल पांडे ने यह भी कहा कि क्षेत्र में सभी हितधारकों को सकारात्मक रूप से शामिल करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता अटूट और स्थायी रही है। उन्होंने कहा, कि इंडो-पैसिफिक के लिए भारत का दृष्टिकोण विवादों के शांतिपूर्ण समाधान, बल प्रयोग से बचने और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के पालन पर जोर देता है। सेना प्रमुख ने कहा कि हालांकि विभिन्न देशों के प्रयास मुक्त इंडो-पैसिफिक की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, फिर भी हम अंतरराज्यीय विवादों और प्रतिस्पर्धाओं की अभिव्यक्ति देख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिन चुनौतियों का हम सामना कर रहे हैं वे सीमाओं से परे हैं और उनके प्रति हमारी प्रतिक्रिया को इसमें शामिल किया जाना चाहिए।

### भारत-प्रशांत क्षेत्र में बनाए रखना है शांति

उन्होंने आगे कहा कि यह सभा विशेष रूप से क्षेत्र में भूमि बलों (सेना, नौसैनिकों आदि) के लिए सबसे बड़ा सम्मेलन है। इन बैठकों का उद्देश्य आपसी समझ, संवाद और मित्रता के माध्यम से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना है। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय शांति के लिए एक साथ भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखना है। सेना प्रमुख जनरल मौज पांडे ने अपने उद्घाटन भाषण में दो दिवसीय सम्मेलन के एजेंडे के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के आयोजन का विषय शांति के लिए एक साथ इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखना एक सुरक्षित, स्थिर, स्वतंत्र, खुले और समावेशी इंडो-पैसिफिक के विचार से गहराई से मेल खाता है, जो सभी राष्ट्रों के लिए विकास के अवसर प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि हम शांति बनाए रखने, स्थिरता को बढ़ावा देने, सैन्य कूटनीति, आत्मनिर्भरता की आवश्यकता, सैन्य में सहयोग जैसे विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। जिन चुनौतियों का हम सामना कर रहे हैं वे महत्वपूर्ण हैं, लेकिन हमारी सामूहिक बुद्धि और ताकत भी जरूरी है।

### ये है हमारा लक्ष्य

इंडो-पैसिफिक के महत्व पर जोर देते हुए जनरल पांडे ने कहा कि यह क्षेत्र केवल राष्ट्रों का एक समूह नहीं है, बल्कि यह अन्योन्याश्रितताओं का एक जाल है। हमारा लक्ष्य विश्वास कायम करना और सहयोग को मजबूती प्रदान करना है। जनरल पांडे ने कहा कि हम इस संगोष्ठी से जो परिणाम प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं, उनमें कई प्रमुख मुद्दे शामिल हैं। सैन्य सहयोग के लिए एक साझा दृष्टिकोण विकसित करना, सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना है। जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों और समुदायों की सराहना करना और तालमेल बिठाना। एचएडीआर प्रतिक्रिया के प्रति हमारा दृष्टिकोण, सैन्य आदान-प्रदान प्रयासों को बढ़ाना, रक्षा कूटनीति की पहल को आगे बढ़ाना, खुले और निरंतर संवाद के महत्व को मजबूत करनाइ्र।

## आज संयुक्त राष्ट्र में कनाडा को मुंहतोड़ जवाब दे सकते हैं एस जयशंकर, दुनिया की लगी निगाहें



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर बुधवार को संयुक्त राष्ट्र आमसभा को संबोधित करेंगे। माना जा रहा है कि एस जयशंकर संयुक्त राष्ट्र में अपने संबोधन में कनाडा के आरोपों पर जवाब दे सकते हैं। इस पर सभी की निगाहें लगी हुई हैं। बता दें कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बीते दिनों कनाडा की संसद में दिए एक बयान में आरोप लगाया था कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत का हाथ हो सकता है। इस पर भारत सरकार ने कनाडा से कानूनी सबूत पेश करने को कहा था लेकिन अभी तक कनाडा ने भारत को कोई सबूत नहीं दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस तरह से कनाडाई पीएम ने संसद में खड़े होकर भारत पर गंभीर आरोप लगाए। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि जयशंकर भी संयुक्त राष्ट्र के मंच से अपने अंदाज में कनाडा को जवाब दे सकते हैं। आरोपों के बाद कनाडा पर भी दबाव है कि वह अपने आरोपों के संबंध में पुख्ता सबूत पेश करे। कनाडा में विपक्षी पार्टियां भी ऐसी मांग कर रही हैं। इससे पीएम ट्रूडो दबाव में हैं। भारत ने साफ कहा है कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में उसका कोई हाथ नहीं है और भारत ने कानूनी प्रक्रिया में सहयोग की भी बात कही है लेकिन बिना किसी तथ्य के लगाए गए आरोपों को भारत ने खारिज कर दिया।

### अमेरिकी विदेश मंत्री से भी मुलाकात करेंगे एस जयशंकर

संयुक्त राष्ट्र में एस जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से भी मुलाकात करेंगे। साथ ही वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस से भी मिलेंगे। संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करने के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर वॉशिंगटन डीसी जाएंगे और वहां कई अहम द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। इन बैठकों में कनाडा को लेकर बातचीत हो सकती है। विदेश मंत्री, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन और अमेरिका के थिंक टैंक के साथ मुलाकात करेंगे। भारत कनाडा के बीच जारी विवाद के बीच जयशंकर का यह अमेरिकी दौरा अहम माना जा रहा है। बता दें कि अमेरिकी सरकार ने कनाडा के आरोपों पर भारत से जांच में सहयोग देने की अपील की थी। हालांकि बाद में अमेरिका ने भारत-कनाडा विवाद पर कोई बयान नहीं दिया है, जिससे माना जा रहा है कि अमेरिका, भारत की अहमियत को देखते हुए दोनों देशों के विवाद में नहीं पड़ना चाहता।

## केंद्र का दावा, आधार दुनिया की सबसे भरोसेमंद डिजिटल आईडी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत सरकार ने ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस की रिपोर्ट को खारिज करते हुए आधार कार्ड को दुनिया का सबसे भरोसेमंद डिजिटल पहचान पत्र बताया है। मूडीज इन्वेस्टर्स ने 21 सितंबर को जारी की गई अपनी रिपोर्ट में आधार से जुड़ी लोगों की सुरक्षा और गोपनीयता पर चिंता जाहिर की थी। रिपोर्ट में मनरेगा योजना का संदर्भ देते हुए कहा गया कि भारत के गर्म और उमस भरे क्लाइमेट में आधार के बायोमेट्रिक सिस्टम पर भरोसा नहीं किया जा सकता। कभी-कभी यह सही तरीके से काम नहीं करता। जिससे मजदूरों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने सोमवार 25 सितंबर को प्रेस रिलीज जारी किया और मूडीज के दावे को आधारहीन बताया।

## लापता दो स्टूडेंट्स की हत्या

**मुख्यमंत्री ऑफिस के सूत्रों ने बताया, जो भी दोषी हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल

मणिपुर में जुलाई से लापता दो स्टूडेंट्स की हत्या कर दी गई है। इन दोनों के शवों की फोटो सामने आई है। इसमें दोनों छात्रों की बॉडी जमीन पर गिरी हुई नजर आ रही है। जिसमें लड़के का सिर कटा हुआ है। हालांकि, दोनों छात्रों के शव अभी तक नहीं मिले हैं। जुलाई में दोनों छात्र एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा में दिखाई दिए थे, लेकिन उसके बाद से उनका पता नहीं चल सका। मुख्यमंत्री ऑफिस के सूत्रों ने बताया, जो भी दोषी हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सरकार ने लोगों से अपील की है कि मामले में संयम बरतें और जांच एजेंसियों को अपना काम करने दें।

### दो तस्वीरें सामने आई हैं...

**पहली तस्वीर-** इसमें दो छात्र 17 साल की हिजाम लिनथोइंगंबी और 20 साल का फिजाम हेमजीत बैठे हुए नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में छात्रा एक सफेद टी-शर्ट में है, जबकि हेमजीत चेक शर्ट में है और बैकपैक पकड़े हुए है। उनके पीछे दो बंदूकधारी आदमी साफ नजर आ रहे हैं।

**दूसरी तस्वीर-** इस तस्वीर में झाड़ियों के बीच दोनों छात्रों के शव पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि यह तस्वीर मणिपुर के किस इलाके की है। पुलिस और जांच एजेंसी शव ढूंढने की कोशिश कर रही है। राज्य सरकार ने कहा कि यह मामला सामने आने के बाद तुरंत सीबीआई को सौंप दिया गया है।

## दिल्ली में सनसनीखेज वारदात : जंगपुरा के ज्वेलरी शोरूम से चोरों ने दीवार काटकर 25 करोड़ के जेवरात किए चोरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




देश की राजधानी दिल्ली में अब तक सबसे बड़ी चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पॉश इलाके जंगपुरा में स्थित उमराव सिंह ज्वेलर्स के शोरूम में चोरों ने सेंध लगाकर वारदात को अंजाम दे दिया। चोरों ने दीवार काटकर करीब 25 करोड़ रुपये के सोने व डायमंड के जेवरात चोरी कर लिए। दिल्ली में अब तक की सबसे बड़ी चोरी होने से दिल्ली पुलिस समेत तमाम सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि चोर स्ट्रांग रूम की दीवार काटकर अंदर घुसे थे और वहां रखी सारी ज्वेलरी ले गए। निजामुद्दीन थाना पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जंगपुरा में उमराव सिंह ज्वेलर्स शोरूम है। शोरूम के मालिक महावीर प्रसाद जैन ने बताया कि वह रविवार को देर शाम को शोरूम ठीक से बंद करके गए थे। जंगपुरा मार्केट सोमवार को बंद रहती है। वह मंगलवार सुबह शोरूम पर पहुंचे तो देखा कि शोरूम का दरवाजा खुला हुआ था। पूरा शोरूम खाली पड़ा था। चोरों ने शोरूम के सीसीटीवी कैमरे भी खराब कर दिए। पुलिस शोरूम के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। उन्होंने बताया कि वह रविवार को दुकान बंद करके गए थे और मंगलवार की सुबह जब दुकान खोली तो उन्हें पूरी दुकान में धूल दिखाई दी। पता लगाने पर पता चला कि चोरों ने स्ट्रांग रूम की दीवार को तोड़कर उसमें घुसे थे। मालिक का कहना है कि करीब 20-25 करोड़ की ज्वेलरी चोरी हुई है। इसमें 5-7 लाख रुपये नकद भी बताए जा रहे हैं। शोरूम के सभी कर्मचारी मंगलवार सुबह ड्यूटी पर आए थे। बताया जा रहा है कि चोर छत का ताला तोड़कर स्ट्रांग रूम तक पहुंचे थे।

## करनाल में मंगलवार को मनाया कार फ्री डे, सीएम मनोहर कार छोड़कर बुलेट से गए एयरपोर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

करनाल में अपने एक दिन प्रवास के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल मंगलवार को चंडीगढ़ के लिए रवाना हुए। इस दौरान सीएम ने सुबह की शुरुआत कार फ्री डे मनाते हुए की। वे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से नेवल स्थित एयरपोर्ट तक बुलेट से गए। इस दौरान सीएम के सभी सुरक्षाकर्मी और अन्य नेताओं ने भी बाइक की सवारी करते नजर आए। विदित हो कि सितंबर माह की शुरुआत में करनाल से साइक्लोथान के आगाज पर मुख्यमंत्री ने हर मंगलवार को कार फ्री डे मनाने की घोषणा की थी। इसी कड़ी में स्वयं मंगलवार को कार छोड़कर कार फ्री डे मनाते हुए नजर आए। सीएम ने कहा कि शहरों में ट्रैफिक को कम करने और भीड़भाड़ को खत्म करने के लिए हमें ऐसे छोटे-छोटे प्रयास शुरू करने होंगे।

## दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामला : बी कविता को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत, 20 नवंबर तक ईडी नहीं करेगी पूछताछ



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह बीआरएस नेता बी कविता को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में 20 नवंबर तक पूछताछ के लिए नहीं बुलाएंगे। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट बी कविता की याचिका पर 20 नवंबर को सुनवाई करेगा। ऐसे में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा बी कविता की याचिका पर सुनवाई तक पूछताछ नहीं करने का फैसला किया है। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धुलिया की पीठ के सामने ईडी की तरफ से पेश हुए एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने यह आश्वासन दिया। बी कविता ने अपनी याचिका में ईडी द्वारा पूछताछ के लिए जारी किए गए समन को चुनौती दी है।


### बीआरएस नेता ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की थी याचिका

बता दें कि बी कविता ने अपनी याचिका में धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 50 के तहत ईडी को नोटिस या समन के जरिए उन्हें बुलाने से रोकने की मांग की है। पीएमएलए कानून की धारा 50 समन जारी करने, दस्तावेज पेश करने, साक्ष्य देने आदि मामले में अधिकारियों की शक्तियों से संबंधित है। बी कविता ने याचिका में कहा है कि दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले की एफआईआर में उनका नाम नहीं है, साथ ही उन्हें जारी किया गया समन सीआरपीसी की धारा 160 का उल्लंघन है, जिसमें किसी महिला को, जिस जगह वो रहती है, उससे अलग जगह पर गवाह के रूप में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। बी कविता ने ये भी कहा कि दिन छिपने के बाद किसी महिला को उसके घर के अलावा किसी अन्य जगह पूछताछ नहीं की जा सकती।

### क्या है दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामला

दिल्ली में पिछले साल लागू की गई आबकारी नीति की सीबीआई द्वारा जांच की जा रही है। आरोप है कि आबकारी नीति 2021-22 बनाने और उसे लागू करने में लापरवाही बरती गई। इस दौरान नियमों की अनदेखी हुई और नीति के क्रियान्वयन में गंभीर चूक हुई। आरोपों में निविदा को अंतिम रूप देने में अनियमितताएं और चुनिंदा विक्रेताओं को टेंडर के बाद अनुचित लाभ देना भी शामिल है। दिल्ली सरकार पर आरोप है कि सरकार ने शराब विक्रेताओं की लाइसेंस फीस माफ की, जिससे सरकारी खजाने को 144 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। दिल्ली के तत्कालीन आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया पर प्रावधानों की अनदेखी का आरोप है। मनीष सिसोदिया फिलहाल जेल में बंद हैं।

# टैंक से ट्रैक्टर पर आई पाकिस्तानी सेना, आर्थिक बदहाली से छुटकारा दिलाने को कब्जाई 10 लाख एकड़ जमीन



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पाकिस्तान बुरे आर्थिक हालातों से गुजर रहा है। यहां के लोग हर छोटी से छोटी सुविधा के लिए जूझ रहे हैं। महीनों से चली आ रही आर्थिक बदहाली को दूर करने के लिए पाकिस्तानी सेना ने कमर कस ली है। इसके लिए उसने देश में 10 लाख एकड़ से अधिक कृषि भूमि पर कब्जा किया है। अब इसी जमीन पर पाकिस्तानी सेना खेती करने जा रही है। हालांकि, इस कदम ने देश में सेना की व्यापक उपस्थिति के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि नया खाद्य सुरक्षा अभियान नए साल की शुरुआत से शुरू किया जाएगा। यह काम नागरिक सैन्य निवेश निकाय के जरिए किया जाएगा। बता दें, योजना का उद्देश्य पट्टे पर राज्य की भूमि पर सेना द्वारा संचालित खेतों के माध्यम से फसल उत्पादन को बढ़ावा देना है। निक्केई एशिया ने लीक दस्तावेजों के हवाले से कहा कि अधिकांश भूमि चोलिस्तान रेगिस्तान में है जो पानी की कमी से ग्रस्त है। एक लाख एकड़ से अधिक जमीन आसपास के जिलों में है, जो सेना को दी जानी है।

### दिल्ली से करीब तीन गुना बड़ा क्षेत्र

योजना के मुताबिक, सेना पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 10 लाख एकड़ (405,000 हेक्टेयर) जमीन का अधिग्रहण करेगी। यह दिल्ली से लगभग तीन गुना बड़ा क्षेत्र है। इस योजना का समर्थन करने वालों का दावा है कि इससे फसल की बेहतर पैदावार होगी और पानी की बचत होगी। विदेशी मुद्रा भंडार में कमी और कमोडिटी की बढ़ती कीमतों के बीच पाकिस्तान को इसकी सख्त जरूरत है।

### 30 साल तक पट्टे

दस्तावेजों से पता चलता है कि सेना को गेहूं, कपास और गन्ना जैसी फसलों के साथ-साथ सब्जियां और फल उगाने के लिए 30 साल तक के पट्टे दिए जाएंगे।

### लीक दस्तावेजों से खुलासा

फसल बेचने से होने वाले लाभ का लगभग 20 प्रतिशत कृषि अनुसंधान और विकास के लिए रखा जाएगा। निक्केई एशिया ने लीक हुए सरकारी दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया कि बाकी को सेना और राज्य सरकार के बीच समान रूप से विभाजित किया जाएगा। हालांकि, इस योजना को चुनौतियों के साथ-साथ विभिन्न वर्गों से आलोचना का भी सामना करना पड़ रहा है।

### गरीबों को होगा नुकसान

कई लोगों ने चिंता जताई है कि सेना पहले से ही काफी शक्तिशाली है। ऐसे में वह खाद्य सुरक्षा अभियान से भारी मुनाफा कमा सकती है और इससे पाकिस्तान के करोड़ों ग्रामीण भूमिहीन गरीबों को नुकसान होगा। आलोचकों ने बताया कि यह नया कदम पाकिस्तान की सेना को देश की सबसे बड़ी भूमि मालिक के रूप में मजबूत कर सकता है। लोगों का कहना है कि सेना का काम बाहरी खतरों से रक्षा करना और अनुरोध किए जाने पर नागरिक सरकार की सहायता करना है।

### अधिकांश जमीन बंजर

इस बीच, पूर्व पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों द्वारा संचालित फौजी फाउंडेशन निवेश समूह के सदस्य फोंगरो ने चिंताओं को खारिज कर दिया है। फोंगरो के प्रबंधक के हवाले से कहा गया है कि आवंटित की जा रही अधिकांश जमीन बंजर है। इसलिए किसानों को किसी तरह के नुकसान होने का कोई सवाल नहीं उठता है। उन्होंने कहा कि इसके पीछे सिर्फ एक ही मकसद था कि रेगिस्तान में जमीन में खेती कैसे की जाए।

## भारत में टीबी रोधी दवाओं की कोई कमी नहीं स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, छह महीने का है स्टॉक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को दावा किया कि देश में टीबी रोधी दवाओं की कोई कमी नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि सभी दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और करीब छह महीने या उससे ज्यादा दिनों का स्टॉक मौजूद है। बता दें कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि देश में टीबी रोधी दवाओं की कमी है, साथ ही राष्ट्रीय टीबी निवारण कार्यक्रम के तहत दी जा रहीं इन दवाओं के असर पर भी सवाल खड़े किए गए थे। अब स्वास्थ्य मंत्रालय ने इन खबरों को गलत बताया और दावा किया कि देश में टीबी रोधी दवाओं की कोई कमी नहीं है। टीबी मरीजों को ड्रग सेंसेटिव इलाज में दो महीने के लिए चार दवाओं आइसोनियाजिड, रिफामपिसिन, एथामबुटोल और पिराजिनामाइड का कोर्स कराया जाता है। इसके बाद अगले दो महीनों तक तीन दवाओं आइसोनियाजिड, रिफामपिसिन और एथामबुटोल का कोर्स कराया जाता है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि ये सभी दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। टीबी के मल्टी ड्रग प्रतिरोधी इलाज में आमतौर पर चार महीने के लिए सात दवाएं बेडाक्विलिन, लीवोफ्लोक्सेसिन, क्लोफैजामाइन, आइसोनियाजिड, एथामबुटोल, पिराजिनामाइड और एथियोनामाइड शामिल हैं। इसके बाद अगले पांच महीनों तक चार दवाएं लीवोफ्लोक्सेसिन, क्लोफैजामाइन, पिराजिनामाइड और एथामबुटोल शामिल हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)